### कबाड़ी माजिद हत्याकांड का खुलासा, सोलन में भोला, शिमला में लंबू और आनी में पिल्लू नाम से रह रहा था शातिर

# चंद रुपए के लिए कर डाली यूपी के कबाड़ी की हत्या

**तेजपाल नेगी, सोलन**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पुलिस ने 11-12 जनवरी की दरमियानी रात को सोलन की सब्जी मंडी के पास हुई मूलतः यूपी के कबाड़ी की उसके ही ढारे में हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने इस हत्याकांड के एक मात्र आरोपी कुल्लू के आनी उपमंडल के निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। यह व्यक्ति हत्या के बाद शिमला के रामपुर बुशहर से लगते कुल्लू के ब्रा क्षेत्र में नाम बदल कर किराये का कमरा लेकर छिप गया था। सोलन पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने वीरवार को मीडिया के सामने इस हत्याकांड की गुत्थियों को सिलसिलेवार सुलझाया।

उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को टैंक रोड सोलन में किराये के कमरे में रहने वाली एक महिला ने सोलन के सदर थाने में सूचना दी कि उसका पति माजिद अली सोलन में सब्जी मंडी के नजदीक कबाड़ी का काम करता है। उसका वहीं पर एक ढारा है। 11 जनवरी की रात भी वह ढारे पर सोने के लिए गया था। देर रात तक वह अपने बच्चों व बीवी से मोबाइल पर बात करता रहा, लेकिन सुबह उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ आने लगा। इस पर वह स्वयं ढारे पर पहुंची तो माजिद बिस्तर पर सोया मिला। उसके चेहरे पर कपड़ा पड़ा था, जब उसने कपड़ा हटाया तो देखा कि माजिद का चेहरा खून से लथपथ था शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्रित हुए, लेकिन तब तक माजिद की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज करने के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेजा गया। अगले दिन माजिद की पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें उसकी हत्या की ओर इशारा किया गया था। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी। पुलिस को पता चला कि तीन चार दिन पहले माजिद ने भोला नामक एक व्यक्ति को अपने यहां काम पर रखा था, लेकिन उसके परिजन न तो भोला के बारे में ज्यादा जानकारी दे सके और न ही उसका मोबाइल नंबर बता सके। पुलिस को जानकारी मिली कि माजिद के पास उस रात 30-40 हजार रुपए थे, लेकिन सुबह उसके शव के पास से न तो रुपए मिले और न ही उसका मोबाइल फोन पुलिस को मिला। इसके बाद पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद भोला को शिमला के रामपुर बुशहर से लगते कुल्लू के ब्रा क्षेत्र से ढूंढ निकाला। पूछताछ में उसने माजिद की हत्या कुछ रुपए के लालच में करने की बात स्वीकार की है। हत्यारोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड मांगा गया है। (अनंत ज्ञान)

### ऐसे चढ़ा हत्यारोपी पुलिस के हाथ



**एसपी** गौरव सिंह ने हत्याकांड के खुलसे के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की थीं। मृतक की पिछले दिनों की रूट हिस्ट्री ट्रेस की गई और उनके संपर्क में आए सभी लोगों को भी ट्रेस किया गया। इसके साथ ही 25 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। संदिग्ध की फोटो ट्रेस करके इसकी मूवमेंट के बारे में जानकारी जुटाई गई। पता चला कि हत्यारोपी हत्या के बाद शिमला की ओर गया था, जिस पर पुलिस की एक टीम ने शिमला में डेरा डाल दिया। यहां पता चला कि आरोपी ने मृतक का मोबाइल फोन लेकर शिमला में किसी व्यक्ति को बेच दिया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस ने अंततः बुधवार को रामपुर बुशहर में सतलुज के दूसरी ओर कुल्लू के ब्रा इलाके में कमरा किराये पर लेकर रह रहे भोला को गिरफ्तार कर लिया।

### अनंत ज्ञान ने पहले ही शक जता दिया था भोला पर


कबाड़ी हत्याकांड : पुलिस को मिले सुराग, हाथ अभी खाली
यूपी के रहने वाले कबाड़ी की हत्या के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेंगे राज
अनंत ज्ञान फॉलोअप
भोला पर ठहरी जांच की सूई

**दैनिक** अनंत ज्ञान ने 14 जनवरी के अंक में माजिद हत्याकांड में भोला की संलिप्तता की ओर इशारा किया था। दरअसल भोला के बारे में माजिद के परिवार के पास कोई जानकारी नहीं थी, लेकिन उनकी पत्नी ने बताया था कि भोला रात के समय वहीं सोता था। फिर जिस सुबह माजिद का शव मिला भोला मौके से नदारद था। इसी से पुलिस के शक की सूई भोला पर जाकर ठहर गई।

### कुल्लू के निरमंड क्षेत्र के ब्रा गांव से पकड़ा गया शातिर आरोपी

**एसपी** गौरव सिंह के अनुसार हत्यारोपी का असली नाम रमेश कुमार है और मूल रूप से कुल्लू के आनी उपमंडल की लंबी सेरी गांव का रहने वाला है। 47 वर्षीय रमेश इतना शातिर है कि वह वारदात से पहले और बाद में अपना नाम बदल लेता था। उसने माजिद की हत्या के बाद अपनी दाढ़ी व मूंछे भी कटवा ली थी। सोलन में उसने अपना परिचय भोला नाम से दिया, जबकि शिमला में उसने अपना नाम पूर्व में लंबू रखा था। आनी क्षेत्र में वह पिल्लू नाम से जाना जाता है। वहीं, एसपी के अनुसार आरोपी पहले भी कई वारदातों में शामिल रहा है, उसके खिलाफ शिमला के बालूगंज और सदर थाने में दो मुकदमे स्नैचिंग व चोरी के दर्ज हैं। उधर, कुल्लू के थाना आनी में चोरी-सेंधमारी और शराब तस्करी के दो मुकदमे दर्ज हैं।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### ये थी पुलिस टीम

**पुलिस** टीम का नेतृत्व प्रशिक्षु आईपीएस अभिषेक ने किया। उनके साथ सदर थाने के प्रभारी हंसराज रौघटा, सिटी चौकी प्रभारी अभिषेक कौशल,डिटेक्शन सेल के ज्ञान चंद, हेड कांस्टेबल अनिल, कुलवंत, मनोज, दिनेश, पवन, कांस्टेबल बाल कृष्ण, अजय, पुनीत, जगदीश, दयानंद और रूपेंद्र ने पूरे मामले में जांच व कार्रवाई की।

### बंद घर से चोरों ने उड़ाए गहने व लैपटॉप

**सोलन।** धर्मपुर थानातरगत देवठी में रहने वाली एक महिला के बंद मकान के ताले तोड़कर चोरों ने सोने, चांदी के जेवरात व एक लैपटॉप चोरी कर लिया।



महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी है। एसपी सोलन गौरव सिंह के हवाले से दी गई जानकारी के अनुसार कुनिहार निवासी एक महिला ने पुलिस को लिखित शिकायत में बताया कि उसका क्वार्टर देवठी में है। बुधवार की प्रातः उनके पड़ोसी धर्मपाल ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उनके मकान के दरवाजे खुले हैं और उनके घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। इस पर महिला देवठी पहुंची और चोरी गए सामान की सूची बनाई। महिला के अनुसार उसके क्वार्टर में रखे सोने व चांदी के जेवरात तथा एक लैपटॉप चोर चुरा ले गए। जिनकी कुल कीमत लगभग अढ़ाई लाख रुपए थी। पुलिस ने इस मामले में शिकायत दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# तीन लोगों ने जमानती के फर्जी हस्ताक्षर कर लिया लाखों का ऋण

## फाइनांस कंपनी ने नोटिस भेजा तो हुआ खुलासा, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, अर्की**

सरयांज पंचायत के धारठ गांव निवासी एक व्यक्ति ने पीकेएफ फाइनांस व तीन अन्य लोगों पर उसके फर्जी तौर पर लोन लेने वालों का गारंटर बनाए जाने की शिकायत पुलिस से की है।




उसका आरोप है कि उसे जतानमी दर्शाने के लिए ऋण दस्तावेजों में उसके फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं और अब उसे 18 लाख 53 हजार 982 रुपए का नोटिस भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की शिकायत दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। जाकारी के अनुसार धारठ गांव निवासी नरेश कुमार ने अर्की पुलिस को दी गई शिकायत में कहा है कि गत दिनों उसे तजेंद्र पाल सिंह कालरा का नोटिस प्राप्त हुआ, जिसमें बताया गया कि उसने तीन लोगों की ऋण के मामले में गारंटी दी है। चूंकि अब ऋण लेने वाले ऋण चुका नहीं रहे हैं। इसलिए उसे 18 लाख 53 हजार 982 रुपए जमा करवाने होंगे। इस नोटिस के बाद जब उसने पीकेएफ फाइनेंस के बिलासपुर स्थित दफ्तर में जाकर पूछताछ की तो उसे बताया गया कि उसने बागा गांव निवासी हेमचंद ठाकुर, प्रकाश ठाकुर व सरला ठाकुर के ऋण लेते वक्त उनकी जमानत दी थी। उनका कहना है कि दस्तावेजों देखने पर उन्हें पता चला कि इन दस्तावेजों पर उनके फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं।

- **18 लाख 53 हजार 982 रुपए जमा करवाने का भेजा है नोटिस**
- **कंपनी और तीनों लोगों पर लगाए धोखाधड़ी के आरोप**

उनका आरोप है कि कंपनी और तीनों लोगों ने आपस में मिलकर सोची समझी साजिश के तहत उन्हें आर्थिक, मानसिक व सामाजिक हानि पहुंचाने के लिए दस्तावेजों में उनके फर्जी हस्ताक्षर किए। डीएसपी संदीप शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी गई है।

# चरस के साथ पकड़े गए दोषी को 12 वर्ष का कठोर कारावास, 1.20 लाख जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

विशेष न्यायाधीश मंडी की अदालत ने गुलाब सिंह पुत्र ज्वाला राम गांव बालगन डाकघर कथोग तहसील पधर मंडी निवासी को 2.078 किलोग्राम चरस रखने का अपराध सिद्ध होने पर 12 वर्ष के कठोर कारावास के साथ 1,20,000 रुपए के जुमनि की सजा सुनाई है। यदि दोषी जुर्माना अदा करने में विफल रहता है, तो अदालत ने दोषी को 14 महीने के अतिरिक्त साधारण कारावास को भुगतने की सजा सुनाई है।

जिला न्यायवादी मंडी विनोद भारद्वाज ने बताया कि 23 नवंबर 2020 को अन्वेषण अधिकारी मुख्य आरक्षी अजय कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ यातायात चेकिंग के लिए सरकारी स्कूल मिथुन के पास हिमरी गंगा स्थान पर आरोपी की तलाशी ली, तो उसके थैले में से 2.078 किलोग्राम चरस बरामद की गई थी, जिस पर गुलाब सिंह के खिलाफ पुलिस थाना पद्धर मंडी में दर्ज हुआ था। पकड़े जाने पर आरोपी ने अपना नाम और पता गुलाब सिंह पुत्र ज्वाला राम गांव बालगन डाकघर कथोग तहसील पद्धर मंडी बताया था।

मामले की प्रारंभिक जांच अन्वेषण अधिकारी मुख्य आरक्षी अजय कुमार और उसके उपरांत सहायक उपनिरीक्षक देश राज पुलिस थाना पद्धर ने अमल में लाई थी और छानबीन पूरी होने पर मामले का चालान थाना अधिकारी द्वारा अदालत में दायर किया था। इस मामले में सरकार की तरफ से पैरवी जिला न्यायवादी विनोद भारद्वाज द्वारा अमल में लाई गई और अभियोजन पक्ष ने अदालत में इस मामले से संबंधित 15 गवाहों के बयान कलमबद्ध करवाए थे।

# चिट्टा तस्करी मामले में आरोपियों को दस साल का कठोर कारावास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में विशेष न्यायाधीश राजेश चौहान ने चिट्टा तस्करी मामले में आरोपी कृष्ण, पूजा, सीमा और धर्मा को दोषी मानते हुए दस साल का कठोर कारावास और एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं, जुर्माने की राशि अदा न कर पाने की स्थिति में आरोपियों को तीन महीने की सामान्य सजा भी काटनी होगी।



मामला साल 2019 का है, जब शिमला सदर थाने की पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान स्थानीय बस अड्डे में शाम करीब पौने सात बजे गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों को धर दबोचा था। आरोपियों के पास से शिमला पुलिस ने मौके से 378 ग्राम चिट्टा बरामद किया था। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार करके, सदन थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। कोर्ट में पूरी सुनवाई के दौरान 38 गवाहों को सुना गया और इस दौरान सभी आरोपियों को दोषी मानते हुए दस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। गौरतलब है कि इससे पहले मंगलवार को भी विशेष न्यायाधीश भूपेश शर्मा की अदालत में चरस तस्करी मामले में आरोपी सुखदेव को दोषी करार देते हुए चार साल कठोर कारावास और 25 हजार जुर्माने की सजा सुनाई थी।

इसके साथ ही जुर्माने की राशि अदा न करने की स्थिति में आरोपी को तीन महीने की सामान्य जेल की सजा भी भुगतनी होगी। मामले में साल 2022 में सदर थाना के तहत कृष्णा नगर में रुटीन चेकिंग के दौरान लाल पानी बाइपास की तरफ से आ रहे व्यक्ति सुखराम ने पुलिस को देखते हुए डर कर कुछ पैकेट फेंक दिया। पुलिस ने जब शक के आधार पर फेंके हुए सामान की जांच की तो इस पैकेट से करीब 378 ग्राम चरस बरामद की गई। शिमला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया और आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां पर सुनवाई के दौरान 13 गवाहों के बयान के आधार पर अदालत ने आरोपी को चरस तस्करी मामले में दोषी करार देते हुए सुखराम को चार साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। आरोपी सुखराम सिरमौर जिला के ददाहू के के रहने वाला है।

### चूड़धार में मंदिर दर्शन के लिए न जाएं श्रद्धालु

**नाहन।** सिरमौर जिला के प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल चूड़धार की वर्तमान में यात्रा न करने के लिए प्रशासन ने अपील की है। प्रशासन द्वारा चूड़धार मंदिर के कपाट न खुलने तक श्रद्धालुओं और पर्यटकों को चूड़धार की यात्रा न करने का परामर्श दिया गया है। एसडीएम संगड़ाह सुनील कुमार ने बताया कि सर्दियों के मौसम में हिमपात व ठंड के कारण मंदिर मार्ग जोखिम व खतरे से भरे रहने की संभावनाओं के चलते चूड़धार मंदिर को दर्शन के लिए गत प्रथम दिसंबर 2023 से ही बंद रखा गया है और मंदिर के कपाट अप्रैल माह तक बंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा के संबंध में पूर्व में जारी आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है।

# तीसा-मंजीर मार्ग पर पिकअप दुर्घटनाग्रस्त, दो लोग गंभीर

**अनंत ज्ञान, तीसा**

तीसा-मंजीर मार्ग पर पिकअप दुर्घटना में उसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दुर्घटना स्थल आसपास के लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य करने सहित मामले की तुरंत सूचना नकरोड़ पुलिस चौकी को दी। सूचना मिलते ही नकरोड़ पुलिस दल ने मौके पर पहुंच स्थानीय लोगों की सहाता दोनों घायलों को खाई से निकाल नागरिक अस्पताल तीसा भर्ती करवाया गया।

जानकारी अनुसार तीसा से मंजीर की तरफ वापस जा रही पिकअप नंबर (एच पी 73-5948) दुर्घटना का शिकार हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि जब पिकअप जसौरगढ़ के जीरो प्वाइंट पर पहुंची तो चालक ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया और गाड़ी सड़क के साथ लगती गहरी खाई में जा गिरी। पिकअप वाहन गिरने की जोरदार आवाज से आसपास रह रहे लोग जाग गए व तुरंत दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। वहीं, पुलिस चौकी नकरोड़ व तीसा अस्पताल को दुर्घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस जवानों और स्थानीय लोगों ने मिलकर रात के अंधेरे में कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को गहरी खाई से निकाल तीसा अस्पताल पहुंचाया, जहां दो सवारों को गंभीर चोटें आने की चिकित्सक ने पुष्टि की। दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार व आगामी उपचार की आवश्यकता देखते हुए दोनों घायलों को चंबा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। पुलिस ने दुर्घटना का शिकार हुए घायलों की पहचान अनीश पुत्र सिराजदीन व चालक नावेद अली पुत्र रशीद गांव व डाक घर मंजीर के रूप में की है। मामले की पुष्टि रणजीत सिंह प्रभारी पुलिस थाना तीसा ने की है।

### ऊना में विवाहिता ने पंखे से लटक कर दी जान

**ऊना।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम पंचायत बरनोह में एक विवाहिता ने पंखे से लटक कर जान दे दी। विवाहिता अपने पीछे छह माह की बच्ची को छोड़ गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक बरनोह ग्राम पंचायत के वार्ड एक में 21 वर्षीय महक पत्नी सलमान खान ने वीरवार दोपहर अपने घर के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी, जिस समय यह घटना हुई उस समय वह अपने पति के साथ अकेली घर पर थी। करीब दो साल पहले ही उसकी सलमान से शादी हुई थी, जब घटना हुई उस समय सलमान के परिवार के अन्य सदस्य अस्पताल में उपचार के लिए गए हुए थे। बताया जा रहा है कि पति और पत्नी में किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी हुई थी। इसके बाद महक अपने कमरे में चली गई और कमरे की कुंडी लगा ली। उसके पति ने महक से कमरा खोलने के लिए कहा, लेकिन उसने उसकी बात नहीं मानी। सलमान ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि जब बार-बार आवाज देने पर उसकी पत्नी ने कमरा नहीं खोला तो उसने फोन कॉल करके पत्नी से संपर्क करना चाहा, लेकिन कोई जवाब न मिलने पर घर का दरवाजा तोड़ दिया। भीतर देखा तो महक पंखे से लटक रही थी। सलमान अपने पिता के साथ घर में ही पशुपालन डेयरी में हाथ बंटाता था। इसके बाद पंचायत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां महक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महक के मायके उड़ीसा में हैं, लेकिन उसकी एक बहन जो ऊना जिला के ही किसी स्थान पर रहती है, उसको भी मौके पर बुलाया गया है। पुलिस ने फिलहाल सभी पक्षों के बयान दर्ज कर लिए हैं।

# घुमारवीं में दर्जी की दुकान में लगी आग

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का सामान जलकर हुआ राख

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

बुधवार देर रात नगर परिषद घुमारवीं के तहत शहर में एक दर्जी की दुकान में अचानक आग लग गई, जिससे दुकानदार का लाखों रुपए का नुकसान हो गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार तहसील रोड पर स्थित एक प्रवासी दर्जी अब्बास अंसारी की दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई। दुकानदार ने बताया कि बुधवार रात को वह करीब 8:30 बजे दुकान बंद कर अपने घर को चला गया। रात करीब 11:30 बजे उसे किसी ने फोन पर सूचना दी कि उसकी दुकान के अंदर से धुआं निकल रहा है तथा बाहर लगाया गया बोर्ड भी जल रहा है। इसके बाद वह तुरंत दुकान पर पहुंचा तो देखा उनकी दुकान में आग लग गई है। दुकानदार के अनुसार उसके शोर मचाने पर आज पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे तथा लोगों ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब तक आग बुझाई गई तब तक दुकान के अंदर रखे लोगों के नए तथा सिलाई किए गए कपड़े पूरी तरह जल चुके थे। दुकानदार ने बताया कि उसके पास तीन शादियों के कपड़े सिलाई करने के ऑर्डर थे, जिनकी कीमत करीब एक से डेढ़ लाख रुपए थी। इसके अलावा दुकान में रखी तीन सिलाई मशीन, एक इंटरलॉक मशीन, लकड़ी के दो बड़े काउंटर तथा अन्य सामान भी पूरी तरह जलकर राख हो गया। इस हादसे में दुकानदार को करीब तीन लाख रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। हादसे की खबर पुलिस प्रशासन को रात को ही दे दी गई थी, जिसके बाद देर रात पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

घटना की खबर मिलते ही व्यापार मंडल पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे व्यापार मंडल प्रधान हेमराज संख्यान ने दुकानदार को ढांढस बंधाते हुए व्यापार मंडल की तरफ से 11 हजार रुपए की राहत राशि प्रदान की।



दर्जी की दुकान में आग लगने से जले कपड़े और अन्य सामान।

**सवाल** चंबा में रेल लाइन पहुंचने से विकास को मिलेगी रफ्तार, गत वर्ष बजट सत्र में केंद्र सरकार ने चंबा-पठानकोट रेल लाइन के सर्वे को दी है मंजूरी

# चंबा तक रेल लाइन पहुंचाने के लिए सर्वे का लॉलीपॉप

**एमएम डैनियल, चंबा**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

ब्रिटिश काल में निर्मित चंबा लौह पथ गामिनी सेवा विस्तार का केंद्र सरकार को ख्याल तो आया है, लेकिन चंबा तक रेल लाइन का सपना फिलहाल अधूरा ही लग रहा है, क्योंकि रेल लाइन का अभी तक सर्वे भी नहीं हुआ है। सर्वे के नाम पर सिर्फ लॉलीपॉप ही दिया है। प्रदेश के चारों सांसदों द्वारा रखे गए हिमाचल प्रदेश में रेल सेवा विस्तार व सर्वे प्रस्ताव को रेल बजट सत्र में जिला चंबा रेल लाइन सर्वे का नाम शामिल तो बेशक किया गया, मगर दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि रेल लाइन के सर्वे की मंजूरी मिलने के एक वर्ष बाद भी इस दिशा में कोई काम नहीं हुआ है। (अनंत ज्ञान)



फाइल फोटो

### सर्वे की मंजूरी के बाद चंबा में रेल सेवा की बंधी आस

**केंद्र** सरकार की ओर से पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग निर्माण की घोषणा के बाद रेल सेवा की बात तत्काल चर्चा का केंद्र रही। पठानकोट-भरमौर हाई-वे को सरकार ने हरी झंडी प्रदान की, वहीं गत वर्ष रेल बजट सत्र में हरी झंडी मिलने के बाद एक लंबे अर्से से चंबा जिला वासियों की रेल सेवा के प्रति आस जागृत हुई, मगर चंबा वासियों की लौह पथ गामिनी सेवा हसरत कब पूरी होगी अभी इस बात पर संशय बरकरार है। इसका मुख्य कारण मंजूरी के एक साल तक सर्वे से जुड़े कार्य का न हो पाना है। इस मंजूरी को परवान चढ़ता देख चंबा के लोगों व जनप्रतिनिधियों ने केंद्र से सीधे व राज्य सरकार के माध्यम कई प्रस्ताव प्रस्तावित किए, लेकिन जनता को इस दिशा में आश्वासनों के अतिरिक्त और कुछ प्राप्त नहीं हुआ। हालांकि वर्षों बाद राज्य के भाजपा पार्टी नेतृत्व वाले चार सांसदों ने एनडीए नेतृत्व वाली केंद्र सरकार समक्ष रख एक बार फिर से हिमाचल राज्य को रेल सेवा के विकास की रफ्तार प्रदान करने का प्रयत्न किया, जिसमें चंबा जिला की रेल सेवा का सर्वेक्षण के प्रस्ताव को पहली बार मंजूरी प्रदान हुई है। मगर, जब तक पठानकोट-चंबा रेल लाइन का सर्वेक्षण कार्य अपने अंजाम तक नहीं पहुंच जाता, तब कुछ नहीं कहा जा सकता है।

### अंग्रेजों के जाने के साथ ही थम गया चंबा का विकास

**देश** को आजाद हुए करीब 76 वर्ष हो चुके हैं। इन 76 वर्षों में देश का कोना-कोना तो आबाद हो गया, लेकिन रियासतकाल में मॉडल रियासत कहलाए जाने वाला जिला चंबा विकास की रफ्तार का युग ब्रिटिश शासन के पलटने के संग स्थिर हो गया। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान देश में रेलवे विस्तार के लिए पठानकोट से चंबा रेल लाइन का ब्रिटिश रेलवे विभाग के इंजीनियर विंग ने सर्वे किया था, जिसमें पर्यटक स्थल डलहौजी को भी इस रेल लाइन सेवा में जोड़ने के प्रस्ताव जोड़ा गया था। इस दिशा में ब्रिटिश रेलवे विभाग ने कार्य आरंभ करते हुए चंबा-पंजाब सीमा सर्वप्रथम स्थल दुनेरा तक बकायदा रेल लाइन ट्रैक बिछा भी डाला, लेकिन इसी बीच पठानकोट-जोगिंद्रनगर लाइन का प्रस्ताव शामिल हो गया, जिसमें पठानकोट-चंबा रेल लाइन का कार्य चल रहा था। पठानकोट-जोगिंद्रनगर लाइन का कार्य भी इसी समय अवधि में आरंभ हो गया। उस समय विभाग ने पठानकोट-चंबा लाइन का प्रारंभिक ट्रैक बिछने व कम दूरी को देखते हुए इस लाइन के कार्य को बाद में पूर्ण करने का निर्णय लेते हुए पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल लाइन कार्य को पूरा करने में ताकत झौंक दी। इसी बीच ब्रिटिश शासनकाल का तख्ता पलट हो गया। वहीं, जिला चंबा में रेल पहुंचाने का कार्य सपना बन कर ही रह गया।



प्रदेश सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार व केंद्रीय रेलवे मंत्री से जिला चंबा के दुनेरा स्थित रेल लाइन के कायाकल्प के लिए पत्राचार किया जाएगा। रेल लाइन शुरू होने से चंबा के विकास की रफ्तार को नई गति मिलेगी।

**नीरज नैय्यर**
**विधायक विस क्षेत्र चंबा।**



ब्रिटिशकाल की अधूरी पठानकोट-चंबा रेल लाइन के सर्वे को स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसका सर्वेक्षण कार्य पूर्ण होते ही चंबा भी रेलवे सेवा से जुड़ जाएगा। इस दिशा में विलंब होने के चलते प्रधानमंत्री सहित केंद्रीय रेलवे मंत्री से जल्द पत्राचार किया जाएगा।

**किशन कपूर**
**सांसद चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र।**

# चोलथरा की रितिका ने जीता खेलो इंडिया में राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

दिल्ली में हुई खेलो इंडिया राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चोलथरा पंचायत के करयाल गांव की रितिका ठाकुर ने किक बॉक्सिंग में कांस्य पदक हासिल किया है, जो इस बेटी, उसके माता-पिता के साथ संपूर्ण क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। रितिका पीछले दो वर्षों से लगरार टाइगर अकादमी से प्रशिक्षण ले रही है और कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीत अपने नाम दर्ज कर चुकी है। रितिका के पिता कुलदीप ठाकुर भारतीय सेना में सेवारत हैं और माता गृहिणी हैं।



माता-पिता द्वारा अपनी बेटी को खेलों में इस तरह स्पोर्ट करने पर पूरे क्षेत्र में प्रशंसा की जा रही है। टाइगर अकादमी के डायरेक्टर मास्टर डीके ने बताया कि टाइगर अकादमी का उद्देश्य बेटियों को आत्म रक्षा में मजबूत बनाना है।

रितिका की इस उपलब्धि पर जिला परिषद वंदना गुलेरिया, ग्राम पंचायत के प्रधान मेहर चंद गारला, उपप्रधान विजय बन्याल, बीडीसी विजय कुमार, वार्ड सदस्य विपन ठाकुर, पूर्व बीडीसी सदस्य कुसुम वर्मा, पूर्व बीडीसी सदस्य संजीव कुमार, माता काली मुंडखर देवी मंदिर कमेटी के प्रधान गोवर्धन सिंह ठाकुर, सर्वोदय जन कल्याण समिति के प्रधान रूपिंदर सिंह अटल, बाजार कमेटी व वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति चोलथरा के प्रधान बिहारी लाल ठाकुर, ग्रामवासियों में राजेंद्र कुमार, सतीश ठाकुर, अश्वनी कुमार, आशा देवी,किशोर कुमार, सनवीर सिंह, कांता देवी, संजय कुमार, बाला राम तथा हैप्पी सहित कई अन्य लोगों ने रितिका को बधाई तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।


# सीएम सुक्खू आज कांगड़ा प्रवास पर

## 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में होंगे शामिल, परागपुर में एक लिंक रोड और दो पुलों का उद्घाटन भी करेंगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू शुक्रवार को कांगड़ा जिले के प्रवास पर रहेंगे। उनका काफिला 19 जनवरी को सुबह करीब 11:15 बजे शिमला के ओक ओवर से अन्नाडेल हेलिपैड के लिए रवाना होगा, जहां से करीब 11:40 बजे हेलिकॉप्टर जिला कांगड़ा के लिए उड़ान भरेगा और करीब 12:05 बजे परागपुर के नक्की मैदान में उतरेगा। कांगड़ा पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया जाएगा।

कांगड़ा दौरे पर सीएम सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 12:10 बजे मुख्यमंत्री का काफिला नक्की खड्ड परागपुर के लिए रवाना होगा और 12:15 बजे पर नक्की खड्ड पर पहुंचेगा। यहां पर वह 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री लिंक रोड का भी उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री दो पुलों का भी उद्घाटन करेंगे। इसके बाद करीब 2:30 बजे काफिला लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस के लिए रवाना हो जाएगा और करीब 2:35 बजे लोक निर्माण के रेस्ट हाउस में पहुंचेगा। करीब 3:50 बजे काफिला परागपुर मैदान के लिए रवाना हो जाएगा और करीब 3:55 बजे परागपुर मैदान में पहुंचेगा, इसके बाद शाम 4:25 बजे मुख्यमंत्री सुक्खू का हेलिकॉप्टर वापस शिमला के अन्नाडेल मैदान के लिए उड़ान भरेगा।



### कल भोरंज और 23 को बड़सर में होंगे सीएम

**सीएम** सुक्खू 20 जनवरी को भोरंज, 23 को बड़सर, 24 को चिंतपूर्णी और 27 को गगरेट में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनेंगे। वहीं, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 20 जनवरी को जुब्बल-कोटखाई, 22 को चौपाल, 28 को सुंदरनगर, दो फरवरी को जोगिंद्रनगर और आठ को सुजानपुर में होंगे। विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 19 जनवरी को करसोग, जबकि पर्यटन विकास निगम के वाइस चेयरमैन आरएस बाली 20 जनवरी को नाचन तथा नौ फरवरी को जसवां परागपुर में जाएंगे।

### 'सरकार गांव के द्वार' के लिए मंत्रियों और विधायकों के कार्यक्रम तय

**डिप्टी** सीएम मुकेश अग्निहोत्री 20 जनवरी को बल्ह, 22 को हरोली, 24 को ऊना, 28 को कुटलैहड़ और दो फरवरी को सरकाघाट में वहीं, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 20 जनवरी को भरमौर, 22 को चंबा, 24 को डलहौजी और 28 को भटियात तथा स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल 19 को नालागढ़, 21 को सोलन, 23 को कसौली और 28 को ठियोग, कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार 19 को इंदौरा, 20 को फतेहपुर व 21 को जवाली में होंगे। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान सात फरवरी को देहरा, आठ को धर्मशाला के अलावा शिलाई और पच्छाद भी जाएंगे। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी 27 जनवरी को लाहौल-स्पीति, तीन फरवरी को पांवटा, चार को नाहन । पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 22 को मनाली और दो फरवरी को कसुम्पटी, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह 19 जनवरी को रामपुर, 21 को सराज और 23 को आनी में तथा तकनीकि शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी 19 जनवरी को झंडूता, 20 को बिलासपुर और 21 को श्री नयना देवी जी जाएंगे। वहीं, आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा 22 जनवरी को ज्वालामुखी, 23 को जयसिंहपुर, 24 को सुलह व 28 को कांगड़ा में, जबकि विधायक सुंदर सिंह ठाकुर 24 जनवरी को कुल्लू और 28 को बंजार, मोहन लाल ब्राक्टा रोहड़ू में कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। वहीं, दून के विधायक राम कुमार 24 जनवरी को दून में और दो फरवरी को मंडी में, बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल पांच फरवरी को बैजनाथ व छह को नगरोटा में, पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल दो फरवरी को पालमपुर व तीन को शाहपुर में, अर्की के विधायक संजय अवस्थी 22 जनवरी को धर्मपुर (मंडी) में लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

# एचपीसीएल के सहयोग से जीतपुर बेहरी में स्थापित होगा इथेनॉल प्लांट: मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला ऊना के जीतपुर बेहरी में स्थापित किए जाने वाले इथेनॉल प्लांट के निर्माण कार्य पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्लांट का निर्माण हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड तथा प्रदेश सरकार द्वारा 50:50 प्रतिशत हिस्सेदारी में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस हिस्सेदारी में प्रदेश सरकार द्वारा प्लांट निर्माण के लिए दी जा रही भूमि की लागत भी शामिल होगी।

उन्होंने कहा कि इस प्लांट के निर्माण से प्रति माह 21 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित होने और प्रतिदिन 1.5 लाख लीटर इथेनॉल उत्पादन का अनुमान है। उन्होंने कहा कि इस प्लांट का निर्माण कार्य लगभग दो वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश सरकार ने 31 मार्च, 2026 तक राज्य को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके दृष्टिगत विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम लागू किए जा रहे हैं। इस इथेनॉल प्लांट के स्थापित होने से प्रदूषण नियंत्रण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा, प्रधान सचिव उद्योग आर.डी. नजीम, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, सलाहकार अधोसंरचना अनिल कपिल और एचपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### एलोवेरा के उत्पादन की ओर रुख करें किसान, आमदनी बढ़ेगी: सुक्खू

**नादौन।** एलोवेरा के प्रोडक्ट्स काफी अच्छे व गुणकारी होते हैं। इसलिए किसानों को चाहिए कि वे नकदी फसलों के साथ एलोवेरा के उत्पादन की ओर भी रुख करें, जिससे जहां किसानों की आमदन बढ़ेगी, वहीं लोकल यूनिट्स को भी अपने प्रोडक्ट्स के लिए एलोवेरा मिल जाएगी। यह बात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बढेड़ा में स्थित प्रदेश के पहले एलोवेरा प्रोसेसिंग यूनिट के फलों के प्रोडक्टस का स्वाद भी चखा तथा प्रोडक्टस के निर्माता रुद्र शक्ति हर्ब्स प्राइवेट लिमिटेड की सराहना की तथा प्रतिनिधि मंडल को सरकार की ओर से स्टार्टअप को हर संभव मदद देने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्टार्टअप ईको सिस्टम में देश के अग्रणी राज्यों की सूची में शामिल हो जाएगा। सरकार स्टार्टअप को हर संभव मदद देगी, जिससे हिमाचल आत्मनिर्भर होगा। प्रतिनिधि मंडल में राजीव कौशल निदेशक रुद्र शक्ति हर्ब्स प्राइवेट लिमिटेड और डॉ. रवि कौशिक एवं प्रेम सागर ने कांग्रेस कमेटी कांगू और बढेड़ा के सदस्यों विजय शर्मा आदि के साथ भव्य स्वागत किया और सीएम सुक्खू को अपने एलोवेरा आधारित फलों का रस जैसे नायाब प्रोडक्ट भी पिलाए और आने वाले प्रोजेक्ट्स की जानकारी भी दी। राजीव कौशल निदेशक रुद्र शक्ति हर्ब्स प्राइवेट लिमिटेड और डॉ. रवि कौशिक एवं प्रेम सागर ने कांग्रेस कमेटी कांगू और बढेड़ा के सदस्यों के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर डीसी हमीरपुर हेम राज बैरवा, ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान कैप्टन पिरथी चंद, जीएम इंडस्ट्रीज डीआइसी हमीरपुर, एसडीएम अपराजिता चंदेल एवं तहसीलदार गलोड़ भी उपस्थित थे। डॉ. रवि कौशिक ने बताया कि रुद्र शक्ति हर्ब्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रोडक्ट्स की डिमांड विदेशों में भी बढ़ने लगी है।

## न्यूज ब्रीफ

### सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे हाटी



पत्रकारों को संबोधित करते हाटी समिति के सदस्य।

**पांवटा साहिब।** हाटी समिति के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य अतर सिंह नेगी ने मंत्री हर्षवर्धन चौहान पर हाटी जैसे भावनात्मक मुद्दे पर भी राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हाटी समिति पर अलग-अलग आधारहीन आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बुधवार को हर्षवर्धन चौहान ने बकरास में कहा कि हाटी समिति करोड़ों रुपए कमा रही है। इस पर हाटी समिति ने वर्तमान समय तक की बैंक डिटेल मीडिया से साझा की। उन्होंने कहा कि हर्षवर्धन चौहान को राजनीति करनी है तो करें, मगर इस प्रकार के निराधार आरोप न लगाएं। उन्होंने कहा कि कोर्ट में 18 मार्च तक स्टे लगी है, मगर वे अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। इस मौके पर रण सिंह चौहान ने कहा कि मंत्री किसी भी मंच पर आकर इस मुद्दे पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर सकते हैं। उनके एक एक प्रश्न का जवाब दिया जाएगा। इस दौरान हाटी समिति के पूर्व अध्यक्ष जालम सिंह के निधन पर भी पत्रारवार्ता में शोक व्यक्त किया गया।

### अनाथ बच्चों को अपनाने के लिए बढ़ाए हाथ

**शिमला।** अनाथ बच्चों को अपनाने के लिए अब संपन्न वर्ग भी अपने हाथ बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने द्वारा ओक ओवर, शिमला में शिशु गृह टूटी कंडी शिमला में पल रही अनाथ बेटी 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' ज्योति (काल्पनिक नाम) का उसके भावी माता-पिता को दत्तक ग्रहण करवाया। उन्होंने ज्योति के भावी माता-पिता को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाज के समृद्ध लोगों से अपील की कि वे शिशु गृह व आश्रमों में पल रहे अनाथ किशोर बच्चों को अपनाने के लिए आगे आएं, ताकि इन बच्चों का सुखद व उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

### इतिहास दोहरा रहा अयोध्या श्रीराम मंदिर

**पालमपुर।** पूर्व सीएम शांता कुमार ने कहा कि सौभाग्य से पूरा भारत राममय हो गया है और विपक्ष भी भगवानमय हो गया है। कोई सुंदरकांड करवा रहा है तो कोई अपने क्षेत्र के मंदिर में जा रहा है। कुछ लोग चुपचाप बैठे हैं और कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। देश के लिए यह व्यवहार कोई नया नहीं है। स्वतंत्रता के बाद जब देश ने सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण करने का इसी प्रकार का बहुत बड़ा ऐतिहासिक काम किया था, तब भी इन लोगों ने इसी प्रकार का विरोध किया था। हालांकि उस समय के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद और गृहमंत्री पटेल के प्रयत्नों से वह काम पूरा हुआ। शांता कुमार ने कहा कि भारत के इतिहास में यह पहला मौका है, जब देश के प्रधानमंत्री विश्व के 190 देशों के प्रधानमंत्रियों में सबसे अधिक लोकप्रिय हैं। यह पहला मौका है, जब दूर-दूर तक भाजपा और नरेंद्र मोदी का कोई विकल्प नजर नहीं आता।

### अयोध्या के लिए दर्शन यात्रा शुरू करेगी भाजपा

**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण और 22 जनवरी को उस मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरे हिमाचल प्रदेश में सभी शहरो में, गांवो में, मंदिरों में बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाएगा और देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी के बाद श्री अयोध्या जी राम मंदिर दर्शन यात्रा प्रारंभ होगी। इस यात्रा के संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल होंगे। बिंदल ने बताया कि 29 जनवरी को ऊना से श्री अयोध्या जी के लिए पहली ट्रेन दर्शन के लिए जाएगी, जिसमें जिला ऊना, हमीरपुर व बिलासपुर के लगभग 1300 रामभक्त जाएंगे, जिसके लिए इन जिलों के रामभक्तों की सूचियां एकत्रित की जा रही हैं। इसी प्रकार आने वाले दो महीनो में अनेक गाड़ियों में रामभक्त अयोध्या जी श्री रामलला के दर्शनों के लिए जाएंगे।

# नौकरी दीजिए, या दे दो हमें जहर

## सरकार के खिलाफ सड़कों पर सैकड़ों बेरोजगार युवा, जेओए आईटी का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं होने पर किया रोष प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार के खिलाफ अब सैकड़ों बेरोजगार युवाओं का गुस्सा उन्हें सड़क पर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर कर रहा है। राज्य के कई जिलों से वीरवार को रिजल्ट घोषित करने की मांग को लेकर बेरोजगार युवा शिमला पहुंचे। इस दौरान युवाओं ने जेओए-आईटी के परिणाम घोषित न होने पर सरकार के प्रति अपनी नाराजगी प्रकट की।

बेरोजगारी का दंश झेल रहे कई युवा नौकरी देने या फिर जहर देने की मांग कर रहे हैं। न्यायालय द्वारा भी इन युवाओं को कंडीशनल नियुक्ति देने के आदेश दिए गए हैं, मगर न्यायालय के आदेश के बावजूद नियुक्ति तो दूर रिजल्ट भी नहीं निकाले गए। प्रदेश के करीब सवा दो लाख युवाओं ने चार वर्ष पहले जेओए आईटी पोस्ट कोड-817 का विभिन्न पोस्ट कोड में एग्जाम दे दिया है, लेकिन अभी तक रिजल्ट घोषित नहीं होने यह युवा वर्ग सरकार से मायूस चल रहा है। इनके पोस्ट कोड में पेपर लीक की वजह से विजिलेंस ने एफआईआर दर्ज की है। इस वजह से सरकार भी जेओए आईटी के परीक्षा परिणाम घोषित करने को लेकर असमंजस में हैं। सर्वोच्च न्यायालय भी इन युवाओं को बीते नौ नवंबर को नियुक्ति देने को लेकर आदेश दे चुका है। सर्वोच्च न्यायालय के बाद प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा भी 12 सप्ताह के भीतर रिजल्ट घोषित करने के आदेश जारी किए हैं, लेकिन अब तक सरकार द्वारा रिजल्ट घोषित नहीं किए गए हैं।




प्रदेश सचिवालय के बाहर जेओए आईटी का परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते अभ्यर्थी।

### प्रदेश में बीते चार वर्षों से नहीं हुई बड़ी भर्तियां

**प्रदेश** सरकार द्वारा हालांकि राज्य में करीब 40 हजार के करीब विभिन्न विभागों में पद भरने की प्रक्रिया चलाई गई है, लेकिन धरातल पर हालात यह है कि बीते चार वर्षों से प्रदेश में कोई बड़ी भर्ती नहीं हुई है और अब बेरोजगार युवाओं को शक्ति प्रदर्शन के माध्यम से ही अपना गुस्सा जाहिर करना पड़ रहा है। रोजगार की आस लगाए युवा आज प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में प्रदर्शन कर न्याय की गुहार लगा रहा है।

### सीएम ने दिया मिलने का समय

**जेओए** आईटी पोस्ट कोड-817 के अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री द्वारा वार्ता के लिए बुलाया गया है, लेकिन परिणाम क्या निकलता है यह तो मुख्यमंत्री और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ युवाओं की होने वाली बैठक के बाद ही सामने आएगा।

### कर्मचारी आयोग को नहीं मिला रिजल्ट घोषित करने का आदेश

**हिमाचल** पब्लिक सर्विस कमीशन भी इनके रिजल्ट घोषित करने से इनकार कर चुका है, जबकि नए गठित राज्य कर्मचारी आयोग को रिजल्ट घोषित करने के लिए सरकार द्वारा किसी प्रकार का आदेश अब जारी नहीं किया गया है। ऐसे में अब यह बेरोजगार युवा सरकार से न्याय की आस लगाए बैठे हैं और सकड़ों पर उतर कर अपना रोष प्रकट कर रहे हैं। अपनी मांगो को लेकर सड़कों पर उतरे युवा, राहुल, सौरभ भंडारी, धीरज ठाकुर, ज्योतिप्रभा, बबीता, नीलम, मोनिका ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा हर मंच पर इस पोस्ट कोड़ के परिक्षा परिणाम घोषित करने के लिए बार-बार घोषणाएं तो की जा रही हैं, लेकिन अभी तक धरातल पर कुछ भी कार्य नहीं किया जा रहा है। इन युवाओं ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि नौ नवंबर को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेशों के अनुसार सरकार परिक्षा परिणाम घोषित करे। जेओए आईटी पोस्ट कोड-817 के तरह राज्य में करीब 1867 पद भरे जाने हैं और यूवाओं को बार-बार सरकार द्वारा आश्वासन ही दिया जा रहा है। ऐसे में बेरोजगार युवा युवतियों को मजबूरन सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

# मंडी मनरेगा में अव्वल, मंत्री ने प्रशासन की थपथपाई पीठ

**अनंत ज्ञान, टकोली**

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने वीरवार को मंडी जिले की दरंग विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत टकोली में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता की। ग्रामीण विकास मंत्री ने मनरेगा कार्यों में अग्रणी रहने पर मंडी प्रशासन की प्रशंसा की।

इस दौरान ग्रामीण विकास मंत्री ने 40 जन समस्याओं का मौके पर समाधान किया। कार्यक्रम में 5 पंचायतों टकोली, नगवाई, झीड़ी, किगस और कोटधार के लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। इस मौके पर उपायुक्त अरिंदम चौधरी, एडीएम डॉ. मदन कुमार सहित जिला के सभी विभागों के अधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस प्रधान बामन देव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य कृष्ण पाल, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष गुलजार मुहम्मद सहित पार्टी पदाधिकारी, पंचायतों के जन प्रतिनिधि तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते मंत्री अनिरुद्ध सिंह।

# मुख्यमंत्री के मित्रों के सिवा सुख की सरकार में कोई भी सुखी नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सुख की सरकार में सीएम के दोस्तों के सिवाय और कोई भी सुखी नहीं है। चाहे मंत्री हो या फिर आम जनता, सभी इस सरकार से दुखी हैं। यह बात पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने वीरवार को बल्ह विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले गुटकर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

बता दें कि वीरवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत देश को जो संबोधन दिया उसे जयराम ठाकुर ने बल्ह विधानसभा क्षेत्र के गुटकर में पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं के साथ सुना। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि मंत्रियों के विभाग छीनकर दूसरे मंत्रियों को दिए गए। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब जनता को सरकार से इस बारे में पूछना होगा। नेता प्रतिपक्ष मंडी यात्रा के दौरान निजी अस्पताल में जाकर द्रंग के वर्तमान विधायक पूर्ण चंद ठाकुर का कुशलक्षेम पूछा। इसके बाद जयराम ठाकुर द्रंग से बीजेपी के पूर्व विधायक शास्त्री दीनानाथ गौतम के निधन के उपरांत उनके घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों को सांत्वना दी।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जरूर जाएंगे विक्रमादित्य

**मंडी।** पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को पूरा विश्वास है कि कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने जरूर जाएंगे। यह बात उन्होंने वीरवार बल्ह विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले बैहना में स्थित हनुमान मंदिर में सफाई अभियान चलाने के बाद कही। जयराम ठाकुर ने कहा कि विक्रमादित्य सिंह सनातनी हैं और देवी-देवताओं में विश्वास रखते हैं इसलिए वो इस समारोह में जरूर जाएंगे।


### मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा देश

**शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने कहा है कि देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और एक बार फिर से देश के जनता नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है। खन्ना ने यहां जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश में चलाई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश की जनता का कल्याण किया है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से लेकर जनधन योजना तक प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक योजना का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने हिमाचल प्रदेश का भी हमेशा ख्याल रखा है और हिमाचल को प्रधानमंत्री पोषण स्कीम के तहत केंद्र की ओर से साढ़े 42 करोड़ रुपए का बजट जारी किया गया है।

# गगरेट के कैप्टन विकास ने समुद्र में फंसे 17 लोगों को किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

मुसीबत में फंसे लोगों की मदद करना किस तरह भारतीयों की रगों में शुमार है। स्पेन के सुमद्री इलाके में एक नौका राह भटक कर समुद्र के बीच जाकर फंस गई। इसमें 17 लोग सवार थे। इसी वक्त वहां से गुजर रहे मर्चेंट नेवी के एक शिप पर तैनात विकास खंड गगरेट के अंबोटा गांव के शिप कैप्टन विकास ठाकुर की नजर पड़ी। उन्होंने न सिर्फ इस बारे स्पेन की कोस्ट गार्ड को सूचित किया, बल्कि अपना शिप उस नौका के करीब ले जाकर न उन्हें सुरक्षित आश्रय दिया और उनके खाने-पीने का भी प्रबंध किया। अपने नागरिकों को सुरक्षित रेसक्यु करवाने में मदद करने के लिए स्पेन की सरकार ने भी ई-मेल के माध्यम से कैप्टन विकास ठाकुर का धन्यवाद किया है।



विकास खंड गगरेट के अंबोटा गांव के विकास ठाकुर मर्चेंट नेवी में एक शिप पर बतौर कैप्टन तैनात हैं। उनका शिप जरूरी रसद लेकर मोरोक्को से स्पेन के समुद्री मार्ग के रास्ते स्पेन जा रहा था कि उनके शिप की राडार ने समुद्र में कोई आब्जेक्ट कैच किया। इस पर जब उस आब्जेक्ट को जांचा गया तो पता चला कि वह एक नौका है, जिस पर कुछ लोग सवार हैं। इसकी जानकारी विकास ठाकुर ने तत्काल स्पेन कोस्ट गार्ड को दी, जिस पर कोस्ट गार्ड ने अपनी जांच में पाया कि उक्त नौका पर स्पेनिश नागरिक सवार हैं, जिनमें एक महिला व बच्चा भी शामिल था। विकास ठाकुर ने नौका पर सवार लोगों को सुरक्षित अपने साथियों की मदद से शिप पर चढ़ाया और उनके खानपान का भी प्रबंध किया। इसके बाद स्पेन कोस्ट गार्ड के आने के बाद उन्हें सुरक्षित उनके सुपुर्द किया।

**तैयारी** डिप्टी सीएम बोले- अयोध्या के लिए छह बसें जल्द चलाएगी एचआरटीसी

# चार साल में ई-बसों में कनवर्ट होंगी 1900 बसें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार भी अब रामलल्ला के दर्शन करवाने के लिए लोगों को सुविधा प्रदान करने जा रही है। एचआरटीसी जल्द अयोध्या के लिए छह बसें चलाएगा। यह बस सेवा शिमला, मनाली, धर्मशाला, ऊना, हमीरपुर और नालागढ़ से चलाई जाएंगी। इसका किराया कितना होगा यह अभी तय किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शिमला में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि राज्य सरकार इन बसों की बाकायदा ब्रांडिंग करेगी, ताकि लोगों को इनकी जानकारी मिल सके और धार्मिक स्थलों की यात्रा कर पाएं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि निगम प्रबंधन अगले चार सालों में 1900 बसों को ई-बसों में कनवर्ट करेगी। इसके तहत इस साल 327 नई ई -बसों को खरीदने की मंजूरी बीओडी ने दे दी है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि निगम में 902 लोगों को रोजगार दिया गया है। उन्होंने कहा कि निगम में जल्द करुणामूलक आधार पर 76 लोगों को नौकरी दी जाएगी, 100 पीस मील कर्मचारियों को भी नौकरी पर रखा जाएगा।

### मेट्रो, रेलवे, एयरपोर्ट पर मोबिलिटी कार्ड सेवा शुरू

**मुकेश** अग्निहोत्री ने कहा कि एचआरटीसी बसों में कैशलेस टिकट सेवा शुरू करेगा। निदेशक मंडल की बैठक में इसे लागू करने की मंजूरी दी गई। इसके तहत सरकारी बसों में सफर करने वाले यात्री क्यूआर कोड, यूपीआई, क्रेडिट और डेबिट कार्ड के जरिए कैशलेस टिकट का भुगतान कर सकेंगे। इस सेवा का लाभ देश के मैट्रो, रेलवे और एयरपोर्ट पर भी मिलेगी। यह सेवा शुरू करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य होगा।

### घाटे के रूटों को बंद करने पर विचार



शिमला में पत्रकारों को संबोधित करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

**अग्निहोत्री** ने कहा कि प्रदेश के भीतर एचआरटीसी जनकल्याण को ध्यान में रख कर अपनी सेवाएं दे रहा है। इसलिए निगम घाटे की परवाह किए बिना प्रदेश के अंतिम छोर पर भी अंतिम व्यक्ति को पहुंचाने का काम निगम बखूबी कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश से बाहर ऐसे कई लांग रूट हैं, जो घाटे में जा रहे है उन रूटों को बंद करने पर भी सरकार विचार कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए प्रदेश के चुनिंदा बस स्टैंड पर डिजिटल बोर्ड डिस्पले किए जाएंगे। इसके माध्यम से यात्रियों को बसों की पल-पल की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी की मैनुअल पासिंग प्रणाली को खत्म किया जाएगा। निगम में जल्द डीजिटल पासिंग प्रणाली को लागू किया जा रहा है। इसके लिए एक कमेटी बनाई जाएगी। कमेटी को तीन सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देनी होगी। उन्होंने कहा कि निगम को घाटे से उबारने के लिए 1 लाख 33 हजार किमी डेड माइलेज को कम किया गया है।

# बर्फबारी के बाद खिली धूप में चांदी सी चमकीं पहाड़ियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

एक ओर जहां लाहॉल-स्पीति की चोटियों पर हल्की बर्फबारी के बाद वीरवार को घाटी में खिली धूप से पहाड़ियां चमक उठी हैं। वहीं, बर्फबारी न होने से बागवान किसान व पर्यटन कारोबारी निराश हैं। हालांकि बाहरी राज्यों से पर्यटक मनाली आ रहे हैं, लेकिन उनकी आमद बहुत कम है।

बर्फबारी न होने से बागवान न तो नए पौधे लगाने के लिए गड्ढे बना पा रहे हैं और न ही गोबर, खाद डालने का काम कर सके हैं। बागवानों व किसानों सर्वदयाल, चुनी लाल, वेद राम, प्रकाश, नीमत राम व जय प्रकाश ने बताया कि लंबे समय से बर्फबारी व बारिश न होने के कारण सूखे की अत्यधिक मार पड़ रही है। सेब के बगीचों में नमी पूरी तरह से गायब है। दूसरी ओर वीरवार को कोकसर व यांगला पर्यटन स्थल में बर्फ के दीदार को सैलानियों के मेला लग गया।



बर्फ में मौज-मस्ती करते सैलानी।

पर्यटकों ने खिली धूप के बीच स्नो प्वाइंट में स्कीइंग, स्नो ट्यूब व जिप लाइन का आनंद लिया। होटल कारोबारी राजू, दीपक व रमेश ने बताया कि सभी को बर्फबारी का इंतजार है।

उन्होंने बताया कि वीरवार को अटल टनल पार कर पर्यटकों ने यांगला व कोकसर में दस्तक दी और घाटी में बिछी बर्फ की चांदी का आनंद लिया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि अटल टनल पर्यटकों के लिए खुली है। पर्यटक टनल के पार कोकसर में बर्फ का आनंद ले रहे हैं।

# शिमला सड़क हादसे में बाल-बाल बचे नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा ने बचाई जान

## नाना पाटेकर के बेटे का किरदार निभा रहे उत्कर्ष शर्मा, शिमला के प्रसिद्ध बैंटनी कैसल में चला शूटिंग का दौर, लंबे अर्से के बाद किसी बड़े कलाकार की फिल्म के सीन फिल्माए जा रहे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के सर्द मौसम के बीच वालीवुड कलाकारों ने शिमला के ऐतिहासिक बैंटनी कैसल व आसपास के क्षेत्रों में फिल्म जर्नी की शूटिंग करते हुए कई फिल्म के सीन अपने कैमरे में कैद किए।

फिल्म जर्नी के एक सीन के दौरान सड़क हादसे में एकाएक गाड़ी से टकराने से नाना पटेकर बाल-बाल बच गए। फिल्म में बेटे का किरदार निभा रहे उत्कर्ष शर्मा ने उनकी जान बचाई। जर्नी फिल्म की शूटिंग का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। करीब 20 फरवरी तक फिल्म जर्नी की शूटिंग शिमला और आसपास के क्षेत्रों में की जानी है। राजधानी में लंबे अर्से के बाद किसी बड़े कलाकार की फिल्म के सीन फिल्माए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार वॉलीवुड अभिनेता यहां पर फिल्म जर्नी की शूटिंग के सिलसिले में पहुंचे हैं। वालीवुड प्रसिद्ध अभिनेता नाना पाटेकर ने पहली बार शिमला की वादियों का रुख किया है। फिल्म की शूटिंग मशोबरा, कुफरी, नालदेहरा और माल रोड पर की जानी है। गदर फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा की ओर से इस जर्नी फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। फिल्म में नाना पाटेकर के साथ उत्कर्ष शर्मा, अभिनेत्री सिमरत कौर और राजपाल यादव मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, वहीं अन्य साथी कलाकार भी इस दौरान अपने किरदार को बखुबी निभा रहे हैं।

**'जर्नी' की शूटिंग ...**



अनिल शर्मा निर्देशित फिल्म 'जर्नी' की शूटिंग के दौरान शॉट देते अभिनेता नाना पाटेकर और उत्कर्ष शर्मा। (फोटो प्रदीप कुमार)

### लंबे अर्से बाद बड़ी फिल्म हो रही निर्मित

लंबे समय के बाद शिमला की वादियों में बड़े पर्दे की फिल्म शूट की जा रही है। इससे पहले 2022 में बॉलीवुड की फिल्म शूट की गई थी। इसमें अभिनेता अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर ने अभिनय किया था। शिमला में 16 जनवरी से शूटिंग का दौर शुरू किया गया था। आज बैंटनी कैसल में फिल्म की शूटिंग की गई। इसके बाद शिमला के अन्य पर्यटक स्थलों में शूटिंग होगी। 20 फरवरी तक शिमला में फिल्म की शूटिंग चलेगी।

### लाइट, कैमरा और एक्शन के साथ गूंज रहा बैंटनी कैसल



अनिल शर्मा निर्देशित फिल्म 'जर्नी' की शूटिंग के लिए शिमला पहुंचे अभिनेता राजपाल यादव (दाएं) अभिनेता उत्कर्ष शर्मा।



शूटिंग के दौरान आज बैंटनी कैसल में कई मर्तबा लाइट, कैमरा, एक्शन गुंजाएमान रहा। शिमला के स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों को भी इस दौरान फिल्म की शूटिंग देखने का मौका मिला। वालीवुड अभिनेताओं की एक झलक पाने के लिए लोग शूटिंग स्थल की और भी रुख कर रहे थे। राजधानी में इससे पहले भी कई फिल्मों की शूटिंग के दौरान लोगों की ओर से फिल्म देखने में भारी दिलचस्पी देखी गई है।

## युवाओं के विरोध के बाद अब सरकार के खिलाफ डॉक्टरों ने लगाए काले बिल्ले, हो रहे हैं मुखर

# प्रदेश के अस्पतालों में सेवाएं दे रहे डॉक्टर एनपीए की कर रहे मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

बेरोजगार युवाओं के साथ अब राज्य भर में डॉक्टर सरकार के खिलाफ मुखर हो गए हैं। अस्पतालों में डॉक्टरों ने वीरवार को मांगों के विरोध में काले बिल्ले लगाकर काम किया। प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिले के अस्पतालों में डॉक्टरों ने अपना विरोध दर्ज करवाया। शिमला सहित कुल्लू, लाहौल और स्पीति, मंडी, ऊना, बिलासपुर सहित अन्य क्षेत्रीय अस्पतालों में डॉक्टरों ने काले बिल्ले लगाकर काम किया।

शिमला के डीडीयू अस्पताल में भी डॉक्टरों ने सुबह के करीब 9 बजकर 30 मिनट पर मुख्य गेट के बाहर गेट मीटिंग की। प्रदेश के अस्पतालों में सेवाएं दे रहे डॉक्टर काफी समय से नॉन प्रैक्टिस अलाउंस (एनपीए) की मांग कर रहे हैं, जिसको लेकर डॉक्टरों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। हाल ही में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति में उनके वेतन से इसे हटा दिया गया है। तीन अगस्त 2023 को जारी की गई अधिसूचना के तहत विशेषज्ञों का वेतन घटाकर 33660 कर दिया है, जबकि 27 जुलाई 2022 की अधिसूचना के तहत न्यूनतम देय 40392 तय हुआ है। प्रदेश में पहले ही विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव है और इतने कम वेतन पर कार्य करने के बजाए विशेषज्ञों को दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ रहा है। 21-10-23 की अधिसूचना के तहत एनपीए को सेवानिवृत्त चिकित्सकों की पेंशन से भी हटा दिया गया है। संघ एनपीए को चिकित्सकों की हुई भर्ती में और सेवानिवृत्त चिकित्सकों की पेंशन के साथ पुन: संलग्न करने की मांग की है। हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ के महासचिव डॉ. विकास ठाकुर का कहना है कि वह मांगों को लेकर सरकार से मिल चुके हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है।



शिमला के रिपन अस्पताल में काले बिल्ले लगा कर मरीजों की जांच करते डॉक्टर।

### नॉन प्रैक्टिस अलाउंस को किया जाए बहाल

चिकित्सकों का कहना है कि उनके पास पदोन्नति के बहुत ही कम पद स्वीकृत हैं, इस संदर्भ में उन्हें 4-9-14 एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन स्कीम दी जाती थी, इसे पुनः बहाल किया जाए। इसके अलावा डायनेमिक करियर प्रोग्रेशन स्कीम को केंद्र सरकार के तुल्य लागू किया जाए। केंद्र सरकार ने 2008 के गजट में और 2014 के एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी गजट में चिकित्सकों को डायनेमिक करियर प्रोग्रेशन स्कीम के तहत वित्तीय लाभ प्रदान किए हैं।

### पदोन्नति से हो रहे वंचित

स्वास्थ्य विभाग सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पदोन्नति के पदों पर पुनः रोजगार प्रदान कर दिया गया है, जो कि संघ की मांगों के विपरीत है। किसी अधिकारी को सेवा विस्तार किए जाने की बात का विरोध जताया है क्योंकि ऐसा करना प्रदेश में बेरोजगार युवा चिकित्सकों के हित में नहीं है। वहीं दूसरी ओर वर्षो से अपनी पदोन्नति का इंतजार कर रहे चिकित्सकों को उस पदोन्नति से वंचित रखना और उनका हक किसी और को दे देना एक दुखद विषय है।

### मुख्यमंत्री से मिल रहा आश्वासन

हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ मांगों को लेकर वह मुख्यमंत्री से भी मिल चुके हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला है। अगर उनकी मांगों को अभी भी नहीं माना जाता है, तो वह अगले सप्ताह कड़े फैसले लेंगे।

# छोटा शिमला से मल्याणा तक और चौड़ी होंगी तंग सड़कें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- सड़क को चौड़ा करने के लिए तीन करोड़ रुपए का बजट किया मंजूर

प्रदेश की राजधानी शिमला में तंग सड़कों को जल्द ही और अधिक चौड़ा किया जाएगा। तीन करोड़ की लागत से शहर की सड़कें चौड़ी होंगी।

इसमें टारिंग का काम भी किया जाना है। सतलुज जल प्रबंधन निगम लिमिटेड ने शहर के छोटा शिमला से लेकर मल्याणा तक की सड़क को चौड़ा करने के लिए तीन करोड़ का बजट मंजूर किया है। इसके साथ ही इस सड़क को धोबी घाट से आगे भी चौड़ा करने के लिए डेढ़ करोड़ अतिरिक्त मंजूर की है। सड़क की टारिंग के लिए 25 लाख की राशि अतिरिक्त तौर पर मंजूर की गई है।

इन तीनों की राशि देने के लिए एसजेवीएनएल ने निगम को पत्र लिखा है। अब निगम प्रशासन की ओर से इस वित कमेटी की बैठक में इसके इस्तेमाल की मंजूरी ली जानी है। साथ ही टेंडर लगाने के लिए भी औपचारिकता पूरी की जानी है। इस काम को जल्द किया जा सके, इसके लिए मेयर ने अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। शहर में लंबे समय से इस सड़क को चौड़ा करके संजौली भट्टाकुफर सहित मलयाना चमियाना सभी क्षेत्रों को जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए एक प्लान तैयार किया गया था। इसके बजट को लेकर काफी परेशानी थी।

मेयर सुरेंद्र चौहान ने अपना कामकाज संभालने के बाद फैसला लिया है कि इसके लिए एसजेवीएनएल से बजट लिया जाएगा।

### नगर निगम को मिल चुका है पैसा

अब यह पैसा निगम को मिल चुका है। इससे शहर की इस संपर्क सड़क को मुख्य सड़क में बदल दिया जाएगा। शहर में इन सभी क्षेत्र में बेहतर तरीके से लोग वाहनों की आवाजाही कर पाए। इस दिशा में काम किया जाएगा। इससे क्षेत्र के लोगों को जाम से राहत मिलेगी। इसके साथ ही विकल्प के रुप में एक सड़क भी मिलेगी।

## जगह से आगे बढ़कर सामान लगाने पर जब्त होगा सामान

**शिमला।** राजधानी शिमला के लक्कड़ बाजार में निगम प्रशासन ने तहबाजारियों को चेतावनी दे दी है। लक्कड़ बाजार के तहबाजारी अपनी जगह से उठकर सड़कों पर पहुंच रहे हैं, जिससे लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। यदि चेतावनी के बाद भी यह तहबाजारी नहीं मानते हैं, तो निगम प्रशासन की ओर से इन तहबाजारियों को सामान जब्त कर लिया जाएगा।

शहर के लोगों, दुकानदारों को भी इससे काफी दिक्कतें पेश आती हैं। बाजार की सड़कें पहले ही काफी संकरी है और वहीं तहबाजारियों के होने से यहां चलने के लिए भी जगह नहीं बचती है। लक्कड़ बाजार बिजनेंस मैन एसोसिएशन की ओर से निगम को शिकायत की थी कि लक्कड़ बाजार में भी काफी तहबाजारी हैं। सड़कों पर दुकानें सजाने वाले तहबाजारियों को निगम एक बार फिर सर्वेक्षण करने जा रहा है। इस सर्वे में पता लगेगा कि शिमला शहर में कितने तहबाजारी है, जिन्हें बसाया जाना है। बैठक के बाद रिपोर्ट तैयार करके जगह चिन्हित की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन की जानकारी की गई प्रदान




राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत नेहरू युवा केंद्र शिमला रैली निकालते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के सहयोग से नेहरू युवा केंद्र शिमला की ओर से बीते एक सप्ताह से मनाया जा रहा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह आज संपन्न हो गया। सड़क सुरक्षा के लिए एक सप्ताह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे स्वयंसेवियों को यातायात पुलिस विभाग शिमला ने सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। सड़क सुरक्षा सप्ताह 11 से 17 जनवरी तक मनाया गया। सड़क सुरक्षा सप्ताह एक राष्ट्रव्यापी अभियान है।

यह दुर्घटना और उससे होने वाली मृत्यु की रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित था। जिम्मेदार तरीके से वाहन चलाने, पैदल यात्री सुरक्षा और बेहतर सड़क बुनियादी ढांचे की अनिवार्यता के महत्व को समझाने में सड़क सप्ताह के माध्यम से चालकों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

## गेस्ट टीचर की भर्ती के फैसले को वापस ले सरकार

**शिमला।** एबीवीपी ने वीरवार को अभ्यर्थियों के लंबित पड़े परिणाम को घोषित करने एवं गेस्ट टीचर की भर्ती के फैसले को वापस लेने के लिए डीसी आफिस शिमला के बाहर प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। परिषद का कहना है कि वर्तमान सरकार के अनुसार प्रदेश में स्कूल और कॉलेजों में पीरियड आधार पर 2600 अतिथि शिक्षकों की भर्ती करने जा रही है। छठी कक्षा से लेकर कॉलेज तक के विद्यार्थियों को पढ़ाने का जिम्मा इन्हें दिया जाएगा।

परिषद ने सरकार के इस फैसले पर विरोध जताया और इस भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने की मांग उठाई। परिषद का कहना है कि शिक्षा और युवा विरोधी नीतियों के कारण जेओए-आईटी पोस्ट कोड-817 की परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे बेराजगार युवाओं के साथ सरकार ने बार-बार धोखा किया है। वीरवार को पूरे प्रदेश में जेओए-आईटी पोस्ट कोड-817 का मुद्दा ज्वलंत रूप धारण कर चुका है।

# राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने पर सीएम ने की बैंक की सराहना



राज्य सहकारी बैंक को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई देते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्वयं सहायता समूह बैंक लिंकेज में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत वर्ष 2022-23 के लिए हिमाचल को यह पुरस्कार हाल ही में नई दिल्ली में प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस उपलब्धि के लिए बैंक प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की। सुक्खू से आज यहां हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेंद्र श्याम ने भेंट कर उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार के रूप में प्राप्त ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र भेंट किया। मुख्यमंत्री ने बैंक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बैंक को भारत में सर्वोच्च श्रेणी के पुरस्कार से नवाजा जाना बैंक ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक ने अपनी कार्यशैली से सहकारी क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है। इस अवसर पर राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेंद्र श्याम ने मुख्यमंत्री को बैंक की विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाया। बैंक के प्रबंध निदेशक श्रवण मांटा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## अंगदान के लिए लोगों को प्रेरित कर रहा 'सोटो'

**शिमला।** सोटो के ट्रांसप्लांट को ऑर्डिनेटर नरेश कुमार ने बताया कि किसी व्यक्ति का जीवन बचाने के लिए केवल डॉक्टर होना ही जरूरी नहीं है, आप अंगदान करके भी एक समय में एक साथ आठ लोगों का जीवन बचा सकते हैं।

अंगदान ब्रेन डेड स्थिति में किया जाता है। अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रदेश भर में सोटो महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। अंगदान करने के लिए व्यक्ति घर बैठे अंगदान का शपथ पत्र भर सकता है। सोटो हिमाचल की वेबसाइट पर जाकर ऑर्गन डोनेशन का विकल्प उपलब्ध है। इस पर कोई भी व्यक्ति अपने आधार कार्ड नंबर या आभा आईडी के जरिए अपने व्यक्तिगत जानकारी भरकर अंगदान की शपथ ले सकता है। ब्रेन डेड होने की स्थिति में सभी अंगों को सुरक्षित निकालकर जरूरतमंद मरीज के शरीर में ट्रांसप्लांट किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि साल 1954 में देश में पहली बार ऑर्गन ट्रांसप्लांट किया गया था।

# अमर सिंह और राजेंद्र चौहान को बनाया जिला उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुन्गा**

- भाजपा ने किया जिला शिमला कार्यकारिणी का विस्तार



भाजपा संगठनात्मक जिला शिमला की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। जिला शिमला भाजपा अध्यक्ष प्रेम ठाकुर ने नई कार्यकारिणी के विस्तार के बारे में वीरवार को आदेश जारी कर दिए गए हैं, जिसमें दो जिला उपाध्यक्ष, चार सचिव, एक जिला सह मीडिया प्रभारी और तीन कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं।

अमर सिंह ठाकुर और राजेंद्र चौहान को जिला उपाध्यक्ष, लक्ष्मी नंद शर्मा, पवन शर्मा, यशपाल और धनवंत शर्मा को जिला सचिव, मोहित सूद को जिला सह मीडिया प्रभारी, रमेश ठाकुर, गोपाल सिंह वर्मा और हेमराज कपिला को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। प्रेम ने कहा कि जिला शिमला में भाजपा को मजबूत करने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है, ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में जिला शिमला के तीन मंडलों से भाजपा को भारी बढ़त मिल सके।

### झूठी गारंटियों से बेनकाब हुई कांग्रेस

प्रेम ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार 10 गारंटियों को लेकर बेनकाब हो गई है। प्रदेश की महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने के नाम पर एक बहुत बड़ा धोखा किया गया है। प्रदेश की हालत इतनी खराब हो गई है कि हर महीने एक हजार करोड़ का लोन लिया जा रहा है। सरकार का 13 महीने का कार्यकाल बिलकुल निराशाजनक रहा है और प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार की कथनी और करनी से भली-भांति परिचित हो चुकी है, जिसका जवाब लोग आगामी लोकसभा में देगें।

**कार्यक्रम** | विक्रमादित्य ने सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत पाहल में सुनी लोगों की समस्याएं

# फाइन आर्ट कॉलेज बनकर तैयार, जल्द होगा लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के पाहल में आयोजित 'सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम' की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

लोक निर्माण मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम प्रदेश सरकार का महत्वकांक्षी कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से लोगों की समस्याओं का निदान घर द्वार पर किया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र की मुख्य समस्याएं बिजली एवं पानी से संबंधित रही है, जिसके निदान के लिए जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। क्षेत्र के ननखर एवं सैंज में बिजली विभाग के सब स्टेशन का कार्य जल्द ही शुरू होगा, जिसका निर्माण कार्य लगभग 20 करोड़ से पूर्ण किया जाएगा। इन सब स्टेशन से क्षेत्र में बिजली की समस्या का अवश्य ही निदान होगा। क्षेत्र में पेयजल की समस्या के निदान के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि देवीधार से नयासेर सड़क को विधायक प्राथमिकता में डाला गया है, जिसकी सारी औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी हैं। सड़क पर लगभग 14 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जाएगी। इसके अतिरिक्त चौली कडेची सड़क को भी विधायक प्राथमिकता में डाला जा चुका है। शारडा-कजैल-जनोल सड़क मेटलिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिस पर लगभग तीन करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है। लोक निर्माण विभाग धामी मंडल के अंतर्गत 7 सड़कों के चौड़ीकरण एवं उन्नयन पर लगभग 70 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है। इसके अतिरिक्त विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत क्षेत्र में विभिन्न सड़कों पर लगभग 36 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है।



पाहल में आयोजित सरकार गांव के द्वार में पहुंचने पर विक्रमादित्य का स्वागत करते लोग।

### 14 करोड़ की लागत से कॉलेज बनकर तैयार

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि शारडा जनौल में 14 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित फाइन आर्ट कॉलेज बनकर तैयार है, जिसका जल्द ही विधिवत रूप से लोकार्पण किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने क्षेत्र के विभिन्न महिला मंडलों के भवन के अधूरे कार्यों को पूर्ण करने के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की।

### सामुदायिक भवन का किया शिलान्यास

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पाहल पंचायत के बाग में पंचायत सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। भवन का निर्माण कार्य लगभग 25 लाख रुपए से किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को सामुदायिक आयोजन करवाने में सुविधा उपलब्ध होगी।

### विभिन्न विभागों ने लगाई प्रदर्शनी

पाहल में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने अपनी प्रदर्शनियां लगाई। प्रदर्शनियों के माध्यम से लोगों को प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध की गई।

# बिजली की कम वोल्टेज से बांऊटा के लोग परेशान, समस्या का समाधान नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- इससे उपभोक्ताओं में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही
- पंचायत की बैठक में इस विषय पर चर्चा की गई, बोर्ड को भी करवाया अवगत

शिमला के साथ लगते रामपुर क्योंथल पंचायत के बाऊंटा गांव में बिजली की कम वोल्टेज के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

पंचायत की बैठक में भी इस विषय पर चर्चा की गई और बिजली बोर्ड को इससे अवगत करवाया गया था। बावजूद इसके बिजली बोर्ड की ओर से कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। गांव में बिजली की कम वोल्टेज के चलते पानी की मोटरें नहीं चल रही हैं व मोबाइल चार्ज करने में दिक्कत हो रही है। इससे उपभोक्ताओं में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। हल्के से तूफान, बारिश होते ही यहां बिजली गुल हो जाती है। बिजली आने में काफी समय लगता है। पंखा, हिटर, गीजर, मोटर, फ्रिज, इस्त्री इत्यादि इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं नहीं चलती है।

घरों में वोल्टेज की समस्या के चलते अधिक पावर के ट्रांसफार्मर की मांग पिछले लंबे समय से की जा रही है, लेकिन आज तक यह मांग पूरी नहीं हो पाई है, जिससे लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

### सर्दियों में अधिक होती है परेशानी

ग्रामवासियों का कहना है कि सर्दियों में हल्के तूफान, बारिश आने से ही लाइट चली जाती है। कई बार तो पांच से छह दिन तक बिना बिजली के रहना पड़ता है। आस-पास के गांव में बिजली आ जाने के बाद भी यहां बिजली नहीं आती, जिससे काफी परेशानी होती है। कम वोल्टेज से न हिटर चलते हैं और न ही गीजर में पानी गर्म हो पता है।

> ग्राम पंचायत की बैठक में बहुत बार इस विषय पर चर्चा की गई और बिजली बोर्ड को भी इससे अवगत करवाया गया। बिजली बोर्ड की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे गांववासियों को काफी परेशानियां हो रही हैं।
>
> **राजेश ठाकुर, रामपुर क्योंथल उपप्रधान।**

## न्यूज ब्रीफ

### सौम्या सांबशिवन को डीआईजी बनने पर शुभकामनाएं



**राजगढ़।** हाल ही में एसपी मंडी सौम्या सांबशिवन को डीआईजी पद पर पदोन्नति मिली है। एसपी मंडी सौम्या सांबशिवन की पदोन्नति डीआईजी पद पर होने पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर, राजकुमार ठाकुर, सुरेंद्र तोमर, जितेंद्र वर्मा व जीवन सिंह तोमर ने उन्हें बधाई दीं। इन्होंने कहा कि सौम्या सांबशिवन ने जिला सिरमौर में बतौर एसपी सराहनीय कार्य किया। उनका कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा है, सभी ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### समोग में अक्षत वितरण अभियान पूरा



अंतिम दिन अक्षत वितरण करते कार्यकर्ता।

**अर्की।** उपमंडल अर्की की समोग पंचायत में अयोध्या से आये पुण्य अक्षत व निमंत्रण पत्र वितरण कार्य संपूर्ण हो गया। स्थानीय समाजसेवक व रामभक्त भगत राम ठाकुर ने बताया कि समोग पंचायत में सभी घरों में पुनीत अक्षत व निमंत्रण पत्र देने के साथ ही सभी को 22 जनवरी को समोग मंदिर में बुलाया गया है, जहां दिनभर हवन होगा, के पश्चात सायंकाल में दीपो उत्सव व आतिशबाजी की जाएगी, के बाद भंडारा वितरित किया जाएगा।

### पुलिस कर्मियों को तनाव से बचने के गुर सिखाए



कार्यशाला में हिस्सा लेने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मचारी।

**बीबीएन।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बद्दी के सभागार कक्ष में कार्य संतुलन को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक जय प्रकाश सिंह ने पुलिस कर्मियों को काम और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने के विषय पर मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला के दौरान जय प्रकाश सिंह ने काम से संबंधित तनाव, काम के बोझ और पुलिस विभाग के भीतर कार्य संस्कृति की चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने तनाव से निपटने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया और प्रभावी तनाव प्रबंधन के लिए अपने सुझाव रखे। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बद्दी मोहित चावला, उपपुलिस अधीक्षक प्रियंक गुप्ता समेत कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### ग्रामीणों को दी ईवीएम की जानकारी



ग्रामीण महिलाओं को ईवीएम के बारे में जानकारी देते विशेषज्ञ।

**अर्की।** विधानसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु एवं ईवीएम संचालन बारे प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत वीरवार को जागरूकता टीम ने अर्की विधानसभा क्षेत्र के बायला, छियाछी, हथयोड़ा, बड़ोखरी के प्रत्येक मतदान केंद्र में मतदाताओं को ईवीएम व वीवीपेट के बारे में जानकारी प्रदान की गई। निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी यादविंद्र पॉल ने बताया कि 30 जनवरी तक सभी मतदाता एसडीएम कार्यालय अर्की में रखी गई ईवीएम व वीवीपेट के बारे में भी जानकारी हासिल कर सकते हैं। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर ई. पुनीत शर्मा व ई. गोपाल मौजूद रहे।

### ददाहू में वर्षाशालिका बनाने का काम अंतिम चरण में

**श्रीरेणुका जी।** हिमाचल पथ परिवहन निगम ददाहू रेणुका जी के बस स्टैंड पर वैकल्पिक प्रतीक्षालय बनाने के काम की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इस बारे में वीरवार को बस स्टैंड मैनेजमेंट डेवलपमेंट अथॉरिटी के कनिष्ठ अभियंता तसिन अली ने संबंधित ठेकेदार के साथ निर्माण स्थल का दौरा किया और दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि 31 मार्च से पहले यात्रियों के लिए और विभाग के कर्मचारियों के लिए वेटिंग रूम बनाए जाएंगे। लोगों ने एमडी रोहण ठाकुर और फाइनेंस कंट्रोलर सुरेश शर्मा का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर ठेकेदार बलबीर ठाकुर, विपिन गोयल, सोम प्रकाश शर्मा व जयपाल ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### अंबवाला में 410 रोगियों की जांचीं आंखें

**बीबीएन।** नालागढ़ की बगलैहड़ पंचायत के अंबवाला गांव में मित्तल आई केयर सेंटर की तरफ से आंखों के फ्री कैंप का आयोजन किया गया। इसमे पंचायत के 410 लोगों का चेकअप किया गया। शिविर में 11 लोगों के ऑपरेशन किए गए और 260 लोगों को फ्री चश्मे लगाए। पंचायत के वार्ड सदस्य मीनू चौधरी ने बताया कि उन्होंने मित्तल आई केयर सेंटर में डॉक्टर से आग्रह किया था कि उनकी पंचायत में एक कैंप का आयोजन किया जाए। उन्होंने उनका आग्रह स्वीकार किया और डॉक्टरों की टीम को भेजा। इस दौरान रोगियों को मुफ्त दवाइयां भी दी गईं। इस मौके पर चमन लाल, सुषमा देवी, गुरदयाल सिंह, बसंत कुमार, चंद्रमणी, सरोज शर्मा, संतोष देवी, शशि देवी, रेखा देवी आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर में की सफाई



प्रसिद्ध सिद्धेश्वरी मंदिर में साफ-सफाई के बाद भाजपा नेता।

**सोलन।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले भर के मंदिरों की सफाई के अभियान के तहत वीरवार को सोलन पुलिस लाइन में स्थित प्रसिद्ध सिद्धेश्वरी मंदिर परिसर की साफ-सफाई की गई। इस दौरान पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राजीव सैजल, खादी बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम गुलेरिया, नगर निगम की डिप्टी मेयर मीरा आनंद के साथ सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### असाक्षर को साक्षर बनाएगा साक्षरता कार्यक्रम



उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के ट्रेनर।

**अर्की।** भारत सरकार द्वारा उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का संचालन 15 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए चलाया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर उल्लास नव भारत साक्षरता मिशन अर्की भगत राम ठाकुर ने बताया कि जो किन्हीं परिस्थितियों के कारण शिक्षा ग्रहण नहीं कर सके हैं, इसके लिए सभी जगह सर्वे किया जा चुका है। चिन्हित लोगों को आधारभूत साक्षरता व सांख्यिकी ज्ञान देने के लिए स्वयंसेवी शिक्षकों को भी चिन्हित किया जा चुका है। इस संदर्भ में एससीईआरटी सोलन द्वारा मास्टर ट्रेनर तैयार किए जा चुके है जिनका दो दिन का प्रशिक्षण एसईआरटी सोलन में 16 व 17 जनवरी को आयोजित किया गया। अब ये मास्टर ट्रेनर एसईआरटी व डाइट के दिशा-निर्देशों अनुसार व खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकार के नैतृत्व में चिन्हित स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का कार्य शीघ्र प्रारंभ करेंगे।

## नगर निगम सोलन घर-घर से कूड़ा उठाने को लेकर अपनाएगा अब जीरो टॉलरेंस नीति

# गीला-सूखा कूड़ा अलग नहीं दिया तो होगा चालान

**आर मोहन चौहान, सोलन**



सोलन के लोगों को सूखा और गीला कूड़ा अलग देना होगा क्योंकि शहर को स्वच्छता में फिर से नंबर वन पर पहुंचाने का लक्ष्य है।

स्वच्छता सर्वेक्षण में ए प्लस प्लस की रैंकिंग मिलने के बावजूद नगर निगम सोलन पिछले साल के मुकाबले स्वच्छता में अन्य शहरों के मुकाबले पिछड़ गया। इस का एक कारण सलोगड़ा डंपिंग साइट में कूड़ा पृथिकीकरण सर्वेक्षण में पोर्टल में क्लेरिकल गलती से 100 में से शून्य अंक आना भी है।

निगम का दावा है कि सर्वे में कूड़ा पृथिकीकरण के पूरे 100 अंक मिले थे। लिहाजा अब सोलन शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की मुहिम के तहत नगर निगम ने खुले में कूड़ा फेंकने, घर से गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग देने को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है।

निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में सोलन शहर को नंबर वन आने का लक्ष्य रखा है। लोगों की जागरूकता को शहर में जगह होर्डिंग्स भी लगाए जाएंगे। यही कारण है कि खुले में कूड़ा फेंकने, घर से कूड़ा न देकर सड़कों और नालों में कूड़ा फेंकने वालों पर पहले से अधिक सख्ती होगी।

बता दें कि निगम ने घरों से गीला व सूखा कूड़ा उठाने के लिए अलग-अलग दिन तय किए हैं, पर इस पर बहुत कम अमल हो रहा है।

**लोगों से मांगा सहयोग :** निगम ने इस मुहिम को सफल बनाने के लिए लोगों का सहयोग मांगा है। इसके तहत यदि कोई व्यक्ति कूड़ा फेंकते नजर आए तो उसकी वीडियो या फोटो नगर निगम को भेजी जा सकती है, जिस पर निगम कार्रवाई करेगा। स्वच्छता में सहयोग के लिए मेयर उषा शर्मा, डिप्टी मेयर मीरा आंनद सहित आयुक्त जफर इकबाल ने लोगों का आह्वान किया है। (अनंत ज्ञान)

> स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में सोलन शहर को अव्वल रखने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। घरों से गीला व सूखा कूड़ा उठाने के लिए दिन सुनिश्चित किया जाएगा। कूड़ा फैलाने और घर से गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग नहीं देने पर चालान का प्रावधान किया जा रहा है।
>
> **-जफर इकबाल, आयुक्त, नगर निगम सोलन।**

### कई पैच ऐसे जहां हमेशा रहती है गंदगी

**वर्ष** 2022 स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश भर में प्रथम स्थान पर आने वाले नगर निगम सोलन की जमीनी हकीकत कुछ ओर ही बयां करती है। शहर के सार्वजनिक शौचालय में सुधार जरूर हुआ, पर शहर के कई स्थान ऐसे हैं, जहां गंदगी पसरी रहती है। कई लोग खुले में ही कचरा फेंक देते हैं। इसके अलावा कचरा उठाने वाली गाड़ियां भी प्रतिदिन नहीं पहुंच पाती हैं और एक जगह पर कचरा जमा होता जाता है, लेकिन लोगों की सहायता के बिना इससे पार पाना मुमकिन नहीं है। निगम को पिछले काफी समय से इस तरह शिकायतें मिल रही थीं कि लोग खुले में कचरा फेंक देते हैं। इन शिकायतों को ध्यान में रखते हुए अब निगम ने चालान काटना शुरू कर दिया है। चालान 500 से एक हजार रुपए तक का काटा जाएगा।

### स्वच्छता में अव्वल रहने का लक्ष्य

**केंद्रीय** शहरी विकास मंत्रालय के स्वस्थता सर्वेक्षण में वर्ष 2022 में 25 से 50 हजार की आबादी वाले नगर निगमों में सोलन ने प्रदेश भर में पहला और देशभर में 31वां स्थान प्राप्त किया था, पर 2023 में ओडीएफ प्लस प्लस का रैंक तो मिला पर प्रदेश की ओवरऑल रैंकिंग पहले स्थान से गिर कर 12वें में आ गई। स्वच्छता में फिर से टॉप रैंकिंग हासिल करने के लिए निगम स्वच्छता मुहिम को तेज करेगा, जो कि शहर वासियों के सहयोग से सफल हो सकती है। नगर निगम ने घर से कूड़ा उठाने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। यदि सफाई कर्मचारी घर से कूड़ा नहीं उठाता है तो संबंधित व्यक्ति हेल्पलाइन नंबर 01792 -223657 में कॉल कर सकता है। इससे सफाई कर्मचारी एक घंटे के अंदर आपके घर पहुंच जाएगा।

## एसडीएम कार्यालय सराहां में गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक

**राजगढ़।** उपमंडल पच्छाद के मुख्यालय सराहां में स्थित एसडीएम कार्यालय में वीरवार को तहसीलदार पच्छाद विपिन वर्मा की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस को मनाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सभी विभागों के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त सराहां पंचायत की प्रधान, व्यापार मंडल सराहां के प्रधान व यूनाइटेड वेटरन्स एसोसिएशन पच्छाद के अध्यक्ष ने भाग लिया।

बैठक में गणतंत्र दिवस को भव्य तरीके से मनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने इस राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मनाने के लिये प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर मदन लाल, दीपक चौहान, राजेश शर्मा, अरुण कुमार, बिशन आजाद, खेम दत, बलबीर सिंह, सुरती चौहान, अभिजीत सिंह, सचिन गर्ग, सुरेंद्र मित्तल, कुणाल गर्ग, संजय राजन व तरुण खुराना सहित कई लोग मौजूद थे।

## पांवटा में डॉक्टर्स ने सरकार की नीतियों पर जताया रोष



पांवटा के सिविल चिकित्सालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन करते चिकित्सक।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

सिविल अस्पताल पांवटा साहिब के डॉक्टरों ने अपनी मांगों को लेकर आज काले बिल्ले लगाकर रोष प्रदर्शन किया है। सिविल अस्पताल पांवटा साहिब के वरिष्ठ डॉ. एवी राघव ने बताया कि इस अवसर पर उन्होंने पांच सूत्री मांग पत्र पर विस्तार से चर्चा कर काले बिल्ले लगाकर एक रोष प्रदर्शन किया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने तीन जून को हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ की संयुक्त संघर्ष समिति को आश्वासन दिया था कि भविष्य में चिकित्सकों की नियुक्ति के समय एनपीए को पुन: संलग्न कर दिया जाएगा, लेकिन धरातल पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति में इसे नहीं जोड़ा गया है। इससे इस वर्ग में खासा रोष है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में अनुबंध पर नियुक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को 33660 रुपए वेतन के रूप में देय जो कि पूरे भारतवर्ष में सबसे कम है और साथ ही एक बहुत ही दुखद विषय भी है, परंतु मुख्यमंत्री के वादों को सात महीने बीत जाने के बाद भी पालन न होने पर चिकित्सा समुदाय में भारी रोष है।

उन्होंने कहा कि जब तक प्रदेश सरकार उनकी मांग पूरी नहीं करती, हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ 18 जनवरी से काले बिल्ले लगाकर अपना रोष प्रकट करेगा और आगे की रणनीति अग्रिम बैठकों के अनुसार तय करेगा। इसके साथ उन्होंने सेवा विस्तार पर भी तुरंत रोक लगाने की गुहार सरकार से लगाई है।

## मांगों को लेकर चिकित्सकों ने काले बिल्ले लगाकर देखे मरीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

- मांगें नहीं मानने पर बनाई जाएगी आगामी रणनीति



काला बिल्ला लगाकर बैठी एक महिला चिकित्सक।

सरकार की ओर से चिकित्सकों की कई मांगें पूरी न होने के चलते वीरवार से चिकित्सक काले बिल्ले लगाकर सेवाएं देने लगे हैं। यह विरोध 24 जनवरी तक चलता रहेगा। सोमवार को हिमाचल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन जिला इकाई सोलन की बैठक हुई थी। जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर एसोएिसशन सोलन के अध्यक्ष डॉ. कमल अटवाल ने की थी।

बैठक में सर्वसम्मति से मेडिकल ऑफिसर ने मांगों को लेकर सरकार की ओर से कोई ठोस कदम न उठाए जाने पर रोष जताया। इस विरोध को सांकेतिक रूप से प्रदर्शित करने के लिए काले बिल्ले लगाने का फैसला भी लिया गया था और वीरवार से डॉक्टर्स ने काले बिल्ले लगा कर सेवाएं देनी शुरू कर दीं। डॉ. कमल अटवाल ने बताया कि उनकी मुख्य पांच मांगें हैं, जिसमें नान प्रेक्टिस अलाउंस, एनपीए को बहाल करना प्रमुख मांग है।

उन्होंने कहा कि बीते काफी समय से इसे लेकर मांग चल रही हैं, मगर सरकारें इस ओर ध्यान नहीं दे रही। कई बार डॉक्टर प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिलता है। साथ ही 4.9.14 की बहाली, एड्स कंट्रोल सोसायटी में परियोजना निदेशक का कार्यभार वापस स्वास्थ्य निदेशक को देने, पात्रता एवं वरिष्ठता के आधार पर निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, जेडी, डीडी, सीएमओ, एसएमएस, बीएमओ को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति देने और किसी को भी सेवानिवृत्त होने के बाद एक्सटेंशन न देने की मांग भी चिकित्सक लंबे अरसे से कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि फिलहाल वे काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन करेंगे। यदि जल्द ही उनकी मांगों को न माना गया तो राज्य प्रतिनिधियों के अनुसार आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।

## सोलन जिले के सरकार गांव के द्वार कार्यक्रमों की तिथियां पुन: निर्धारित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

सोलन जिले में आयोजित होने वाले 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की तिथियों को पुन: निर्धारित किया गया है। यह जानकारी सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि पुन: निर्धारित कार्यक्रम सारिणी के अनुसार सोलन विधानसभा क्षेत्र का सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम 21 जनवरी को चायल में आयोजित किया जाएगा। प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डा. धनीराम शांडिल इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 23 जनवरी को कसौली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाले सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। यह कार्यक्रम नारायणी पंचायत में आयोजित होगा।

उपायुक्त ने कहा कि दून विधानसभा क्षेत्र का 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम 24 जनवरी को साईं में आयोजित किया जाएगा। मुख्य संसदीय सचिव चौधरी राम कुमार इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र का सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम पंजैहरा में आयोजित किया जाएगा। प्रदेश के स्वास्थ्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डा. धनीराम शांडिल इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

मनमोहन शर्मा ने बताया कि मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी 27 जनवरी को अर्की विधानसभा क्षेत्र के कुनिहार में आयोजित होने वाले सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित बनाया जा रहा है और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है।

उन्होंने लोगों से आग्रह किया विभिन्न समस्याओं के निपटारे के लिए दिए जा रहे अपने आवेदन पत्रों में अपना मोबाइल नंबर अवश्य अंकित करें ताकि आवेदन पत्र पर की गई कार्रवाई की पूरी जानकारी प्रदान की जा सके।

## पाठ्यक्रम के साथ पुस्तकें व अखबार भी पढ़ें बच्चे

### शिलाई पाठशाला के समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए बोले हर्षवर्धन

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिलाई के बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियां देखते उद्योग मंत्री हर्षवर्धन।

उद्योग एवं संसदीय मामले मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने अपने शिलाई विधानसभा क्षेत्र प्रवास कार्यक्रम के तीसरे दिन आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिलाई के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर होते हैं। हमें स्कूलों में भी मंदिर की तरह आचरण तथा साफ-सफाई का पूर्ण ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चे स्कूलों में पढ़ने के साथ-साथ अपना व्यक्तित्व का निर्माण भी करते हैं, जो भविष्य में समाज के लिए उनकी साझेदारी दर्शाता है।

उद्योग मंत्री ने कहा कि बच्चों को आज उनके पाठ्यक्रम की किताबों के साथ-साथ अन्य जानकारी भी हासिल करना जरूरी है। बच्चों को अन्य किताबें तथा अखबार पढ़ने का शौक डालना चाहिए। उन्हें पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हमारे क्षेत्र के कई बच्चों ने खेल में अपना तथा क्षेत्र नाम रोशन किया है।

उद्योग मंत्री ने कहा कि बच्चों की शिक्षा के लिए आज हर गांव में वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला है, अन्यथा हाई स्कूल मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि एक रिपोर्ट के मुताबिक पहले सरकारी स्कूलों में 80 प्रतिशत विद्यार्थी पढ़ते थे, वहीं निजी स्कूलों में 20 प्रतिशत विद्यार्थी जाते थे, परंतु आज 46 प्रतिशत बच्चे सरकारी स्कूलों में तथा 44 प्रतिशत बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ रहे हैं। अध्यापकों के शहरों की तरफ पलायन के कारण गांव के स्कूलों में अध्यापकों की कमी हुई है, साथ ही इसका मुख्य कारण पिछली सरकार ने अध्यापकों की भर्ती भी नहीं की। उद्योग मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान श्रीनिवास रामानुजन छात्र डिजिटल योजना के तहत बच्चों को 101 टैबलेट भी प्रदान किए। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिलाई के खेल मैदान में टाइलें लगाने तथा एक अतिरिक्त हॉल बनाने की घोषणा की।

इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश चंद, एसएमसी अध्यक्ष ओम प्रकाश तोमर, तहसीलदार जय सिंह चौहान, प्रताप सिंह जेलदार, रंजीत सिंह नेगी, रमेश नेगी, प्रधान नाया खजान सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कांग्रेस पदाधिकारी तथा पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** सीपीएस ने ऊखू-बड्डुल-जयनगर सड़क के शेष कार्य की रखी आधारशिला

## प्राथमिक विद्यालयों के 17 हजार शिक्षकों को मिलेंगे टैबलेट

**अनंत ज्ञान, अर्की**



कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते सीपीएस संजय अवस्थी

लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग देख रहे मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आरंभ में 17 हजार से अधिक प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की जयनगर पंचायत की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंजल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने इससे पूर्व ऊखू-बड्डुल-जयनगर सड़क के शेष कार्य की आधारशिला रखी। इस कार्य पर 785.57 लाख रुपए व्यय होंगे।

मुख्य संसदीय सचिव ने इस अवसर पर शैक्षणिक और अन्य विभिन्न गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने इस अवसर पर श्रीनिवास रामानुजन डिजिटल स्टूडेंट योजना के तहत अर्की विधानसभा क्षेत्र के 150 मेधावी छात्रों को टैबलेट देकर सम्मानित किया। उन्होंने महिला मंडल सुनली रुग, कूराहू, क्यारी, जयनगर को 11 हजार रुपए प्रति महिला मंडल देने की घोषणा की। उन्होंने युवक मंडल जयनगर को 11 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा भी की।

मुख्य संसदीय सचिव ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंजल में सभागार के प्रारंभिक निर्माण के लिए तीन लाख रुपए तथा मंच निर्माण के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों को 2100 तथा प्रबंधन समिति को 21 हजार रुपए देने की घोषणा की।

संजय अवस्थी ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं और इनके शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंजल के प्रधानाचार्य संजीव गुप्ता ने इस मुख्यातिथि का स्वागत किया और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। छात्रों द्वारा इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर खंड कांग्रेस समिति अर्की के अध्यक्ष सतीश कश्यप, खंड कांग्रेस अर्की के महासचिव रमेश ठाकुर, जिला कांग्रेस सोलन के महासचिव प्यारे लाल शर्मा, महिला कांग्रेस अर्की की अध्यक्ष बिमला ठाकुर, जयनगर पंचायत के प्रधान राजेंद्र शर्मा, पट्टा पंचायत की प्रधान पूनम ठाकुर, खंड कांग्रेस समिति अर्की के पूर्व अध्यक्ष रमेश, एसएमसी प्रधान अनिल चौधरी, उपमंडलाधिकारी अर्की यादविंद्र पॉल, उपपुलिस अधीक्षक दाड़लाघाट संदीप शर्मा, लोक निर्माण विभाग अर्की के अधिशाषी अभियंता शशि पाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## 150 वर्ष पुराने देईजी साहिबा मंदिर का भी हो रहा सौंदर्यीकरण



मंदिर की मरम्मत करते कारीगर जो कि 22 जनवरी को पूरा होगा।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

पांवटा साहिब के मुख्य द्वार गोविंदघाट बैरियर के समीप बने 150 वर्ष पुराने देईजी साहिबा राम मंदिर के भवन का मरम्मत का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है, जिसे 22 जनवरी तक पूरा किया जाएगा।

इस संदर्भ में पांवटा साहिब के तहसीलदार ऋषभ शर्मा ने बताया कि देईजी साहिबा राम मंदिर में मरम्मत का कार्य करवाया जा रहा है। इस दौरान मंदिर में मरम्मत के अलावा पेंट करवाया जा रहा है, ताकि 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान पांवटा का प्राचीन राम मंदिर भी सुंदर लग सके। गौर हो कि यह मंदिर बेहद खूबसूरत कांगड़ा शैली से बनाया गया है। मंदिर सिरमौर के राजा द्वारा अपनी बहन की याद में बनाया गया है।

पांवटा साहिब के इस प्राचीन राम मंदिर की मरम्मत का काम तहसीलदार पांवटा ऋषभ शर्मा द्वारा करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह मरम्मत का कार्य 22 जनवरी तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस मंदिर में धार्मिक कार्य भी किए जाएंगे। इस मंदिर को साफ स्वच्छ बनाने के लिए प्रशासन भी प्रयास करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बोर्ड की प्रैक्टिकल परीक्षा 21 फरवरी से

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड ने दसवीं और बाहरवीं कक्षा की प्रैक्टिकल परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी हैं। शिक्षा बोर्ड के सचिव मेजर विशाल शर्मा ने बताया दसवीं तथा बारहवीं की परीक्षा 21 फरवरी से 29 फरवरी आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि संबंधित अध्यापक को परीक्षा पत्र अपने स्तर तैयार करने होंगें।

### पूर्व सैनिकों की विधायक के साथ बैठक कल

**धर्मशाला।** भूतपूर्व सैनिक लीग शाहपुर की बैठक कर्नल जयसिंह की अध्यक्षता में लीग दफ्तर शाहपुर में हुई। इस मौके पर कर्नल जयसिंह ने बताया कि पूर्व सैनिकों की शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया के साथ बैठक 20 जनवरी को ईसीएस शाहपुर में सुबह दस बजे होगी। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों, वीरांगनों, विधवा माताओं-बहनों से अपील की कि वह 20 जनवरी को 10 बजे बैठक में पहुंचे। इस दौरान लीग की तरफ से चायपान की व्यवस्था भी की जाएगी। इस मौके पर मेजर कुलदीप बलौरिया, कैप्टन जनमेज सिंह और प्रेस सचिव सुरिंद्र पटियाल आदि मौजूद थे।

### जरूरतमंद परिवारों को बांटे कंबल

**धर्मशाला।** ब्रदर्स हेल्पिंग द्वारा इफको के साथ मिलकर धर्मशाला हलके के ग्रामीण क्षेत्र में वीरवार को लगभग 50 जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए। यह कैंप बगली में लगाया गया। इसमें निचले क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों से 50 जरूरतमंद परिवारों को कंबल दिए गए। ज्ञात रहे ब्रदर्स हेल्पिंग ग्रुप धर्मशाला में पिछले एक वर्ष से जनसेवा में अपनी भागीदारी दे रहा है। ब्रदर्स हेल्पिंग ग्रुप के सदस्यों ने इफको के क्षेत्रीय अधिकारी श्रेय सूद तथा सहयोगी परविंद्र सिंह का इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

### रोमा कौशल रोगी कल्याण समिति की सदस्य मनोनीत



**पपरोला।** बैजनाथ से पत्रकार जितेंद्र कौशल की पत्नी रोमा कौशल को आयुष विभाग द्वारा राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय पपरोला में रोगी कल्याण समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। आयुर्वेद अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर बृज नंदन शर्मा ने बताया कि रोगी कल्याण समिति की बैठक 20 जनवरी को आयुर्वेद कॉलेज के मीटिंग हाल में दोपहर दो बजे आयोजित होगी। जिसमें आयूष विभाग मंत्री यादविंद्र गोमा बतौर मुख्यातिथि बैठक में भाग लेंगे।

### श्रीराम के गीत गाकर दे रहे निमत्रंण

**पालमपुर।** अयोध्या में रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समागम का आमंत्रण लेकर रामदूत गली-गली, घर-घर दस्तक दे रहे हैं। ढोल-नगाड़ों की थाप व जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण राममय हो चला है। रामभक्त अपने- अपने मौहल्लों में पुष्पवर्षा कर रामदूतों का स्वागत कर रहे हैं। यहां से अक्षत वितरण का शुभारंभ हुआ। लोगों को पूजित अक्षत और श्रीराम मंदिर का चित्र भेंट किया गया। पालमपुर नगर निगम के वार्डों से लेकर बाजार से लेकर सुलह हल्के के गांव तक श्रीराम रथयात्रा निकाली जा रही है। प्रमुख प्रतिनिधि सुनील शर्मा, पवन कपूर, फूलमाला, अरुण, अनूप सहित अनगिनत रामदूत ढोल-नगाड़ों के साथ हाथ में अक्षत व पत्रक देकर हर व्यक्ति से हाथ जोड़कर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को घर पर मनाने की अपील कर रहे थे।


### केंद्रीय विवि धर्मशाला में सजी संगोष्ठी

**धर्मशाला।** भगिनी निवेदिता अध्ययन मंडल केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश धर्मशाला इकाई द्वारा वीरवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका विषय 'राम और रामवंशी' रहा। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में समीक्षक और स्तंभकार डॉक्टर महेंद्र ठाकुर रहे। संयोजक अंकुर कौंडल ने मुख्यातिथि व कार्यक्रम अध्यक्षा रीना कुमारी व सभागार में आए विद्यार्थी और शोधार्थी, शिक्षक व महिला मंडलों से आई महिलाओं का स्वागत किया। संयोजक अंकुर कौंडल ने कहा कि अध्ययन मंडल समय-समय पर शिक्षा और राष्ट्र से संबंधित विषयों पर संगोष्ठियां और कार्यक्रम करवाता रहता है। डॉक्टर महेंद्र ठाकुर 'में रामवंशी हूं' किताब जो कि मनोज सिंह द्वारा लिखी गई है और विमोचन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया है। इस पुस्तक के संदर्भ में उल्लेख करते हुए रामवंशी वह हुए जो राम के चरणों में समर्पित हो, संस्कारित हो, शस्त्र और शास्त्र जीवन मूल्यों से पोषित हो, वहीं रामवंशी हैं।

### कांगड़ा से भेदभाव अब बर्दाश्त नहीं

**पालमपुर।** कांगड़ा के साथ वर्तमान मुख्यमंत्री किस बात का बदला ले रहे है, बात विकास की हो या कांगड़ा के कांग्रेस नेताओं के पर कतरने की मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने कार्यकाल में जिले के साथ भेदभाव ही किया है। यह बात वीरवार को भाजपा कार्यालय पालमपुर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कही। उन्होंने कहा की कई वर्षो से धर्मशाला के जादारंगल में बन रहे केंद्रीय विवि का हिस्सा राज्य सरकार सीयू के लिए 30 करोड़ क्यों जमा नहीं करवा रही है। उन्होंने कहा कई मुख्यमंत्री कांगड़ा के साथ भेदभाव कर रहे है। इतने बड़े जिला से दस सीट कांग्रेस को देकर जनता को एक साल में एक मंत्री दिया। अब दूसरा दिया तों उसको विभाग ऐसा दिया कि उसमे निगलते बन रहा है न उगलते। वहीं, दूसरे मंत्रियों से विभाग छीन कर दिए गए। वहीं, कपूर ने कहा कि 27 जनवरी को भाजपा कांगड़ा के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ धर्मशाला में सम्मेलन करेगी।

### विक्रम ठाकुर ने सीएम पर साधा निशाना



**गरली।** पूर्व उद्योग मंत्री तथा जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक विक्रम सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से डि-नोटिफाई किए गए संस्थानों को खोलने की मांग करते हुए कहा है कि यदि मुख्यमंत्री बंद किए गए संस्थानों को पुनः खोलने तथा विभाग में एक ठेका लेने के लिए दस कमीशन लेने के मामले का हल करके जाएं तो उनका जसवां परागपुर विस क्षेत्र में हार्दिक स्वागत है। भाजपा नेता ने कांग्रेस के नेता पर स्कूलों के प्रधानाचार्यो तथा मुख्याध्यापकों पर वार्षिकोत्सव कार्यक्रमों में बुलाने का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि स्कूल के बच्चों से पैसे एकत्रित कर कांग्रेस नेता से 11 हजार रुपए देने की झूठी घोषणाएं करवाई जा रही हैं। उन्होंने जसवां परागपुर में पनप रहे भ्रष्टाचार और आम जनमानस को परेशान बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को इन सब बातों का जवाब अपने दौरे के दौरान देना होगा।

### आखिर स्वदेश से लौटी शाहपुर की पवना

**धर्मशाला।** दुबई के लिए रवाना हुई लेकिन ओमान भेज दी गई पवना आखिरकार बुधवार को भारत पहुंच गई। इसके बाद वह वीरवार को सुबह अपने कुठारना स्थित घर पहुंची। कुल मिलाकर इस पूरे प्रकरण में भारत की तरफ से किए गए कूटनीतिक प्रयास आखिरकार रंग लाए और कांगड़ा की बेटी अपने घर सकुशल पहुंच गई। हालांकि जब उससे फोन पर संपर्क किया गया तो उसके भाई रोहित ने बताया कि वह अभी बात करने की स्थिति में नहीं है। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी वीर बहादुर ने बताया कि दुबई के लिए निकली तथा ओमान पहुंची उक्त युवती वीरवार सुबह सकुशल अपने घर पहुंच गई है।

### सूरजपुर में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आज

**इंदौरा।** प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों की विभिन्न समस्याओं का घरद्वार के नजदीक त्वरित समाधान करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सरकार गांव के द्वार का आयोजन 19 जनवरी को इंदौरा उपमंडल की सूरजपुर पंचायत में किया जाएगा। एसडीएम सुरेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार करेंगे। वहीं, एसडीएम ने बताया कि इस दौरान जनसमस्याओं को सुनने के साथ लोगों को प्रदेश सरकार की विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने लोगों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर लाभ उठाने की अपील की है।

### आठ शिक्षकों को दिए प्रमाण पत्र

**देहरा।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नलेटी के अध्यापकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हेतु सत्र 2022-23 के लिए छह स्वर्ण प्रमाण पत्र और तीन रजत प्रमाण पत्र केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा प्रदान किए गए। शशी कला कटोच (स्नातकोत्तर शिक्षक जीव विज्ञान), नरेंद्र जस्सल( स्नातकोत्तर शिक्षक अंग्रेजी ), संजीव कुमार (स्नातकोत्तर शिक्षक रसायन विज्ञान) शिखा (स्नातकोत्तर शिक्षक कंप्यूटर साइंस), राजीव वैद्य (स्नातकोत्तर शिक्षक गणित)रीतिका (स्नातक शिक्षक गणित) को स्वर्ण प्रमाण पत्र मिले। वरूण पाल (स्नातकोत्तर शिक्षक भौतिक विज्ञान) राजेश शुक्ला (स्नातकोत्तर शिक्षक वाणिज्य) रीतिका (स्नातक शिक्षक गणित) को रजत प्रमाण पत्र केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा प्रदान किए गए।

---

#### तिनबड़ में कार्यक्रम के दौरान बोले मंत्री यादविंद्र गोमा, कोली समाज कांगड़ा इकाई ने चांदी का मुकुट पहनाकर किया सम्मानित

# कांगड़ी में 33 केवी का सब-स्टेशन, टंबरू में बनेगा जल शक्ति विभाग का विश्राम गृह

**अजय पाल, पंचरुखी**

यादविंद्र गोमा के आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री बनाए जाने पर यादविंद्र गोमा का धार क्षेत्र के तिनबड़ में हिमाचल प्रदेश कोली समाज कांगड़ा इकाई ने चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त मझेड़ा जोन के कार्यकर्ताओं तथा लोगों ने भी मंत्री का ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। गोमा ने कोली समाज, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और इलाके के लोगों का भव्य सम्मान के लिए आभार प्रकट किया। वहीं, गोमा ने कहा कि धार क्षेत्र जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रमुख स्थान हैं और धार क्षेत्र तथा जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के हितों की रक्षा और इलाके का विकास उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि धार क्षेत्र की पंचायतों में बड़ी संख्या में आबादी अनुसूचित जाति से संबंधित है। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए संवेदनशीलता से कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 2399 करोड़ का बजट में प्रावधान किया गया है और दूसरी तिमाही के अंत इस कार्यक्रम के तहत 827 करोड़ व्यय किए गए हैं। गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में धार क्षेत्र का प्रमुख स्थानों में है। उन्होंने कहा कि इस इलाके के महत्व की बरकरार रखने और यहां मूलभूत सुविधाओं का सृजन उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में है। उन्होंने धार क्षेत्र की सभी मांगों को इसी कार्यकाल में पूर्ण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कैलाशपुर से लड़ गलू सड़क के उन्नयन पर 597 लाख, लड़ गलू से आशापुरी सड़क के विस्तार पर 759 लाख, नड़ली, घरचिंदी, मल्ली सड़क का निर्माण नाबार्ड के तहत सात करोड़, भुआणा आशापुरी सड़क सुधारनपर 25 लाख, अम्ब नी मल्ली सड़क पर 50 लाख, चिलां दा खोली सड़क निर्माण 20 लाख, अंबोटु संपर्क सड़क 15 लाख और खजुरनु वया जोगी बस्ती सड़क पर साढ़े आठ लाख व्यय किए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### सलियाणा कला मंच के कार्य का किया भूमि पूजन

**इससे** पहले आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने पंचरुखी में 30-30 लाख से निर्मित होने वाले पंचरुखी कला मंच और सलियाणा कला मंच के कार्य का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि दोनों कला मंच दो माह में बनकर तैयार होंगे। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल, नारायण दास, जोन अध्यक्ष प्राकम चंद, संजय डोगरा, कोली समाज के अध्यक्ष काली दास, सुशील कुमार, आरसी गोमा, बीड़ी गोमा, ओपी धीमान, लेख राज सुरेश कुमार, पंजाब सिंह, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



तिनबड़ में कार्यक्रम में पहुंचने पर मंत्री यादविंद्र गोमा को सम्मानित करते कार्यकर्ता।

### मंत्री यादविंद्र गोमा ने की कई घोषणाएं

**उन्होंने** कहा कि धार क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष तकनीक संस्थान की मांग रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय पीएचसी में एक्स-रे और ईसीजी सुविधा भी आरंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में बिजली के सुधार पर लगभग 40 लाख रुपए व्यय किए हैं और आने वाले समय में धार क्षेत्र के लिए 33 केवी सब-स्टेशन कांगड़ी में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले सत्र से मझेड़ा स्कूल में साइंस कक्षाओं को आरंभ करेंगे। वहीं, उन्होंने कहा कि टंबरु में जल शक्ति विभाग का रेस्ट हाउस निर्मित किया जाएगा। गोमा ने तिनबड़ चौक में सोलर हाई मास्ट लाइट लगाने की घोषणा की।

### ईको टूरिज्म को दिया जाएगा बढ़ावा

**धर्मशाला।** विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर विस क्षेत्र में ईको टूरिज्म को विकसित करने के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। वीरवार को शाहपुर में वन विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि धारकंडी तथा करेरी क्षेत्र में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं तथा बेहतरीन ट्रेक निर्मित करने पर विशेष फोक्स किया जाएगा ताकि पर्यटकों की आमद बढ़ सके और स्थानीय लोगों को रोजगार के साधन भी उपलब्ध हो सकें। विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के रेंज अधिकारी कार्यालय के भवन को मॉडल भवन के रूप में विकसित किया जाएगा।

## गोली-लाठी खाएंगे, यूनिवर्सिटी यहीं बनाएंगे

### सीयू यूनिवर्सिटी का फंड जमा न करवाने पर कचहरी चौक में लोगों ने किया सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्रीय विश्विद्यालय के धर्मशाला परिसर का फंड जमा न करवाए जाने के मामले में नारी शक्ति समेत स्थानीय लोगों ने वीरवार को कचहरी चौक से सांकेतिक विरोध की शुरुआत की तथा इस मौके पर काफी तादाद में महिलाएं एकत्र हुई। बताते चलें कि केंद्रीय विश्विद्यालय के जदरांगल में बनने वाले परिसर के लिए जमा करवाए जाने वाला फंड प्रदेश सरकार जमा नहीं करवा पाई है तथा इसी के चलते अब स्थानीय लोग प्रदेश सरकार के खिलाफ लामबद्ध होने लगे हैं।

इस दौरान लोगों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान गोली लाठी खाएंगे, विश्वविद्यालय परिसर यहीं बनाएंगे जैसे नारों से माहौल गुंजता रहा। हिमाचल प्रदेश सेंट्रल यूनिवर्सिटी के धर्मशाला कैंपस का निर्माण न होने पर स्थानीय लोगों में आक्रोश की ज्वाला सुलग उठी है। प्रदेश सरकार के अडियल रविये से खफा खोकर गुरुवार को स्थानीय लोगों ने धर्मशाला के कचहरी चौक पर सांकेतिक धरना शुरू कर दिया। इस धरने पर हर रोज धर्मशाला की जनता अपनी मांग के समर्थन में बैठेगी तथा सरकार से गुहार लगाएगी कि धर्मशाला परिसर का निर्माण कार्य अविलंब शुरू किया जाए। इसी कड़ी में गुरुवार को अद्दराड़ के वार्ड-तीन महिलाओं ने धरने की बागडोर को थामा। धरने पर बैठी नारी शक्ति ने सीएम सुक्खू से अविलंब पैसा जमा करवाने की गुहार लगाते हुए कहा कि आप भी एक मध्यम वर्गीय परिवार से है तथा आपने भी अनेक कठिनाइयों का सामना किया है, अतः आप हम गरीबों व किसानों के मध्यम वर्गीय परिवार की भावनाओं को समझकर अविलंब सीयू के 30 करोड़ जमा करवा देंगे। यह बात उन्होंने एक पहाड़ी गीत के माध्यम से साझा करी। इस धरने पर रजनी देवी, रीना देवी, गायत्री देवी, रक्षा देवी, पिंकी देवी, संतोष कुमारी, कमला देवी, आशो देवी , रीना देवी, कुन्ती देवी, राजो देवी, रुचि देवी, राधादेवी चंचला देवी अनुराधा देवी इंदु देवी निर्मला देवी व्यासो देवी हित्मा देवी रानो देवी, रीता देवी आदि उपस्थित रहे।


सेंटर यूनिवर्सिटी मामले को लेकर कचहरी चौक में प्रदर्शन करते लोग।

### सीएम की माता को लिखा पत्र

**धर्मशाला।** यहां जारी प्रेस वक्तव्य में समाजसेवी अतुल भारद्वाज ने कहा कि बुधवार को मुख्यमंत्री की माता से मिलने का प्रयास किया था लेकिन वह एक शादी समारोह में गई हुई थी। इसके कारण उनसे मिलना नहीं हो पाया अत: पास के किटपल पोस्ट ऑफिस में उसे पोस्ट कर दिया जो वीरवार माता जी को प्राप्त हो गया है। इस पत्र के अनुसारगुख्यमंत्री की माता होने के कारण आप पूरे प्रदेश की भी अभिनायक है। इसी नाते धर्मशाला में रह रही इस प्रदेश की संताने आपको यह बताना चाहती हैं कि आपका मुख्यमंत्री बेटा प्रदेश के अपनी अन्य संतानों से सौतेला व्यवहार कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला के नाम से आबंटित हुआ था, लेकिन सीएम विवि खुलवाने में अवरोध पैदा कर रहे है। उन्होंने माता कि से गुजारिश की है कि जल्द इस समस्या का सामधान किया जाए।

## धर्मशाला में मांगों को लेकर डॉक्टरों ने काले बिल्ले लगाकर किया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन ने धर्मशाला के क्षेत्रीय अस्पताल में उनके वर्ग की मांगों को सरकार द्वारा नहीं माने जाने के विरोध में वीरवार को काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन किया।

डॉक्टरों का कहना है कि उनकी समस्याओं का निपटारा न होने की वजह से ही अब यह कदम उठाना पड़ रहा है। लंबे समय तक सरकार के रुख का इंतजार किया गया। बताते चलें कि प्रदेश के सभी मेडिकल कालेज व अस्पतालों में चिकित्सक उनकी मांगे न माने जाने के विरोध में वीरवार से काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी दे कर और अपना विरोध दर्ज करवा रहे हैं। प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ ने इस संबंध में मुख्यमंत्री सुक्खू को पत्र लिखकर मांगे न माने जाने पर विरोध जताते हुए प्रदर्शन की बात कही थी। हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ के महासचिव डॉक्टर उदय सिंह ने बताया कि हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ मुख्यमंत्री से तीन जून को मिला था। आश्वासन मिलने के बाद भी सात महीने बीत जाने के बाद धरातल पर मांगों को लेकर कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है। चिकित्सकों की सबसे बड़ी मांग एनपीए की बहाली की है। उनके अनुसार चिकित्सकों की अग्रिम भर्ती के समय एनपीए को बहाल करने का आश्वासन दिया था और कहा था कि एनपीए को भविष्य में चिकित्सकों की नियुक्ति के समय पुन: लागू कर दिया जाएगा। हाल ही में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति में उनके वेतन से इसे हटा दिया गया है। तीन अगस्त 2023 को जारी की गई अधिसूचना के तहत विशेषज्ञों का वेतन घटाकर 33660 कर दिया है। जबकि 27 जुलाई 2022 की अधिसूचना के तहत न्यूनतम देय 40392 तय हुआ है। 21-10-23 की अधिसूचना के तहत एनपीए को सेवानिवृत्त चिकित्सकों की पेंशन से भी हटा दिया गया है। संघ एनपीए को चिकित्सकों की हुई भर्ती में और सेवानिवृत चिकित्सकों की पेंशन के साथ पुन: संलग्न करने की मांग की है।


मांगों को लेकर प्रदर्शन करते चिकित्सक।

## हर विस क्षेत्र में बनेगा मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल

### डीएवी पालमपुर के सालाना समारोह में आशीष बुटेल ने मेधावी छात्रों को नवाजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्य संसदीय सचिव, शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल ने आज वीरवार को डीएवी पब्लिक स्कूल पालमपुर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार विशेष अतिथि व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बृज बिहारी लाल बुटेल बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने कहा कि प्रदेश में सरकारी शिक्षण संस्थानों के साथ-साथ निजी शिक्षण संस्थान भी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभा रहें है।

डीएवी संस्था भी इनमें शामिल है। उन्होंने कहा कि डीएवी शिक्षा संस्थान ने राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान दिया है। आशीष बुटेल ने कहा कि उन्होंने स्वयं डीएवी स्कूल से शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने इस अवसर पर शिक्षा व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर विधानसभा क्षेत्र में एक राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी वित्त वर्ष में 18 अत्याधुनिक तकनीक व उपकरणों से लैस राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि 18 विधानसभा क्षेत्रों में इन स्कूलों के निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 17,000 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध करवाने का निर्णय सरकार ने लिया है, जिससे तकनीक के माध्यम से वे बच्चों को पढ़ा सकेंगे। कार्यक्रम में नगर निगम के महापौर गोपाल नाग, उपमहापौर राज कुमार, पार्षद दिलबाग सिंह, सभी पार्षद, डॉ. एनके कालिया, विभिन्न डीएवी विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापक व छात्र आदि मौजूद रहे।


सालाना समारोह में पहुंचने पर विधायक आशीष बुटेल को सम्मानित करने का दौर।

**गुड न्यूज** मंदिर के जीर्णोद्धार का काम हुआ शुरू, विधायक सुधीर शर्मा ने दी जानकारी

## कचहरी हनुमान मंदिर में लगेगा लाल पत्थर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुधीर शर्मा ने धर्मशाला शहर में धार्मिक पर्यटन को नए पंख लगाने वाले प्रोजेक्ट का काम शुरू कर दिया है। कचहरी बाजार में स्थापित ऐतिहासिक हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार का काम शुरू हो गया है। धर्मशाला में जारी बयान में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने कहा है कि इस काम को तय समय पर पूरा किया जाएगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुधीर शर्मा ने कहा कि कचहरी के हनुमान मंदिर में लाखों भक्तों की आस्था से है। देश-विदेश के सैलानी धर्मशाला आकर यहां शीश नवाते हैं। जिला मुख्यालय में होने के कारण यह एक तरह से धर्मशाला शहर को प्रदर्शित करता है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुधीर शर्मा ने कहा कि उन्होंने एक सपना संजोया था कि इस मंदिर को नया लुक दिया जाए, जिसपर अब उन्होंने काम शुरू करवाया है।



इसके तहत मंदिर को लाल पत्थर से सजाया जाएगा। चारदीवारी के अलावा मंदिर की परिक्रमा को आकर्षक बनाया जाएगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुधीर शर्मा ने कहा कि लाल और केसरिया रंग बजरंगबली के प्रिय हैं। यही कारण है कि भगवान हनुमान जी के रंगों में इस मंदिर को रंगा जा रहा है। सुधीर शर्मा ने कहा कि इससे मंदिर धार्मिक पर्यटन का नया अध्याय लिखेगा। उन्होंने अधिकारियों के निर्देश दिए हैं कि वे तय समय में इस काम को पूरा करवाएं। इसमें किसी तरह का धीमापन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोतवाली बाजार स्थित फव्वारा चौक के नव निर्माण हेतु विधायक निधि से 15 लाख की धनराशि दी गई है। शीघ्र ही फव्वारा चौक नये स्वरूप में नजर आएगा। जनता की मांग पर इस काम को शुरू करवाया जा रहा है।

कोतवाली बाजार स्मार्ट सिटी धर्मशाला का एक और प्रमुख स्थान है। यही कारण है कि इसे संवारा जा रहा है। सुधीर शर्मा ने आगे कहा कि धर्मशाला शहर के ऊपरी हिस्से में स्थित गमरू ग्राउंड का काम भी जोरों से चल रहा है। इससे शहर को एक भव्य मैदान मिलेगा। वहां पर हाई मास्ट लाइट भी लगाई जा रही हैं। यहां पर हर वर्ष होने वाली रामलीला भी अब सुचारू ढंग से करवाई जा सकेगी। लोगों से इस बारे में किया वादा उन्होंने पूरा कर दिया है। सुधीर शर्मा ने कहा कि हिमानी चामुंडा की सोलर लाइटों को पुन: ठीक करने के लिए भी उन्होंने धनराशि स्वीकृत कर दी है। उन्होंने कहा कि लोगों की आस्था के साथ वह खिलवाड़ नहीं होने देंगे। इस बारे में उचित कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। सुधीर शर्मा ने कहा कि वह विकास विरोधी ताकतों के आगे झुकने वाले नहीं हैं। धर्मशाला में बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा, एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम, शहीद स्मारक, शिक्षा बोर्ड, जिला मुख्यालय आदि प्रमुख पहचान हैं।

इसके अलावा कृषि, बागवानी, पशुपालन, एक्साइज, इंडस्ट्रीज, दर्जनों बैंक, अस्पताल के अलावा पर्यटन निगम के व प्राइवेट होटल हैं। इनमें रोजाना हजारों की संख्या में लोग आते हैं। इन लोगों में हाई एंड टूरिस्ट भी शामिल रहते हैं।

## इंदौरा की सूरजपुर खड्ड में बन रहे पुल में पाई गई अनियमितताएं

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत करीब तीन साल पहले पूर्व विधायक रीता धीमान द्वारा सूरजपुर खड्ड में लोगों की समस्या को देखते हुए इस पुल का उद्घाटन किया था। इसका निर्माण निश्चल महाजन ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है तथा इसकी पहले भी कई बार शिकायतें आ चुकी हैं।

लोगों का कहना है कि गया के पुल का निर्माण सही ढंग से नहीं हो रहा है तथा साथ ही लगती जल शक्ति विभाग की वाटर सप्लाई स्कीम से लगातार इस पुल के निर्माण के लिए पानी का उपयोग बिना किसी अनुमति के किया जा रहा है। पुल के साइड में फीलिंग करने के लिए यह ठेकेदार निर्माण अधीन पुल पिल्लरों के नीचे से ही जेसीबी की मदद से मिट्टी निकालकर पुल के साथ लगते पिल्लरों के साथ फीलिंग का काम करने में लगे हुए हैं। इसकी सूचना लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन विनय मेहरा को दी गई। इस पर उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए व मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि ठेकेदार द्वारा पुल के निर्माण में कई खामियां पाई गई हैं तथा जो भी ठेकेदार द्वारा अनियमिताएं पाई गई है। उसको तुरंत ठीक करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं तथा ठेकेदार द्वारा जो अवैध माइनिंग करके पुल के निर्माण के लिए जो सामग्री इस्तेमाल की गई है उसे पर भी माइनिंग विभाग को इसके प्रति सूचित कर दिया गया है। इस मामले की जांच करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। वहीं दूसरी ओर जल शक्ति विभाग इंदौरा के एसडीओ ठाकुर महेंद्र सिंह को जब ठेकेदार इस संबंधी सूचित किया गया तो उन्होंने उक्त ठेकेदार को नोटिस भेज दिया है। वहीं, जितना भी पानी उसने पुल के निर्माण में जल शक्ति विभाग का इस्तेमाल किया है उसकी भरपाई करने का आदेश उक्त ठेकेदार को जारी कर दिया गया है।

## हैप्पी बर्थडे



ढंडोल के हर्ष भाटिया को अनंत ज्ञान परिवार की तरफ से जन्मदिन की हार्दिक बधाई

## बधाई



बैजनाथ के गांव मढेड में भाजपा नेत्री व समाजसेवी रविता भारद्वाज अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### कालेश्वर मंदिर पंजपीरि में की सफाई

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां के हटवास में वीरवार को पूर्व विधायक अरुण मेहरा (कूका) अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री कालेश्वर मंदिर में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान सफाई अभियान में राजीव गांधी कॉलेज के एमबीए व होटल मैनेजमेंट के छात्रों ने भी इस अभियान मे भाग लिया । इस दौरान सभी ने श्री कलेश्व 'मंदिर परिसर की साफ-सफाई की और साथ ही मंदिर मे भजन कीर्तन भी किया ।

### लोगों ने मुद्रा लोन के बारे में ली जानकारी




**जवाली।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक जवाली ने नाबार्ड के सौजन्य से ग्राम पंचायत नरगाला में वित्तीय जागरूकता कैंप लगाया। बैंक प्रबंधक चंद्रशेखर व हरपाल सिंह ने लोगों को बैंक की योजनाओं बारे जानकारी दी। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना इत्यादि के बारे में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई गई हैं। इस मौके पर पंचायत प्रधान शिव कुमार धीमान, जिला परिषद अंजू बाला, सचिव रवि कांत सहित काफी संख्या में पंचायतवासी मौजूद रहे।

### साहिल कटोच बने जयसिंहपुर युकां के अध्यक्ष

**जयसिंहपुर।** प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष निगम भंडारी ने जयसिंहपुर युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी का अनुमोदन कर दिया है। इसमें साहिल कटोच भानु को जयसिंहपुर युवा कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जबकि आर्यन कटोच, विनोद कुमार, विशाल डोगरा व अखिल पटियाल को उपाध्यक्ष, विशाल पटियाल, जतिन सरीन, प्रिंस, पार्थिव शर्मा, विकास शर्मा, शुभम ठाकुर, सन्नी, सुरिंद्र कुमार को महासचिव, शुभम लोहिया, साहिल कुमार, साहिल शर्मा, अक्षय, अमिश जसरोटिया, करण वर्मा, अभिषेक कटोच व आशीष शर्मा को सचिव, सचिन पांजला, युवराज, सुमित, अमित, अमन, सेंटी, कामेश को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।

### हस्तियों को सम्मानित करेगी अवाम संस्था

**नगरोटा बगवां।** अवाम संस्था ने 2017 के गणतंत्र दिवस शुरू की सम्मान की कड़ी को बढ़ाते हुए गणतंत्र दिवस को समाज के हर वर्ग में समाज उत्थान और कुरीतियों को मिटाने में अग्रणी रहने वाले नामी हस्तियों को सम्मानित कर खुद को गौरवान्वित महसूस करेंगी। अवाम संस्था का सम्मान समारोह सामाजिक है व हर वर्ष की भांति इस बार इस समारोह के मुख्यातिथि हमीरपुर जिले से समाजसेवी डॉक्टर संदीप शर्मा, डायनामि पर्सनेलिटी सम्मान से सम्मानित होंगे, समाज सेवी मीना दानी कुल्लू, सुभाष साहिल चंबा, अंनत राम चौधरी व सुदर्शन चौधरी नगरोटा बगवां कांगड़ा से। अवाम डायमंड से सम्मानित होंगे। वहीं, समाज सेवी रेणू मलांच पठियार, अश्वनी चौधरी जसौर, मंजीत मानी जसौर, सतीश चौधरी ठारू, विनोद छावड़ा चंडीगढ़ से सम्मानित करे।

### शिक्षा बोर्ड ने बढ़ाई ऑनलाइन प्रवेश की तिथि

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के अंतर्गत मार्च, 2024 में आयोजित करवाई जाने वाली आठवीं, दसवीं व जमा दो कक्षा की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन प्रवेश पत्र भरने हेतु तिथि को दिनांक 20 जनवरी 2024 तक पूर्व निर्धारित शुल्क तथा विलंब शुल्क 1000 रुपए सहित बढ़ाया गया है। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉक्टर विशाल शर्मा ने बताया कि कोई भी प्रवेश पत्र ऑफलाइन स्वीकार नहीं किए जाएंगे व उपरोक्त तिथियों के पश्चात् कोई भी प्रवेश पत्र स्वीकार्य नही होंगे। ऑनलाइन आवेदन करते समय किसी भी प्रकार की समस्या के लिए बोर्ड कार्यालय की आईटी शास्त्रा में दूरभाष नंबर 01892-242173, 242120 पर व आधिकारिक ईमेल के माध्यम से भी संपर्क कर सकते हैं।

### धीरा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 24 को



**डरोह ।** सुलह विधानसभा क्षेत्र में 24 जनवरी को 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन उपमंडल कार्यालय धीरा में किया जा रहा है, जिसमें सुलह विधानसभा क्षेत्र में आते सभी सरकारी विभागों के अधिकारी, सभी कांग्रेस के पदाधिकारी एवं आमजन वहां पर मौजूद होंगे। इस जन जलास में माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा हाल ही में मनोनीत किए गए आयुष एवं खेल मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री यादविंद्र गोमा मुख्यातिथि होंगे और लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। एक बयान में संजय सिंह चौहान ने कहा कि यह कार्यक्रम 'सरकार का खुला दरबार' के रूप में है, जिसमें समस्याओं का निवारण करने की तुरंत कोशिश की जाएगी। इस आम जलास में जिलाधीश कांगड़ा, पुलिस अधीक्षक, ज़िला राजस्व अधिकारी व ज़िला स्तर के लगभग सभी श्रेष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।



सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत बदूही पंचायत में लोगों की समस्याएं सुनते हुए बोले मंत्री चंद्र कुमार

# केंद्र सरकार झूठा प्रचार कर लोगों को कर रही गुमराह

**संजीव महाजन, नूरपुर**

कृषि मंत्री चंद्र कुमार वीरवार को नूरपुर विधानसभा में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत बदूही पंचायत में हुए कार्यक्रम में कि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम के दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने के बाद व्यवस्था परिवर्तन का नया दौर शुरू हुआ है।

प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में अनेक ऐतिहासिक फैसले लेने के साथ उन्हें धरातल पर लागू किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार तहसील व उपतहसील स्तर पर विशेष इंतकाल राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है । इन राजस्व लोक अदालतों के जरिए अब तक 65 हजार से अधिक इंतकाल के लंबित मामलों का निपटारा कर लोगों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि देश में उद्योग क्रांति, डिजिटल क्रांति, हरित क्रांति, दुग्ध क्रांति, राइट टू फूड, राइट टू एजुकेशन, राइट टू इंफॉर्मेशन और मनरेगा जैसी अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं और कानूनों को लागू करने का श्रेय केवल कांग्रेस पार्टी को जाता है। चंद्र कुमार ने कहा कि केंद्र की सरकार झूठा प्रचार करके लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है। जबकि कांग्रेस पार्टी की सरकार का ध्यान प्रचार के बजाए विकास और सभी वर्गों के उत्थान पर केंद्रित रहता है। (अनंत ज्ञान)



सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत बदूही पंचायत में लोगों के बीच पहुंचे कृषि मंत्री चंद्र कुमार।

### समस्याओं के निपटारे के लिए उठाए जाएंगे विशेष पग

**उन्होंने** बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का घरद्वार पर निपटारा सुनिश्चित बनाना है, ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा लोगों की समस्याओं विशेषकर राजस्व मामलों के त्वरित निपटारे के लिए विशेष पग उठाए जा रहे हैं।

## 170 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**नूरपुर।** नूरपुर विधानसभा क्षेत्र की बदूही पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में आयुष विभाग उपमंडल नूरपुर द्वारा एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 170 रोगियों का निशुल्क उपचार एवं औषधी वितरित की गई शिविर के दौरान 54 लोगों की मधुमेह जांच, 38 लोगों की हिमोग्लोबिन व 80 लोगों के रक्तचाप की जांच की गई। शिविर में माननीय कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डा. शरद चंद्र त्रिवेदी ने बताया कि धन्वंतरि मिशन योजना के सात किसानों ने औषधीय पौधों की खेती इस उपमंडल में की। इन लाभार्थियों को कृषि मंत्री द्वारा औषधीय पौधों का वितरण किया गया। इस मौके पर शिविर में डॉ. पूनम कौशल, डॉ. संदीप जम्वाल, डॉ. मुनीष महाजन, डॉ. नीरज कुमार आयु, फार्मेसी अधिकारी अतुल रपोतरा, नितेश, एवं कमान सिंह, कुलदीप, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं दी।



नगरोटा बगवां। फार्मेसी कॉलेज नगरोटा बगवां में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार की अगुआई में कॉलेज के करीब 40 प्रतिभागियों ने कॉलेज के आसपास नालियों की साफ-सफाई की। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य विनय ठाकुर भी उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्री शिव पुराण कथा



**डरोह।** प्राचीन शिव मंदिर दधोना सांबा में वीरवार को श्री शिव पुराण कथा के आयोजन हेतु सुबह कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के दौरान आसपास के गांव के लोग व नारी शक्ति ने हिस्सा लिया। यह कलश यात्रा गांव की बावड़ी से लेकर प्राचीन शिव मंदिर तक चली। इसके उपरांत दोपहर साढ़े बारह बजे कथावाचक शास्त्री अश्विनी शर्मा (हमीरपुर वाले) ने कथा का शुभारंभ किया, जो साढ़े तीन बजे तक चली। इस अवसर पर आज के दिन की मुख्य पूजा में तिलक राज शर्मा दधोना निवासी ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। श्री शिव पुराण कथा 26 जनवरी तक चलेगी।। कथा के अंतिम दिन भंडारे का भी आयोजन होगा व पूर्ण आहुति दी जाएगी।

### प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना का उठाएं लाभ

**धर्मशाला।** यदि आप असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं और 60 साल की आयु के बाद हर महीने पेंशन का लाभ पाना चाहते हैं तो प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना का लाभ उठा सकते हैं। जिला कांगड़ा में इस योजना के तहत 10,000 से अधिक असंगठित क्षेत्र के कामगार इस योजना के तहत पंजीकृत हैं। केंद्र सरकार द्वारा श्रमिकों को बुढ़ापे में पेंशन का लाभ देने के लिए पीएम मानधन योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ वे लोग उठा सकते हैं जो असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं और जिनकी हर महीने की आमदनी 15,000 रुपए से कम है। इस योजना का लाभ असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले दर्जी, मोची, रिक्शा चालक, घरों में काम करने वाले लोग, इक्ट्ठा करने वाले, ईंट-भट्ठा मजदूर, बोझा उठाने वाले मजदूर, कृषि श्रमिक, निर्माण श्रमिक, हथकरघा, चमड़ा श्रमिक तथा अन्य कामगार लाभ उठा सकते हैं। इस योजना में पंजीकरण कराने के लिए प्रार्थी की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

## अवैध खनन करते जेसीबी टिप्पर किया जब्त, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

पुलिस जिला नुरपुर द्वारा अवैध खनन के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत पुलिस थाना डमटाल के अंतर्गत गांव माजरा में अवैध खनन माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई।

इस मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस जिला नूरपुर एसपी अशोक रतन ने जानकारी दी कि माजरा में अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी व एक टिप्पर को जब्त किया गया है। इस संबंध में थाना डमटाल मे अभियोग जेर धारा 379, 34 आईपीसी 21 के तहत अवैध खनन अधिनियम तथा व 181, 192, 196 एमबी एक्ट आरोपी मनोहर लाल पुत्र हरि राम व अमन पुत्र शेरु राम के खिलाफ दर्ज किया गया है। इस मामले मे नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है और पुलिस द्वारा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। वहीं, आरोपियों पर उचित कार्रवाई की जा रही है।



अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते पुलिस के जवान।

### हिम आईकॉन अपार्ट कार्यक्रम 21 को

**गरली।** हिम जागृति मंच अगामी 21 जनवरी को जिला कांगड़ा स्थित उपमंडल देहरा के अंतर्गत केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर गरली में हिम आईकॉन अपार्ट का विशाल आयोजन करने जा रहा है। वहीं, इस दौरान जागृति मंच हिमाचल भर की उन 20 नामी हस्तियों को हिम आईकॉन अवॉर्ड से सम्मानित करेगा, जिन्होंने नेक कार्य करके एक नया रुतबा हासिल किया है। जानकारी देते हुए जागृति मंच की चेयरमैन मंजु जसवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में देवभूमि के होनहार उभरते हुए चाइल्ड को भी मंच द्वारा अवॉर्ड दिए जाएंगे। मंजु जसवाल ने कहा कि आईकॉन अवॉर्ड 21 जनवरी को केंद्रीय संस्कृत यूनिवर्सिटी बलाहर देहरा में हो रहा है। इसमें मुख्य तौर पर डॉक्टर ज्योतिष्ण जैन के आलावा पहाड़ी गायक सुनील राणा, धीरज शर्मा, संजीव, साहिल आदि शामिल रहे।

## वीआईपी कल्चर मिटाकर आम जनता से जुड़े विधायक केवल सिंह पठानिया

**सुभाष मिंटू, कांगड़ा**

एक तरफ जहां पिछले 35 सालों से शाहपुर का आम निवासी अपने चुने हुए माननीय विधायक या मंत्री से मिलने के लिए तरसता था।

वहीं, सालों पुराना यह वीआईपी कल्चर का रिबाज शाहपुर के नए चुने हुए विधायक केवल सिंह पठानिया ने विधायक बनते ही बदल दिया और यही शाहपुर की जनता के लिए उन्होंने तोहफा दिया। पिछले 35-40 सालों से शाहपुर की जनता यहां से कभी भाजपा को कभी किसी और दल से ताल्लुक रखने वाले को यहां से चुनकर विधानसभा भेजती रही है। वहीं, सरकार की तरफ से उन्हें कभी सीपीएस तो कभी कैबिनेट मंत्री बनने का मौका भी मिलता रहा, ओर एक समय ऐसा भी था जब यहां एक ही नेता की तूती बोलती थी। यह बात 1980 के दशक की है या यूं कहे कि इस नेता के दौर में उनकी मर्जी से शाहपुर विधानसभा क्षेत्र मे एक पत्ता भी नहीं हिलता था। मगर कहते है कि समय एक जैसा नहीं रहता, 1990-1995 मे मौसम ने करवट बदली ओर दूसरी पार्टी को शाहपुर की जनता ने मौका दिया ओर जनता यह सोचती रही कि अब हालात बदलेंगे। मगर शाहपुर की जनता का यह सपना उस समय टूट गया जब उन्हें अपने चुने हुए नेता को मिलने के लिए उनके चुने हुए विशेष लोगों की परमिशन लेनी पड़ती थी। वहीं, 2023 के विधानसभा चुनावों मे जनता के सहयोग से शाहपुर मे अपनी पूरी रोशनी फैला दी ओर शाहपुर में जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाई-भतीजावाद, भेदभाव व गुंडागर्दी ओर वीआईपी कल्चर का यह दौर खत्म हुआ ओर जनता ने जमीन जुड़े हुए एक युवा नेता को प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया। केवल सिंह पठानिया के रूप मे चुन कर उन्हें विधानसभा भेजा। वहीं, उन्होंने विधायक बनते ही व्यवस्था परिवर्तन करते हुए शाहपुर मे क्या आम और खास का रिवाज ही बदल दिया। वहीं शाहपुर में भी इसकी पहल हुई व कई रुके हुए कार्यों ने गति पकड़ी व शाहपुर मे विकास का पहिया विधायक के प्रयासों से रफ्तार पकड़ने लगा है। (अनंत ज्ञान)



## स्वराज माजदा लिमिटेड कंपनी आज लेगी युवाओं का इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, गरली**

आईटीआई नैहरनपुखर में एक बार फिर युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। आगामी 19 जनवरी को स्वराज माजदा लिमिटेड द्वारा युवाओं को आईटीआई नैहरनपुखर में कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा।

कंपनी के एचआर विभाग के अधिकारी ने बताया कि 19 जनवरी को होने वाले कैंपस इंटरव्यू मे भाग लेने के शैक्षणिक योग्यता आईटीआई के तकनीकी व्यवसाय मशीनिस्ट, टर्नर, मेकेनिक मोटर व्हिकल, मेकेनिक ट्रैक्टर, मेकेनिक डीजल, टूल व डाई मेकर में कोर्स पूरा कर चुके सभी पुरुष व महिला अभ्यर्थी पात्र होंगे। कंपनी द्वारा चयनित युवाओं मे फ्रेशर को 12,688, दो वर्ष अनुभव के साथ 13,598, व तीन वर्ष अनुभव के साथ 14,638 रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त कंपनी द्वारा वर्ष 2020,2021, 2023 में आईटीआई पास कर चुके अभ्यर्थियों को बतौर अप्रेंटिशिप ट्रेनी चयन किया जाएगा। अप्रेंटिशिप ट्रेनी को प्रतिमाह 10,640 रुपए भत्ता दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त कंपनी द्वारा नियमानुसार भत्ते व सुविधाएं दी जाएंगी। चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 26 वर्ष के बीच ही होनी चाहिए। चयनित कैंपस इंटरव्यू में पात्र युवा 19 जनवरी 2024 को सुबह दस बजे अपने चार पासपोर्ट साइज फोटो व मूल प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड की प्रतिलिपियों के साथ आईटीआई नैहरनपुखर कैंपस में पहुंच जाने चाहिए। इस विषय में संस्थान प्रधानाचार्य ई. ललित मोहन ने बताया की युवाओं की चयन प्रक्रिया में पहले एक लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन होगी और उसके बाद साक्षात्कारलिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए संस्थान के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट अधिकारी मुकेश कौशल से दूरभाष 9418162333 व सदस्य रवि गुलेरिया से 8580467991 पर संपर्क करें।

### ट्रेनें बहाल नहीं हुईं तो दिल्ली में आज देंगे धरना

**धर्मशाला।** पठानकोट-जोगेंद्रनगर रेल लाइन पर 18 जनवरी तक ट्रेनें बहाल न हुई तो 19 जनवरी को दिल्ली के जंतर मंतर में धरना दिया जाएगा और इस संबंध में उपायुक्त कांगड़ा के माध्यम से रेल मंत्री को ज्ञापन भी भेजा गया है। यह बात धर्मशाला में पत्रकारों को संबोधित करते हुए नव भारत एकता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीसी विश्वकर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि पहली अगस्त, 2023 से रेल लाइन पर ट्रेनें बंद पड़ी हैं। इस वजह से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, उन्होंने पौंग झील के साथ ईको सेंसटिव जोन को लेकर भी केंद्र सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठाई है कि इसमें क्या-क्या पाबंदियां होंगी। उन्होंने कहा कि यदि ईको सेंसटिव जोन के चलते जिन लोगों का रोजगार प्रभावित होगा, उन्हें सरकार हर माह दो से पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी प्रदान करे।

**गुड न्यूज** | 100-150 किलो सब्जी का रोजाना हो रहा तुड़ान, कांगड़ा में 283 कलस्टर किए विकसित

# हिम उन्नति योजना से 22 किसानों को मिल रहा लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



प्रदेश सरकार ने प्रदेश के किसानों के कल्याण के लिए हिम उन्नति योजना को शुरू किया है। हिम उन्नति योजना मजबूत कल की नींव रखने में मील का पत्थर साबित हो रही है। इस योजना की मुख्य विशेषता किसानों की समस्याओं का समाधान करना, पात्र किसानों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करना, लाभार्थी किसानों को आत्म निर्भर व सशक्त बनाना एवं किसानों की आय में बढ़ोतरी करना है। इस योजना के जरिए एकीकृत एवं समग्र कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देना है। क्षेत्र विशेष की क्षमता अनुरुप मोटे अनाज, सब्जियों, नकदी फसल के अलग से क्लस्टर बनाए हैं। हिम उन्नति योजना के प्रथम चरण में विभाग द्वारा वर्ष जिला कांगड़ा के ब्लॉक धर्मशाला के गांव झियोल को भी क्लस्टर के रूप में लिया गया है। इस क्लस्टर को सब्जी उत्पादन एवं मोटे अनाज की पैदावार हेतु विकसित किया जा रहा है।

ब्लॉक धर्मशाला की विषयवाद विशेषज्ञ शशिकांता ने बताया कि सबसे पहले इलाके का लैंड यूज पैटर्न को समझा गया तथा भूमि परीक्षण करवाकर एवं किसानों से चर्चा कर इस क्लस्टर को सब्जी उत्पादन एवं मोटे अनाज उत्पादन हेतुचुना गया।

इसके तहत लगभग 50 बीघा क्षेत्र को लिया गया है तथा 22 किसान लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा निरंतर किसानों से संपर्क साध्या गया तथा उनका मार्गदर्शन किया गया। विभाग द्वारा अनाज एवं सब्जियों की खेती की तकनीकी जानकारी एवं प्रशिक्षणा भी दिया गया। अब इस क्लस्टर से सब्जियों जैसे खीरा, शिमला मिर्च एवं भिंडी आदि की पैदावार आनी शुरू हो गई है तथा इलाके के किसान उत्पाद आने से काफी उत्साहित हैं तथा किसान मनोहर, नरेंद्र एवं अनीता ने बताया कि लगभग 100-150 किलो सब्जी रोजाना तुड़ान किया जा रहा है तथा उन्हें काफी अच्छे दाम भी मिला रहे है। डॉक्टर राहुल कटोच ने बताया कि ऐसे ही जिला कांगड़ा में 283 कलस्टर विकसित किए गए हैं। इसी योजना में गाव तंगरोटी की किसान श्रेष्ठा देवी भी लाभ उठा रही है। वह पहले अपना गुजारा सिर्फ धान, गेहूं और मक्की लगा कर करते थे। परंतु अब विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना हिम उन्नति का लाभ उठाते हुए पालक, मेथी शलगम गोभी व मटर कि बिजाई की और अच्छा मुनाफा उठा रहे है यह योजना किसानों के लिए कल्याणकारी साबित हो रही है। अन्य किसान भी विभाग द्वारा सचांलित हिम उन्नति से लाभाविन्त किसानों से प्रेरणा ले रहे है।



हिम उन्नति योजना के तहत अपने खेतों में काम करते महिलाएं।

**दी मंगरेला कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित**
गांव मंगरेला, डाकघर लूहना, तहसील बड़ोह, जिला कांगड़ा हि.प्र.

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि दी मंगरेला सेवा सहकारी सभा सीमित सचिव के पद के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करती है। आवेदक 10+2 पास होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष होनी चाहिए। आवेदन की अंतिम तिथि 24.01.2024 है। आवेदक सभा कार्यक्षेत्र का होना चाहिए।



# अवैध कटान मामले में पांच कर्मचारियों को वन विभाग ने किया चार्जशीट

## कारण बताओ नोटिस जारी किए, विभाग ने शुरू की जांच

**अनंत ज्ञान, तीसा**

चुराह वन मंडल में देवदार के हरे-भरे पेड़ों के अवैध कटान मामले में पांच कर्मचारियों को विभाग ने चार्जशीट कर दिया है। मामले में विभाग पहले दो कर्मचारियों को निलंबित कर चुका है। पांच कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए।

वहीं आरोपी कर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। जिसमें जांच के लिए नियुक्त विशेष टीम मामले से जुड़े हर पहलु की गहनता से जांच करेगी। गौर हो कि चुराह वन मंडल में देवदार के हरे-भरे पेड़ों के अवैध कटान मामले में चार्जशीट किए गए कर्मचारियों में एक वन खंड अधिकारी और चार वनरक्षक शामिल हैं।

इन कर्मचारियों पर जंगलों में टीडी में स्वीकृत पेड़ों के बजाय



हरे-भरे देवदार के पेड़ों के कटान के आरोप लगे हैं।

आरोपों की सत्यता का पता लगाने के लिए वन मंडलाधिकारी ने टीम के साथ जंगलों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान विभाग ने जंगलों में देवदार के 661 स्लीपर बरामद किए। इससे अधिक मात्रा में स्लीपर जंगल से गायब हो चुके हैं। वहीं चार्जशीट रहने तक इन कर्मचारियों को न तो विभागीय इंक्रीमेंट का लाभ मिलेगा और न ही किसी प्रकार की पदोन्नति मिलेगी। चार्जशीट में लगे आरोप साबित होने तक ये कर्मचारी नियमित तौर पर ड्यूटी करते रहेंगे। आरोप साबित होने पर उनके खिलाफ विभाग आगामी कार्रवाई करेगा।

> चुराह के वनों में टीडी के तहत गलत निशानदेही को लेकर गुप्त शिकायत पहुंची थी। जिस पर उन्होंने स्वयं जंगलों में जाकर जांच की। जिसमें टीडी के तहत गलत पेड़ों को अवैध रूप से काटे जाने की सत्यता का पता चला। इसकी रिपोर्ट बनाकर मुख्य वन अरण्यपाल को भेजी। जिसके चलते मामले में संलिप्त कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।
>
> **-सुशील गुलेरिया, वन मंडलाधिकारी, चुराह।**

# सड़कों पर उतरे बेरोजगार अध्यापक

## गेस्ट टीचर नीति के विरोध में रैली निकालकर किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

- जिला पुस्तकालय परिसर से लेकर उपायुक्त कार्यालय परिसर तक निकाली रैली
- कहा- निर्णय वापस नहीं लिया तो करेंगे उग्र आंदोलन

**आरके रांगड़ा, चंबा**

गेस्ट टीचर नीति के विरोध में जिले के प्रशिक्षित बेरोजगार अध्यापक संघ ने आवाज बुलंद कर दी है। जिसके चलते बुधवार को प्रशिक्षित बेरोजगार अध्यापक संघ के आह्वान पर प्रशिक्षित बेरोजगार अध्यापकों ने जिला पुस्तकालय परिसर से लेकर उपायुक्त कार्यालय परिसर तक राज्य सरकार के खिलाफ रैली निकालकर अपना विरोध जताया। वहीं प्रशिक्षित बेरोजगार अध्यापक संघ के पदाधिकारियों ने उपायुक्त चंबा अपूर्व देवगन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा।

इस अवसर पर प्रशिक्षित बेरोजगार अध्यापक संघ से राकेश कुमार, प्रताप चंद, रविंद्र कुमार, रमेश कुमार, सचिन कुमार, योगराज, प्रदीप कुमार, कमल कुमार, केवल कुमार, राकेश कुमार



गेस्ट टीचर नीति के विरोध में वीरवार को रोष रैली निकालते जिले के प्रशिक्षित बेरोजगार अध्यापक।

ने बताया कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने अपनी पिछली कैबिनेट बैठक में जो गेस्ट टीचर नीति के माध्यम से अस्थायी भर्ती करने का निर्णय लिया है, इस निर्णय से प्रदेश भर के युवा बेरोजगार अध्यापकों में रोष है। उन्होंने कहा कि यह नीति वर्तमान में आरएंडपी निगमों की उल्लंघना करती है।

उन्होंने कहा कि युवा वर्ग कैसे न कैसे कर कई तरह की शिक्षा से जुड़े शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। वहीं सरकार शिक्षकों की नियमित भर्ती करने की बजाय बेरोजगार प्रशिक्षित शिक्षकों के रोजगार की आस पर पानी फेरते हुए अपनी आर्थिकी सुधारने के तहत गेस्ट टीचर नियुक्ति के निर्णय ले रही है। जिसे बेरोजगार प्रशिक्षित अध्यापक संघ कभी सहन नहीं करेंगे। उन्होंने राज्य सरकार से एचपीआरसीए की बहाली की मांग भी की। प्रदेश सरकार अपने निर्णय को वापस नहीं लेती है तो बेरोजगार प्रशिक्षित अध्यापक संघ शांतिपूर्वक किए आंदोलन को उग्र आंदोलन में तबदील करने से गुरेज नहीं करेंगे। इस मौके पर बेरोजगार प्रशिक्षित अध्यापक संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। (अनंत ज्ञान)

## हर हाथ अनंत ज्ञान



डलहौजी निवासी मुकेश कुमार अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



बनीखेत निवासी अनीता कुमारी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुई।



बनीखेत में एलआईसी एजेंट दीपक अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



चौगान वार्ड निवासी नील कमल अनंत ज्ञान अखबार पढ़ती हुई।

# जिले के चार संपर्क मार्गों को एफसीए की अनुमति प्रदान

- बैठक के दौरान डीसी अपूर्व देवगन ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि जिला में कार्यान्वित होने वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं के तहत एफसीए(वन संरक्षण अधिनियम)अनुमति मामलों को प्राथमिकता के आधार पर गति प्रदान की जा रही है। इसके लिए प्रत्येक माह में विशेष बैठकों का आयोजन कर लंबित मामलों का समाधान सुनिश्चित बनाया जा रहा है। उपायुक्त ने यह जानकारी वीरवार को एफसीए के तहत प्रगति को लेकर आयोजित बैठक के उपरांत दी।

उपायुक्त ने बताया कि इसी क्रम की निरंतरता में वन मंडल चंबा, चुराह और डलहौजी के तहत चार सड़क परियोजनाओं को अनुमति प्रदान की गई है। इन सड़क परियोजनाओं में वन मंडल चंबा और लोक निर्माण मंडल तीसा के तहत कियाणी-बगोड़ी-शक्ति, देहरा-टिकरी संपर्क मार्ग को



हमलागला की ओर से 5.48 हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए एफसीए के तहत अनुमति प्रदान की गई है। इसी तरह वन मंडल चुराह और लोक निर्माण मंडल सलूणी के अंतर्गत संपर्क मार्ग सलूणी-किलोड़ और हाथिनी-बिन्ना शामिल है। वन मंडल और लोक निर्माण मंडल डलहौजी के तहत दाबला डंगा-छंबर संपर्क मार्ग को भी सैद्धांतिक अनुमति प्रदान की गई है। बैठक में वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति, शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# चुवाड़ी क्षेत्र में बीएसएनएल सेवा ठप, लोग परेशान

**चुवाड़ी।** उपमंडल चुवाड़ी में बीएसएनएल सेवा गत तीन दिनों से पूर्ण रूप से चरमरा गई है। जिसके चलते उपमंडल के क्षेत्रवासियों को दूरसंचार व्यवस्था सुचारु रूप से प्राप्त नहीं हो रही है। हालांकि इस दिशा में क्षेत्र के कई उपभोक्ताओं ने बीएसएनएल अधिकारियों को समस्या से अवगत भी करवाया है, लेकिन इसके बावजूद व्यवस्था जस की तस बरकरार है। गौर हो कि बीएसएनएल एक्सजेंच के पावर प्वॉइंट में तकनीकी खराबी आने के चलते क्षेत्र में उपभोक्ताओं को बीएसएनएल सेवाओं से वंचित दिन काटने पड़ रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि सेवा ठप होने से उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। निगम से गुहार है की इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए। निगम कर्मियों के अनुसार देर सांय तक तक संचार सेवा को बहाल कर दिया जाएगा। दूरसंचार सेवा की बहाली को लेकर प्रयास जारी है।

# दरबार हॉल में होगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस, उपायुक्त करेंगे अध्यक्षता

## एसडीएम कार्यालय चंबा में बैठक के दौरान तैयारियों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को जिला व उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम का सफल आयोजन दरबार हॉल चंबा में किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी को लेकर एसडीएम कार्यालय चंबा के कक्ष में वीरवार को बैठक का आयोजन किया गया।

एसडीएम चंबा अरुण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों, तहसीलदार, नायब तहसीलदार निर्वाचन के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। एसडीएम चंबा ने उपस्थित सभी संस्थान प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि जिला व उपमंडल स्तरीय



एसडीएम कार्यालय में बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी।

कार्यक्रम दरबार हाल में उपायुक्त चंबा अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में मनाया जाएगा।

इसमें शहरी क्षेत्र के सभी 19 मतदान केंद्रों के बीएलओ नए मतदाताओं सहित अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर नए मतदाताओं का स्वागत किया जाएगा और उपस्थित जनसमूह को लोकतंत्र के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई जाएगी तथा आने वाले चुनावों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। निर्वाचन कानूनगो चंबा सुनील शर्मा ने इस अवसर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस के सफल आयोजन के लिए विस्तृत जानकरी प्रदान की व सफल आयोजन के लिए सभी संस्थान प्रमुखों से सहयोग का आह्वान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### समय पर पूरी करें समारोह की तैयारियां



उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में मौजूद अतिरिक्त उपायुक्त भरमौर नवीन तंवर व अन्य।

**भरमौर।** उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त भरमौर नवीन तंवर की अध्यक्षता में वीरवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन से संबंधित तैयारियों को तय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह भरमौर हेलिपैड में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रातः 11 बजे मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और परेड का निरीक्षण करने के उपरांत पुलिस, एनसीसी तथा एनएसएस की टुकड़ियों एवं स्कूलों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत मार्चपास्ट की सलामी ली जाएगी। उन्होंने बताया की इस दौरान परेड के बाद सांस्कृतिक और देशभक्ति से संबंधित कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। बैठक में खंड विकास अधिकारी अनिल गुराड़ा, तहसीलदार तेजराम, तहसीलदार होली आशीष शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### किसान आधुनिक तकनीकों का करें प्रयोग



बचत भवन चंबा में कार्यशाला के दौरान उपस्थित डीसी अपूर्व देवगन व अन्य।

**चंबा।** किसानों और कृषि-उद्यमियों की वित्तीय सहायता से सशक्तिकरण के उद्देश्य से वीरवार को बचत भवन चंबा में जिला उद्यान विभाग के तत्वावधान में एकदिवसीय क्षेत्रीय वित्तीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसानों और बागवानों को सशक्त बनाने के लिए विश्व बैंक से वित्त पोषित हिमाचल प्रदेश बागवानी विकास परियोजना चलाई गई है। इस परियोजना के तहत जिला में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस एकदिवसीय कार्यशाला को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य वित्तीय जागरूकता से किसानों और कृषि-उद्यमियों का सशक्तिकरण सुनिश्चत करना है। उपायुक्त ने कहा कि किसान व बागवान उपलब्ध संसाधनों का पूर्णतया उपयोग कर विभाग के सहयोग और आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर परिपूर्णता को हासिल करने का प्रयास करें। उपनिदेशक उद्यान डॉ. प्रमोद शाह ने उपायुक्त का कार्यशाला में पधारने पर स्वागत किया और जिला में हिमाचल प्रदेश हॉर्टिकल्चर डेवलपमेंट परियोजना के तहत की गई उपलब्धियां और गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### 'सरकार गांव के द्वार' की तैयारियों पर चर्चा

**भरमौर।** अतिरिक्त उपायुक्त भरमौर नवीन तंवर की अध्यक्षता में वीरवार को विधानसभा क्षेत्र भरमौर के तहत भरमौर हेलिपैड में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की कड़ी में 22 जनवरी को भरमौर हेलिपैड में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने उपमंडल स्तरीय अधिकारियों को तय सीमा के भीतर आवश्यक प्रबंधों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रदर्शनी में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध होनी चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

# तीसा अस्पताल को दी डबल सिलेंडर वाली ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीन

## प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था चंबा ने प्रबंधन को सौंपी सौगात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था चंबा द्वारा जिलाभर के रोगियों को उनके उपमंडल क्षेत्रों में ही ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीन सुविधा से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों के सार्थक परिणाम मिलना आरंभ हो गए है।

इस कड़ी में प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था चंबा संस्थापक दीपक भाटिया की अगुआई में संस्था द्वारा नागरिक अस्पताल तीसा प्रबंधन को तहसील चुराह के लिए डबल सिलेंडर वाली ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीन प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था चंबा संस्थापक दीपक भाटिया ने बताया कि जिला के उपमंडलों व तहसीलों में स्थित स्वास्थ्य केंद्रों व चिकित्सालयों में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीनों का अभाव है।



नागरिक अस्पताल तीसा प्रबंधन को डबल सिलेंडर ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीन देते प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था चंबा के संस्थापक दीपक भाटिया।

जिसके कारण कई रोगियों को उपचार के दौरान ऑक्सीजन सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। इस अभाव को दूर करने के लिए संस्था द्वारा जन सहयोग से यह मशीने चिकित्सालयों को मुहैया करवाई जा रही है। जिसमें दो मशीनें चंबा सदर में चिकित्सालय को, एक मशीन तहसील भरमौर, एक मशीन तहसील डलहौजी (बाथरी), एक मशीन तहसील चुराह तीसा के लिए प्रदान की गई है। जबकि तहसील सलूणी, भटियात व पांगी के लिए भी ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीनों को जल्द प्रदान किया जाएगा। इस जनकल्याण कार्य में संजीव अत्री एसडीओ लोक निर्माण विभाग कोटी, एनपीएसई. मुख्य सलाहकार, शशिकांत आर्किटेक्ट भद्रम, मैसर्स कुकरेजा ब्रदर्स तीसा रोमी कुकरेजा व डिंपल कुकरेजा ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया है।

# विधानसभा अध्यक्ष 22 को सुनेंगे समस्याएं

**भरमौर।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 22 जनवरी को भरमौर के हेलिपैड में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और उनका निपटारा भी करेंगे। इस कार्यक्रम में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष व अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। भरमौर प्रशासन ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पूरी तरह से तैयारी कर रखी है। इस कार्यक्रम के दौरान सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान और मौके पर निपटारा भी किया जाएगा। प्रशासन का लोगों से आह्वान है कि लोग इस अवसर का लाभ उठाएं। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष तीसा व सलुणी में सरकार जनता के द्वारा कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और उनका मौके पर ही निपटारा करेंगे।

# स्किल डेवलपमेंट व जलवायु परिवर्तन के बारे में दी जानकारी



कार्यक्रम के दौरान एक युवा को स्मृति चिन्ह भेंट करते युवा स्वयंसेवी भार्गव शर्मा।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा वैली संस्था एवं सीडीटीआई इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अनफ्रेंड टैक्नोलॉजी सुल्तानपुर के द्वारा स्किल डेवलपमेंट एवं जलवायु परिवर्तन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी भार्गव शर्मा ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी भार्गव शर्मा ने युवाओं को स्किल डेवलपमेंट एवं जलवायु परिवर्तन के बारे में बताया। वहीं माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि युवाओं के सहयोग से ही विकसित भारत की लक्ष्य प्राप्ति हो सकती है एवं युवाओं को जलवायु परिवर्तन के बारे मे भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान तेजी से बदल रहे जलवायु और पर्यावरण पर चिंता जताई गई। प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने का आह्वान किया गया।

# मान सिंह ठाकुर चालक यूनियन चंबा के प्रांतीय प्रधान चुने



हिमाचल पथ परिवहन निगम चालक यूनियन चंबा के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल पथ परिवहन निगम चालक यूनियन चंबा क्षेत्र के चुनाव प्रांतीय प्रदेशाध्यक्ष मिलाप चंद चौधरी की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से हुए। इसमें प्रांतीय प्रधान मान सिंह ठाकुर, प्रांतीय सलाहकार सुरेश ठाकुर, प्रदेश प्रेस सचिव जगर नाथ ठाकुर, मंडलीय प्रधान बद्री भरमौरी, धर्मशाला यूनिट के प्रधान कुलदीप सिंह ठाकुर को चुना गया।

इस अवसर पर प्रांतीय प्रधान मान सिंह ठाकुर ने चंबा क्षेत्र के चालकों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार व प्रबंधन से मांग की गई है कि निगम में 500 चालकों की भर्ती तुरंत की जाए, ताकि प्रदेश की जनता को बेहतर सुविधा मिल सके। प्रति वर्ष 300 चालक निगम से सेवानिवृत्त हो रहे हैं व निगम के चालकों पर अतिरिक्त बोझ भी बढ़ रहा है, क्योंकि आने वाले समय में सरकार नई बसों की खरीद भी कर रही है।

प्रदेशाध्यक्ष मिलाप चंद्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश के अन्य विभागों में 50 हजार रुपये एरियर की किस्त दी गई है। लेकिन, हिमाचल पथ परिवहन के कर्मचारियों को एक किस्त तक नहीं दी गई।

**बैठक** बारिश और बर्फबारी न होने से बढ़ी किसानों और बागवानों की टेंशन

# तीसा में सूखे की चपेट में सेब के बगीचे

**आजम डार, तीसा**

जिले में बारिश न होने से तीसा में सेब के बगीचे सूखे की चपेट में आ गए हैं। बगीचों से नमी गायब है। इससे फासफोरस और पोटाश खाद डालने का काम लटक गया है। उर्वरकों की कमी से बगीचे बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। इससे फल की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। बारिश और बर्फबारी न हुई तो चिलिंग ऑवर्स भी पूरे न होने से सेब के उत्पादन में कमी आ सकती है।

15 नवंबर के बाद क्षेत्र में बारिश और बर्फबारी न होने से बागवानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। चुराह के चांजू, तीसा, जसौरगढ़, सनवाल समेत क्षेत्र की दर्जनों पंचायतों में स्थित सेब के बगीचों से लोगों की आय होती है। इस बार समय पर बारिश न होने से बागवान परेशान हैं। बागवानी विशेषज्ञों की माने तो दिसंबर में बगीचों में फासफोरस और पोटाश खाद डाली जाती है। इसके लिए जमीन में नमी होना जरूरी है। खाद से पौधों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और जड़ें मजबूत होती हैं। सेब की अच्छी फसल के लिए दिसंबर में तापमान 15 डिग्री से कम होना चाहिए। इन दिनों तापमान 20 डिग्री के करीब चल रहा है। सर्दी के मौसम में पेड़ों से पत्ते झड़ना जरूरी है। तापमान अधिक होने से पत्ते नहीं झड़ पा रहे। फल उत्पादक मोहन लाल, राजू राम, निर्मल, प्रदीप कुमार, पान चंद और धर्म दास ने कहा कि बारिश-बर्फबारी न होने से सूखे के कारण खाद डालने का काम रुक गया है। अगले एक हफ्ते भी बारिश-बर्फ बारी नहीं हुई तो सेब की फसल बुरी तरह प्रभावित होने का डर सता रहा है। (अनंत ज्ञान)

### बीमारी की चपेट में आ सकते हैं बगीचे



नमी न होने से बगीचों में फासफोरस और पोटाश खाद डालने का काम प्रभावित हो रहा है। इससे बगीचे बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। वूली एफिड का खतरा है। फल की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है। तापमान की अधिकता से फसल पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

- नमी हुई गायब, फसल हो सकती है प्रभावित

> बारिश न होने से सेब के बगीचों में खाद डालने का कार्य लटक गया है। बारिश की बागवानों को बहुत आवश्यकता है ताकि फसल अच्छी हो।
>
> **डॉ. प्रमोद शाह, उपनिदेशक, उद्यान विभाग।**

### 1200 घंटे चिलिंग ऑवर्स होते हैं जरूरी

सेब के पौधों के लिए सात डिग्री से कम तापमान में 1000 से 1200 घंटे चिलिंग ऑवर्स की जरूरत रहती है। चिलिंग ऑवर्स पूरे न होने का असर फ्लावरिंग पर पड़ता है। पौधों में एक समान फ्लावरिंग नहीं होती। कमजोर फ्लावरिंग से फूल झड़ जाते हैं। इससे सेब उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### नौजवान सभा ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



एडीसी को ज्ञापन सौंपते नौजवान सभा के सदस्य।

**मंडी।** भारत की जनवादी नौजवान सभा की मंडी इकाई ने एडीसी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रदेश सरकार द्वारा गेस्ट टीचर भर्ती के फैसले पर उचित निर्णय लें और युवाओं के सपनों के तहत सरकारी नौकरी के प्रबंध करें। पिछले दिनों हिमाचल मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश के स्कूलों व महाविद्यालयों में गेस्ट टीचर भर्ती करने का फैसला लिया गया है, जिसके चलते प्रदेश के अंदर युवाओं के अधिकारों पर एक और कुठाराघात हुआ है। नौजवान सभा का मानना है कि प्रदेश सरकार का यह फैसला प्रदेश के उन हजारों युवाओं के साथ खिलवाड़ है, जो एक स्थायी रोजगार हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। नौजवान सभा मांग करती है कि मंत्रिमंडल के इस फैसले को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए व अध्यापकों के पदों को स्थायी तौर पर भरा जाए। इस अवसर पर नौजवान सभा के राज्य प्रधान सुरेश सरवाल, अजय वैद्य, अंकुर, पोविंदर, जय देव इत्यादि ने हिस्सा लिया।

### 1500 घरों में दिए अक्षत व निमंत्रण



धर्म जागरण समाज सुधार समिति के सदस्य सामूहिक चित्र में।

**जोगिंद्रनगर।** धर्म जागरण समाज सुधार समिति हार गुनेन व रोपा पधर की बैठक वीरवार को गलू में जालपा माता मंदिर में हुई। इसमें 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर गलू में कार्यक्रम करने की योजना बनाई, जिसमें समिति ने मंदिर में लाइव प्रसारण व हवन किया जाएगा और भंडारा भी किया जाएगा। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान के शानन बस्ती संयोजक मुकेश ने कहा कि बस्ती में 1500 घरों तक अक्षत और निमंत्रण दिए और बस्ती में गलू जालपा माता मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम 22 जनवरी को किया जाएगा। इस बैठक में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान के नगर सह संयोजक खुशबू शर्मा रही। इसके अलावा समिति से मुकेश, विरी सिंह, विधि चंद, शेर सिंह, दूनी चंद, शंकर, घनश्याम, सुरेंद्र कुमार, कृष्ण, संजय, अमर सिंह, पवन, सत्यपाल अवस्थी, कर्म सिंह, हिमांशु, श्यामी देवी, कौशल्या, कविता देवी, इंदू, जमना देवी उपस्थित रहे।

### झंग्गी स्कूल में बच्चों को स्वेटर बांटे



स्वेटर वितरण के दौरान झंगी स्कूल के छात्र सामूहिक चित्र में।

**धर्मपुर।** उपमंडल धर्मपुर की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंग्गी में वीरवार को पहली से लेकर जमा दो कक्षा तक के विद्यार्थियों को मुफ्त स्वेटर वितरित किए गए। बता दें कि सांई फाउंडेशन के अध्यक्ष राजकुमार वर्मा के सौजन्य से बच्चों को स्वेटर बांटे गए। पाठशाला के प्रधानाचार्य बीएस भंडारी ने बताया कि पहली कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक के बच्चों को वीरवार को प्रधान भूर पंचायत द्वारा स्वेटरों का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहा। प्रधानाचार्य तथा समस्त स्टाफ ने इस पुण्य कार्य के लिए वर्मा का आभार व्यक्त किया।

### विधायक दलीप ने शिव मंदिर में की सफाई



**सरकाघाट।** विधानसभा क्षेत्र सरकाघाट के भाजपा विधायक दलीप सिंह ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रीराम लला के आगमन पर प्रसिद्ध शिव मंदिर परिसर सरकाघाट में वीरवार को स्वच्छता अभियान चलाया, जिसके तहत मंदिर परिसर में साफ-सफाई की गई। इस दौरान स्थानीय विधायक दलीप सिंह ठाकुर ने बताया कि इन दिनों पूरे देश भर में यह अभियान चला हुआ है और कार्यकर्ता प्रत्येक मंदिर में जाकर स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। बता दें कि अभी यह अभियान 21 जनवरी तक चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकाघाट के सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान हर मंदिर तक पहुंच जाएगा और 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए भी निमंत्रण दिया जा रहा है उस दिन भारी मात्रा में श्रद्धालु राम मंदिर अयोध्या पहुंचेंगे और राम भगवान के दर्शन करेंगे। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष उत्कर्ष खत्री, इंद्रपाल भारद्वाज जिला महामंत्री, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष विनित ठाकुर, जितेंद्र मंडल उपाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी अभिमन्यु, मनीष कंवर, शिवम, अभिमन्यु, अंकुश, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

# हर घर में नल, नल में नहीं जल

## कलखर चौक पर ग्रामीणों ने खाली बर्तनों के साथ किया प्रदर्शन, विभाग के खिलाफ लगाए नारे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



पानी की समस्या के चलते कलखर चौक पर खाली बर्तनों के साथ प्रदर्शन करती महिलाएं।

सरकार ने हर घर नल तो लगा दिया लेकिन जल का कोई अता पता नहीं है इसको लेकर कलखर चौक में बच्चे, बूढ़े और जवानों ने जलशक्ति विभाग और सरकार के खिलाफ खाली बर्तनों के साथ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की समस्या को लेकर विभाग के पास जाते है तो चार से पांच दिन पानी आता है उसके बाद वही समस्या फिर से खड़ी हो जाती है।

उन्होंने बताया कि रिवालसर सर्कल के जलशक्ति विभाग के आला अधिकारी कहते हैं कि आप सरकाघाट सर्कल में आते हैं वहीं सरकाघाट सर्कल में अपनी समस्या को लेकर जाते हैं तो वह रिवालसर सर्कल बोलकर वहां से भेज देते हैं। वहीं कलखर की महिलाओं का कहना है कि कलखर में पानी की समस्या चार साल से चली आ रही है और जहां भी जाएं आश्वासन के सिवाए कुछ नहीं मिलता है।

बता दें कि बीते चार जनवरी को कलखर गांव के निवासियों ने अपनी समस्या को एडीसी मंडी निवेदिता नेगी के समक्ष रखा था। एडीसी ने भी उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया था। उस दिन गांव वासियों का कहना था कि यदि समय से पानी नहीं मिला तो सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे, जिसकी नौबत आ ही गई। ग्रामीणों का कहना है अगर पानी समय से नहीं मिला तो आने वाले समय में कलखर रोड में चक्का जाम करेंगे और साथ ही लोकसभा चुनावों का बहिष्कार भी करेंगे। निवेदिता नेगी, एडीसी मंडी का कहना है कि जल शक्ति विभाग को संबंधित मामले के लिए निर्देश दे दिए गए है।

**लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की दी चेतावनी**

> कलखर में जल स्रोतों की कमी पड़ गई है और जहां पहले 30 हजार लीटर पानी होता था अभी आठ हजार लीटर ही पानी स्रोतों से मिल पाता है। विभाग द्वारा कलखर गांव को एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई दी जा रही है। पानी के और भी साधन जुटाए जा रहे हैं। आने वाले समय में लोगों को नियमित रूप से पानी मिलना शुरू हो जाएगा।
>
> **हर्ष शर्मा, अधिशाषी अभियंता, जल शक्ति विभाग, बग्गी।**

मामला ध्यान में आया है तो एक बार फिर विभाग के अधिकारियों से जवाब तलब किया जाएगा। जल्द समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## हैप्पी बर्थडे



जोगिंद्रनगर के ललित शर्मा को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान की ओर से बधाई।

### ठंड के कारण डीसी ने बदली स्कूलों की समयसारिणी

**मंडी।** पूरे प्रदेश सहित जिला मंडी में शीतलहर के चलते स्कूलों की समयसारिणी में बदलाव करना पड़ा है। इस बाबत जिला दंडाधिकारी अरिंदम चौधरी द्वारा प्रारंभिक व उच्च शिक्षा उपनिदेशकों को पत्र लिखकर बाकायदा निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश बल्ह, सलवाहन और औट शिक्षा खंडों के अधीन चल रहे सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के लिए जारी किए गए हैं। ऐसे निर्देश वाला पत्र मंडलीय आयुक्त, पुलिस अधीक्षक व सभी उपमंडल अधिकारी (नागरिक) और संबंधित स्कूलों को भेजे गए हैं।

बता दें कि शीतलहर के चलते मैदानी इलाकों में सफेद धुंध व कोहरा अत्यधिक मात्रा में ठंड की प्रचंड लहर बढ़ा रहा है। इसके चलते सुबह के वक्त बहुत ही ज्यादा ठंड और धुंधला परिदृश्य सामने आ रहा है। इस कारण बच्चों ओर अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसके चलते बच्चों की सुरक्षा के लिए जिला दंडाधिकारी द्वारा डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट 2005 के तहत सेक्शन 34 में दी हुई शक्तियों के द्वारा स्कूलों की समयसारिणी में आधे घंटे का बदलाव करने का निर्देश दिया है। इसके तहत अब प्रात: काल में स्कूल नौ के बजाय 9:30 बजे से प्रारंभ होगा और शाम को 3:00 बजे के स्थान पर 3:30 बजे छुट्टी होगी। यह व्यवस्था तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है तथा 31 जनवरी या आगामी आदेशों तक जारी रहेगी।

## एनपीए बंद करने पर डॉक्टरों ने काले बिल्ले लगाकर किया विरोध-प्रदर्शन



सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर में अपनी मांगों को लेकर काले बिल्ले लगाकर विरोध-प्रदर्शन करते डॉक्टर।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर के डॉक्टरों ने वीरवार को नॉन प्रैक्टिकल अलाउंस एनपीए को बंद करने के विरोध में काले बिल्ले लगाकर विरोध-प्रदर्शन किया। डॉक्टरों में डॉ. शिवम, डॉ. अंकित, डॉ. ऋषभ, डॉ. विनय, डॉ. अमित, डॉ. कनिका तथा डॉ. मनिक ने कहा कि सरकार द्वारा पहले सैद्धांतिक तौर पर एनपीए को बहाल करने की बात कही थी, लेकिन अब सरकार इससे पीछे हट रही है जिससे वे नाराज हैं। उन्होंने सरकार से एनपीए को लागू करने का आग्रह किया। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता पंकज जम्वाल ने कहा कि प्रदेश सरकार डॉक्टरों के साथ घोर अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि डॉक्टरों के हितों की रक्षा करें।

## पुराने मेला मैदान में होगा गणतंत्र दिवस समारोह

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह पुराने मेला मैदान जोगिंद्रनगर में आयोजित किया जाएगा। समारोह में एसडीएम राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी व एनएसएस की टुकड़ियों द्वारा भव्य मार्चपास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। समारोह के सफल आयोजन को लेकर वीरवार को कार्यकारी एसडीएम एवं तहसीलदार जोगिंद्रनगर डॉ. मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। कार्यकारी एसडीएम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले शिक्षण संस्थानों से देशभक्ति व लोक नृत्यों पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर बल दिया। प्रस्तुत किए जाने वाले कार्यक्रम की अग्रिम जानकारी एसडीएम कार्यालय को 22 जनवरी तक उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। जल शक्ति, पुलिस तथा अन्य सभी विभागों को भी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए।

## अजय मॉडल स्कूल में छात्रों को बांटे मेरिट सर्टिफिकेट



मेरिट में आए छात्र सर्टिफिकेट वितरण के दौरान अध्यापकों के साथ।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट की अजय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरौन की बोर्ड में मेरिट सूची में नाम दर्ज करने वाले मेधावी छात्रों को प्रधानाचार्य लता पठानिया ने मेरिट सर्टिफिकेट वितरित किए। उन्होंने बताया कि शिक्षा सत्र 2022-23 में दसवीं कक्षा के 14 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान हासिल किया है। उन्होंने सभी मेधावियों तथा अध्यापकों को बधाई दी। दसवीं कक्षा में मेरिट सर्टिफिकेट पाने वालों में आस्था, एंजेल, जन्नत, काशीष ठाकुर, शिवानी ठाकुर, सोनाली कतना, तनीषा राणा, तान्या, वैशाली, आर्यन, इशांत, मानस वर्मा, पीयूष तथा उदय चौहान को मेरिट सर्टिफिकेट बांटे गए।

## आतंकी हमले में घायल बल्ह घाटी के जवान को भूली प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

बल्ह घाटी के मलवाणा गांव के हेमराज 55 आरआर राष्ट्रीय राइफल में तैनात हैं। हेमराज बीते वर्ष जम्मू-कश्मीर पुलवामा जिले में आतंकी मुठभेड़ में आतंकियों से लोहा लेते हुए घायल हो गए। हेमराज अभी भी सेना में सेवारत हैं, मगर उन्हें इस बात का मलाल है कि प्रदेश सरकार की ओर से उन्हें बहादुरी के लिए कोई प्रमाण पत्र तक नहीं दिया गया और न ही वर्तमान सरकार का कोई नुमाइंदा उसका हालचाल पूछने आया। हालांकि केंद्र सरकार की ओर से उनकी मदद की गई है।



हेमराज ने बताया कि 27 फरवरी 2023 की रात साढ़े बारह बजे जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिला में ड्यूटी के दौरान आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान वह घायल हो गए और उनका साथी पवन कुमार जो रामपुर का रहने वाला था इस मुठभेड़ में शहीद हो गया। हेमराज ने बताया कि घायल होने के बाद से वह मेडिकल लीव पर चल रहे हैं और सेना की तरफ से पूरी मदद मिल रही है, मगर हिमाचल का निवासी होने के नाते प्रदेश सरकार की ओर से किसी तरह का प्रोत्साहन न मिलना निराशाजनक है। हालांकि तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी उनका हालचाल पूछने मलवाणा स्थित उसके घर में आए थे, लेकिन वर्तमान सरकार की ओर से उसकी सुध नहीं ली गई। उधर मंडी जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष टेक चंद शर्मा ने बताया कि हेमराज राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि हेमराज को राज्य एवं जिला स्तर पर आयोजित होने वाले समारोहों के दौरान उनकी बहादुरी के लिए सम्मानित किया जाए।

# कार सेवकों को घर जाकर दिया निमंत्रण

## जोगिंद्रनगर में विश्व हिंदू परिषद की पहल की हो रही प्रशंसा





पूर्व सांसद स्व. राम स्वरूप शर्मा व स्वर्गीय कैप्टन गंगा सिंह बिष्ट के परिजनों को निमंत्रण पत्र देते विश्व हिंदू परिषद के सदस्य।

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

अयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को अब कुछ ही दिन शेष हैं। इसी बीच जोगिंद्रनगर में विश्व हिंदू परिषद व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत वितरण कार्यक्रम पूर्ण किया जा रहा है। इसमें शांति स्वरूप शर्मा, जोगिंद्र पाल शर्मा, दुर्गा वहिनी संयोजिका व अक्षत वितरण नगर सह संयोजिका खुशबू शर्मा, अमित शर्मा, नागेंद्र कुमार, अनिल ठाकुर, विंकल द्वारा जोगिंद्रनगर से 30 अक्तूबर 1990 व छह दिसंबर 1992 में हुई कार सेवा में गए हुए कार सेवकों के घरों में जाकर भगवान राम मंदिर दर्शन के लिए निमंत्रण दिया गया।

बता दें कि कार सेवा में जोगिंद्रनगर से जोगिंद्र पाल शर्मा भी गए थे। उन्होंने बताया कि 1990 और 1992 की कार सेवा में जोगिंद्रनगर से गए हुए कारसेवकों का नेतृत्व पूर्व सांसद स्व. रामस्वरूप शर्मा कर रहे थे। जोगिंद्रनगर से 1990 की कारसेवा में पांच लोग अयोध्या गए थे और छह दिसंबर 1992 की कार सेवा के लिए 17 कारसेवक अयोध्या गए थे। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी 2024 को स्व. रामस्वरूप शर्मा के गांव के शिव मंदिर बाग झलवान में सभी कार सेवकों और उनके परिवार के सदस्यों को कार्यक्रम में आने का आग्रह किया गया। जोगिंद्रनगर से अक्तूबर 1990 की कार सेवा के लिए गए बलिदानी जत्थे का नेतृत्व स्व. रामस्वरूप शर्मा कर रहे थे, जिसमें स्व. अमृत लाल, स्व. शिव चंद, तारा चंद, सुनील दत्त शर्मा के परिवारों से मिलकर उनके परिवारजनों को भी कार्यक्रम में आने का आग्रह किया। इसी के साथ 1992 की कार सेवा में रहे कार सेवकों स्व. कै. गंगा सिंह बिष्ट, जोगिंद्र शर्मा, अनिल ठाकुर, रूप सिंह, हेम सिंह वर्मा, स्व. निर्भय जम्वाल, रामचंद्र, नरेश भंडारी, स्व. देशराज ठाकुर, कश्मीर सिंह, कश्मीर ठाकुर, केहर सिंह ठाकुर, जय सिंह ठाकुर, पाल सिंह ठाकुर, आनंद ठाकुर, चतर सिंह, सुनील दत्त शर्मा कार सेवकों व उनके परिजनों को भी कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया। दुर्गा वहिनी की संयोजिका खुशबू शर्मा ने लोगों से आग्रह किया है कि 22 जनवरी को शाम के समय अपने-अपने घरों में दीपक जलाएं। (अनंत ज्ञान)

# आठ साल बाद भी नहीं बना नागरिक अस्पताल सरकाघाट का भवन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट में 11 करोड़ 44 लाख की लागत से बन रहे नागरिक अस्पताल के नए भवन का निर्माण कार्य डेढ़ दशक बीत जाने के बाद भी पूरा होने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि इस भवन का शिलान्यास दो बार हुआ और अब बजट के चलते भवन निर्माण का कार्य पिछले कई महीनों से बंद पड़ा है।

जानकारी के अनुसार 2013 में कांग्रेस सरकार के तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री ठाकुर कौल सिंह ने अस्पताल के नए भवन का शिलान्यास किया था जिसमें दो सौ बिस्तर, दो ऑपरेशन थियेटर, ओपीडी सहित मरीजों व तीमारदारों के बैठने की व्यवस्था सहित तमाम आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान किया गया था। उसके बाद भवन निर्माण के लिए पुराने क्वाटरों को उखाड़ दिया और जमीन को समतल करके काम भी शुरू कर दिया गया। शिलान्यास के बाद डेढ़ दो वर्षों में करीब 20 प्रतिशत कार्य कर दिया गया था, लेकिन सत्ता परिवर्तन हो जाने से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी और विस क्षेत्र सरकाघाट से कर्नल इंद्र सिंह तीसरी बार विधायक बने, उन्होंने 2017 में दोबारा अस्पताल के नए भवन निर्माण के लिए शिलान्यास कर दिया और भवन निर्माण का कार्य शुरू भी हुआ और इन पांच वर्षों में करीब 70 प्रतिशत कार्य हो चुका है, लेकिन फिर तीसरी बार प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ और कांग्रेस की सरकार बनी।

**बजट के चलते पिछले कई महीनों से बंद है काम**

अब पिछले कई महीनों से इस भवन का निर्माण कार्य रुक गया है। अधिकारियों का कहना है कि बजट खत्म हो गया है। बता दें कि सिविल अस्पताल सरकाघाट पर धर्मपुर सहित आधे भोंरज और जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्रों की डेढ़ लाख आबादी निर्भर है और प्रतिदिन यहां पर 500 से 700 के बीच ओपीडी होती है। पुराने अस्पताल भवन में 100 से भी कम ही बिस्तर है और डॉक्टरों की भी कमी रहती है। दिन प्रतिदिन आबादी बढ़ रही है और उस हिसाब से पुराना अस्पताल मरीजों के लिए कम पड़ गया है। सरकाघाट की जनता ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि अस्पताल के नए भवन के लिए बजट का प्रावधान करके भवन निर्माण जल्दी शुरू किया जाए। इसके साथ अस्पताल में रिक्त पड़े सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति कर इसे जन हित मे समर्पित किया जाए ताकि क्षेत्र के लाखो लोगों को इस अस्पताल का लाभ मिल सके। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता ई. चुन्नी लाल शर्मा ने बताया कि अस्पताल भवन का निर्माण कार्य बजट के बिना रुका है। बजट की मांग की है, जैसे ही बजट का प्रावधान होता है अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**उद्घाटन** विस उपाध्यक्ष ने किया लोकार्पण, 17 लाख से हुआ निर्माण

# खादरा पंचायत को मिली भवन की सौगात

**अनंत ज्ञान, करसोग**



कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार को सम्मानित करते हुए आयोजक।

जिला मंडी के विकास खंड करसोग की ग्राम पंचायत खादरा के पंचायत घर भवन का लोकार्पण ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने मंडी से वर्चुअल माध्यम से, हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार व प्रधान ग्राम पंचायत खादरा रमेश कुमार की उपस्थिति में खादरा में किया। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार ग्राम पंचायत खादरा में उपस्थित रहे। नवनिर्मित पंचायत भवन के निर्माण पर लगभग 17 लाख रुपए व्यय किए गए है। इस अवसर पर विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने खादरा पंचायत के दो महिला मंडलों को एक-एक लाख रुपए देने की घोषणा भी की। इसके अतिरिक्त पंचायत में एक बड़ा सभागार बनाने और देवता नाग देवता मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए उचित मात्रा में आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने का भी आश्वासन दिया। इस मौके पर स्थानीय पंचायत प्रधान रमेश कुमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरिओम शर्मा व कांग्रेस नेता महेश राज ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर पंचायत प्रधान रमेश कुमार ने मुख्यातिथि व अन्य मेहमानों को शॉल व टोपी भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रहे महेश राज, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरिओम शर्मा, स्थानीय पंचायत प्रधान रमेश कुमार, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष व पूर्व प्रधान स्थानीय पंचायत सोम कृष्ण, पंचायत उपप्रधान नरेश कुमार, उपमंडलाधिकारी नागरिक कैलाश कौंडल, खंड विकास अधिकारी वैशाली शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस सचिव टेक चंद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### गोहर स्कूल में मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**गोहर।** 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के संदर्भ में एसडीएम कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एसडीएम ने कहा कि इस वर्ष उपमंडल स्तर का राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम गोहर स्कूल में मनाया जाएगा जहां मुख्य अतिथि एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट के द्वारा 11 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उपस्थित सभी प्रशासनिक अधिकारियों, स्कूल के छात्रों, कॉलेज छात्रों को लोकतंत्र को सफल बनाने के लिए मतदान की शपथ दिलाई जाएगी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस नाचन विधानसभा क्षेत्र के सभी 126 मतदान केंद्रों में आयोजित किया जाएगा। बैठक में तहसीलदार इंद्र सिंह, निर्वाचन अधिकारी हुकम चंद ठाकुर, आईटीआई प्रिंसिपल मुनीष कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर संजीव कुमार, टीजीटी दिलिप कुमार उपस्थित रहे।

# रामलला को उपहार स्वरूप चांदी की चरण पादुका, चौकी, चौउंर व वस्त्र करेंगे भेंट

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने को भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह अयोध्या रवाना

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रघुनाथ की नगरी कुल्लू से चांदी की चरण पादुका, चौकी, चौउंर व वस्त्र करेंगे भेंट स्वरूप दिए जाएंगे। भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह और मंदिर के पुजारी दिनेश सहित अन्य यह सारा सामान लेकर वीरवार को कुल्लू से अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित होने जा रहे समारोह में भाग लेने के लिए रवाना हो गए हैं।

इस समारोह को लेकर जहां अभी से ही अयोध्या सहित पूरे देशभर में जश्न का माहौल है। वहीं, रघुनाथ की नगरी कुल्लू भी राममयी हो गई है। श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन से पूर्व पूरे शहर को रोशनी से चकाचौंध करने की तैयारी की जा रही है। सभी मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण किया जाएगा और मंदिरों में भजन कीर्तन किया जाएगा। 20 जनवरी को शहर में खूबसूरत शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। वहीं, भगवान रघुनाथ के मुख्य सेवक (छड़ीबरदार) महेश्वर सिंह चांदी से बने चौउंर, चरण पादुका और चौकी लेकर यहां से रवाना हो गए हैं। महेश्वर सिंह गुरुवार सुबह 11.15 बजे सरवरी से अयोध्या के लिए निकले, उनके साथ रघुनाथ के पुजारी दिनेश किशोर व अयोद्यानंद वजीर भी गए हैं। महेश्वर सिंह रघुनाथ की ओर से पूजा-अर्चना व आरती के समय इस्तेमाल किए जाने वाले चौउंर, चरण पादुका और चौकी को भगवान श्रीराम को भेंट स्वरूप प्रदान करेंगे।

वीरवार को सुल्तानुपर स्थित रघुनाथ जी के मंदिर में सुबह जहां सबसे पहले भगवान की पूजा-अर्चना की गई वहीं, भक्तों ने भगवान के दर्शन किए उसके बाद जैसे ही महेश्वर सिंह हाथ में चरण पादुका व चौउंकी लेकर अयोध्या के लिए रवाना होने लगे तो पूरा क्षेत्र जयश्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। महिलाओं ने भजन-कीर्तन के साथ फूल भी बरसाए। इस मौके पर रघुनाथपुर से लेकर सरवरी तक शोभायात्रा निकली जिसमें सैकड़ों लोग इस शोभायात्रा में शामिल हुए। इस दौरान जय श्रीराम से पूरी घाटी गूंज उठी, कई टोलियां भजन कीर्तन करते हुए साथ साथ आगे बढ़ी। इस मौके पर शहर के लोगों के साथ साथ राजपरिवार के सभी सदस्य और माता हिडिंबा के गुर सहित अन्य देवी देवताओं के गुर भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)




भगवान रघुनाथ जी के मुख्य कारदार दानवेंद्र सिंह अयोध्या के लिए रवाना हो रहे वाहन को भेजते समय भावुक होकर रोते हुए।

### भावुक हुए भगवान रघुनाथ जी के मुख्य कारदार

**अयोध्या** के लिए रवाना होने वाले वाहन को रवाना करती बार परंपरानुसार नारियल फोड़ा गया। इस दौरान जैसे ही भगवान रघुनाथ जी के मुख्य कारदार दानवेंद्र सिंह ने नारियल फोड़ा वह भावुक हो गए और उनकी आंखों से आंसू निकल पड़े।

**सौभाग्य** की बात है कि मुझे इस समारोह में भाग लेने का अवसर मिल रहा है। यह कोई राजनीतिक निमंत्रण नहीं बल्कि भगवान रघुनाथ जी का सेवक होने के नाते मिला है। भगवान राम का कुल्लू में यह वही रूप है जो उन्होंने त्रेतायुग में अश्वमेध यज्ञ के समय रचाया था। दो मंदिरों का रिकॉर्ड अयोध्या के राजस्व रिकॉर्ड में है जिनमें त्रेतानाथ के ठाकुर भगवान रघुनाथ जी और अयोध्या के रामलला का मंदिर है।
-महेश्वर सिंह, मुख्य छड़ीबरदार भगवान रघुनाथ जी।

# अधिकारी सदस्यों की शिकायतों और सुझावों को गंभीरता से लें : सुंदर सिंह

## बैठक को त्रैमासिक स्तर पर सही समय पर आयोजित करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक देव सदन कुल्लू में आयोजित की गई ओर बैठक की अध्यक्षता मुख्य संसदीय सचिव ऊर्जा, वन, परिवहन व पर्यटन एवं जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने की।

उन्होंने सदन में विभिन्न गैर-सरकारी सदस्यों की ओर से रखी गई शिकायतों पर सभी विभागों के अधिकारियों को गंभीरता से लेने तथा समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यह आवश्यक नहीं है कि शिकायतों व समाधान के लिए बैठक का ही इंतजार करें, बल्कि जब भी शिकायत आए तो यथासंभव शीघ्र समाधान का प्रयास किया जाना चाहिए, ताकि शिकायतकर्ता को तुरंत राहत मिल सके। इस अवसर पर उन्होंने भविष्य में इस बैठक को त्रैमासिक स्तर पर सही समय पर आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस समिति के सभी सदस्यों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए जहां पर सभी सदस्य अपने सुझाव आदि दे सकें। इस दौरान विभिन्न गैर-सरकारी सदस्यों की ओर से भी अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों की शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिसमें संबंधित अधिकारी ने मौके पर ही निपटारा किया तथा शेष बची शिकायतों पर विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में सोयल तंदला सडक के चांजाला नाले पर बैली ब्रिज लगाने तथा शाडी लरआंकेलो से सिउनिधर सड़क में डंगा व मरम्मत करने के लिए तथा काइस कोटधार सड़क को शीघ्र पक्का करने के निर्देश दिए।



अधिकारियों के साथ मिल कर बैठक में भाग लेते हुए सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर।

# एट्रोसिटी एक्ट के खिलाफ धरना-प्रदर्शन

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जय भवानी की गूंज और हाथों में मशाल लिए दर्जनों लोगों ने मिलकर एक स्वर में एससी/एसटी एक्ट के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए अपना विरोध जताया। वीरवार को दिन के करीब 12.30 बजे देवभूमि क्षत्रिय संगठन एवं स्वर्ण मोर्चा के सदस्यों सहित जलुग्रां निवासी लोगों एक साथ मिलकर ढालपुर मैदान में दिन को ही सैकड़ों मशालों को जलाकर अपना विरोध प्रकट किया।



देवभूमि क्षत्रिय संगठन एवं स्वर्ण मोर्चा के बैनर तले मशाल जलाकर एट्रोसिटी एससी, एसटी एक्ट के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

गौर रहे कि 20 दिसंबर 2023 को निर्मला देवी निवासी गांव शौरन डाकघर जलुग्रां जोकि स्वर्ण समाज से संबंध रखती है उनपर प्यारे लाल गांव दयान्थला जोकि अनुसूचित जाती से संबंध रखता है के द्वारा एट्रोसिटी एससी, एसटी एक्ट के तहत एक मुकदमा दर्ज किया गया था। देवभूमि क्षत्रिय संगठन एवं स्वर्ण मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रुमित सिंह ने मशाल जलाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण समाज को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्ण समाज अगर मजबूत होती तो शायद कोई ऐसे झूठे केस में फंसाने के बारे में सोचता भी नहीं, इसलिए सबसे पहले स्वर्ण समाज को संगठित होना पड़ेगा। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि अगर जलुग्रां निवासी निर्मला देवी और उनकी बेटी को न्याय नही मिला तो सभी स्वर्ण समाज के लोग बड़ी संख्या में चूल्हा लेकर ढालपुर मैदान में आएंगे और देवभूमि क्षत्रिय संगठन एवं स्वर्ण मोर्चा काउंटडाउन शुरू करेगा और ऐसे में सभी को अपने कार्यालय छोड़ कर जाना पड़ जाएगा।

साथ ही उन्होंने कहा कि जो प्रशासन में बैठकर न्याय नहीं कर सकते उन्हें कुर्सी पर बैठने का अधिकार नहीं है। इसके बाद सभी स्वर्ण समाज के लोग देवभूमि क्षत्रिय संगठन एवं स्वर्ण मोर्चा की अगुवाई में ज्ञापन सौंप कर निर्मला देवी को न्याय देते हुए उनपर लगे एट्रोसिटी एससी, एसटी एक्ट को वापस लेकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। (अनंत ज्ञान)

# पैरा गेम्स में गोल्ड जीत बंजार पहुंची ज्योति ठाकुर का स्वागत



पैरा गेम्स में गोल्ड जीतकर लौटी ज्योति ठाकुर का स्वागत करते ग्रामीण।

**शीला कौल, बंजार**

जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की ग्राम पंचायत बालागाड़ के जलाफढ़ गांव की रहने वाली पैरा-खिलाड़ी ज्योति ठाकुर गोल्ड मेडल जीतकर अब वापस बंजार लौट आई। जहां पर पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा ज्योति ठाकुर का ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया।

वहीं ज्योति ठाकुर ने भी सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उसका सपना अंतरराष्ट्रीय पैरा-प्रतियोगिता में भाग लेकर भारत का नाम रोशन करना है और उसके लिए वह अभी से ही तैयारी में जुट गई है। इसके अलावा विशेष छात्रों को संदेश देते हुए ज्योति ठाकुर ने कहा कि वह विकलांगता को अभिशाप नहीं बल्कि वरदान समझे। आज के समय में कोई किसी से काम नहीं है और विशेष खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन देश-विदेश में कर रहे हैं। वही, इस दौरान जिला कुल्लू भाजपा महिला मोर्चा प्रवक्ता खेमा दीपक ने भी विशेष रूप से ज्योति ठाकुर को सम्मानित किया। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए खेमा दीपक ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार पैरा-खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने की दिशा में लगातार काम रही है और विशेष खिलाड़ियों का भी मान सम्मान किया जा रहा है। ज्योति ठाकुर ने बंजार के सीनियर सेकेंडरी स्कूल से अपनी शिक्षा ग्रहण की है और आज राष्ट्रीय पैरा प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर ज्योति ठाकुर ने बंजार के साथ साथ पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है।

गौर रहे कि ज्योति ठाकुर ने इससे पहले दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुई खेलो इंडिया प्रतियोगिता में भी भाग लिया था और उड़ीसा में भी आयोजित पैरा गेम्स में गोल्ड मेडल जीते थे। अब हाल ही में पैरा राष्ट्रीय खेल कुद प्रतियोगिता जो पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा गोवा में नौ से 13 जनवरी 2024 तक आयोजित की गई थी। उसमे एक बार फिर से ज्योति ठाकुर ने शॉट पुट में स्वर्ण पदक व डिस्क थ्रो में कांस्य पदक जीता है। (अनंत ज्ञान)

# हस्तशिल्प मेला 'युवा कृति' में कुल्लू प्रथम

**कुल्लू।** 27वें राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय द्वारा नासिक महाराष्ट्र में किया गया। राष्ट्रीय युवा उत्सव का शुभारंभ 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर प्रधानमंत्री द्वारा किया गया। सोनिका चंद्रा जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र कुल्लू ने बताया कि राष्ट्रीय युवा उत्सव में युवा कृति हस्तशिल्प मेले का आयोजन नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा मामले विभाग द्वारा किया जाता है, जिसका उद्घाटन केंद्रीय गृह तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्यमंत्री निसिथ प्रमाणिक द्वारा किया गया।

इस हस्तशिल्प मेले में कुल 105 स्टॉल लगाए गए, जिसमें कुल्लू जिले के स्टॉल में टोपी ,मफलर, पट्टू आदि कुल्लू के पारंपरिक परिधानो की प्रदर्शनी लगाई गई। यह मेला सुबह से शाम खास और आम दर्शकों के लिए खुला रहता है। कुल्लू जिले के स्टॉल को नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी हर्षणा, रविंद्र द्वारा लगाया गया, पूरे देश भर में कुल्लू जिले ने हस्तशिल्प मेले 'युवा कृति' में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रथम स्थान हासिल करने पर प्रतिभागियों को पंद्रह हजार का इनाम एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। देश भर से करीब दस हजार युवा राष्ट्रीय युवा उत्सव में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेते है।



खेल राज्यमंत्री निसिथ प्रमाणिक को सम्मानित किए जाने का दृश्य।

# चिकित्सकों ने काले बिल्ले लगाकर सरकार के खिलाफ जताया रोष



काले बिल्ले लगाकर सरकार के खिलाफ जताया रोष जताते चिकित्सक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिले में वीरवार को सभी चिकित्सकों ने मांग को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। इसी कड़ी में वीरवार को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में सुबह 10 बजे चिकित्सकों ने परिसर में गेट मीटिंग की और आगामी रणनीति पर चर्चा की। चिकित्सकों ने काले बिल्ले लगाकर सरकार के खिलाफ अपना रोष भी जताया।चिकित्सकों ने वीरवार को हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ के फैसले के तहत काले बिल्ले लगाकार विरोध जताया।

डॉ. कल्याण ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जून 2023 में चिकित्सकों की मांगों को मानने का पूर्ण आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक बात आश्वासन से आगे नहीं बढ़ पाई है, जिसके कारण मजबूरन चिकित्सकों को काले बिल्ले लगाकर सेवाएं देनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल चिकित्सक अपनी सेवाएं जारी रखेंगे। अगर सरकार ने मांगों पर गौर नहीं किया, तो राज्य प्रतिनिधियों के अनुसार आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।

इस दौरान डॉ. रीमा, डॉ. सत्यव्रत, डॉ. नितेश, डॉ. आशीष, डॉ. रतन, डॉ. हीराला, डॉ. सम्राट आदि उपस्थित रहे। वहीं, जिले में चिकित्सकों ने काले बिल्ले लगाकर सरकार के खिलाफ रोष जताया है, लेकिन इस दौरान ओपीडी, ऑपरेशन थियेटर और ट्रामा सेंटर में सेवाएं जारी रहीं। चिकित्सकों ने अस्पताल परिसर में छोटी सी गेट मीटिंग की और उसके उपरांत मरीजों के उपचार के लिए सेवाएं जारी रखीं।

# राम भक्तों के बीच स्वच्छ तीर्थ अभियान बना जनांदोलन

**पतलीकूहल।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सजला में भगवान विष्णु मंदिर में शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने यहां आयोजित स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत मंदिर परिसर की साफ सफाई में भी भाग लिया। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि 22 जनवरी तक मंदिरों और तीर्थ क्षेत्रों में सफाई कर स्वच्छता के इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राम भक्तों के बीच स्वच्छ तीर्थ अभियान एक जनांदोलन बन गया है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने भगवान विष्णु मंदिर के प्रांगण में ग्राम केंद्र सजला और जगतसुख की जनता के साथ प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ सीधे प्रसारण को भी सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दूरदर्शी सोच एवं जनकल्याण के उद्देश्य से शुरू की गई योजनाएं देश के करोड़ों परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस कार्यक्रम के पश्चात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने सजला गांव से भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा दीवार लेखन कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनाली ठाकुर दास, महामंत्री बगेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष गोवर्धन नारायण, मंडी संसदीय क्षेत्र के विस्तारक सुरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

**अभिनंदन**

## पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने किया भुट्टिको का दौरा

# विश्वभर में अलग पहचान बना चुकी भुट्टिको सोसायटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रदेश सरकार पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह का वीरवार को भुट्टिको परिसर में पधारने पर पारंपरिक रूप में भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। भुट्टिको में पधारने पर सभा अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने सभा कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि कोविड और हाल की बाढ़ के चलते काफी नुकसान झेलना पड़ा है।

उन्होंने कहा कि सभा ने इस नुकसान की काफी हद तक भरपाई रिजर्व फंड से की है। भुट्टिको ने अपने उत्पादों की गुणवता को सुदृढ़ करने का हमेशा प्रयास किया है जिस कारण आज़ हमारे उत्पाद अपनी अलग पहचान को देश व विदेशों में स्थापित कर चुके हैं। उन्होंने अपने संबोधन में सभा उत्पादों की प्रशंसा करते हुए बताया कि भुट्टिको के उत्पाद जहां हिमाचल का गौरव का बढ़ा रहे हैं, वहीं, कुल्लवी हथकरघा उत्पादों की बिक्री सिर्फ भारत में ही नहीं हो रही है, बल्कि विदेशों में भी इन उत्पादों की भारी मांग है। अपनी अच्छी गुणवत्ता के लिए यह सोसायटी दुनियाभर में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि यदि जिला, प्रदेश व देश स्तर पर कोई आयोजन होता है तो उसमें भुट्टिको के उत्पादों द्वारा मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है। भुट्टिको सोसायटी हमारी पहचान व संस्कृति के संरक्षण व संबर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इस अवसर पर सभा उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर, मोहर सिंह, निदेशक मदन लाल, टिकम राम, आत्मा राम, निर्मला देवी, कलावती, इंद्रा देवी, नग्गर ब्लाक प्रधान संघ के प्रधान रोहित वत्स, स्थानीय पंचायत के प्रधान रीना देवी, उपप्रधान नीरज ठाकुर मुख्य महाप्रबंधक विजय ठाकुर, मुख्य सलाहकार रमेश ठाकुर, महाप्रबंधक किशन ठाकुर, सूरती देवी, अनूज ठाकुर, गौरव ठाकुर, यशवीर ठाकुर व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह संबोधित करते हुए तथा (दाएं) सोसायटी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर के साथ।

# राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप आज से

**काजा।** जिला लाहौल-स्पीति के काजा में 19 से 24 जनवरी तक महिला एंव पुरुष वर्ग की राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। एसडीएम हर्ष अमरेंद्र नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस चैंपियनशिप का शुभारंभ प्रदेश सरकार में राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी करेंगे। आइस हॉकी एसोशिएशन आफ इंडिया, आइस हॉकी ऑफ लाहौल-स्पीति एवं स्पीति प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश के महासचिव रजत मल्होत्रा भी विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। इस चैंपियनशिप में कुल 11 टीमें हिस्सा लेंगी। पुरुष वर्ग की 11वीं राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप में आर्मी टीम, आईटीबीपी, यूटी लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र की टीमें हिस्सा ले रही हैं। वहीं महिला वर्ग में 13वीं राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप 2024 में हिमाचल प्रदेश, आईटीबीपी, यूटी लद्दाख, तेलंगाना और राजस्थान की टीम हिस्सा ले रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### चालक-परिचालक महासंघ की बैठक 21 को

**कुल्लू।** राजकीय अर्द्ध-राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ हिमाचल प्रदेश की प्रदेश स्तरीय बैठक 21 जनवरी को कुल्लू में आयोजित होगी। राजकीय अर्द्ध-राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ के अध्यक्ष तुले राम ने बताया कि यह बैठक देवसदन में आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अनिल गौतम करेंगे। महासंघ के महासचिव वेदराम ठाकुर ने बताया कि इस बैठक में सभी जिलों के अध्यक्ष, महामंत्री उनकी कार्यकारिणी तथा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य भाग लेंगे। महासंघ के अध्यक्ष के अनुसार यह बैठक वार्षिक बैठक होती है, जिसमें साल भर का लेखा-जोखा किया जाता है और जो कार्य हुए और होने हैं उसे विषय पर चर्चा की जाती है। जिला महासंघ अध्यक्ष तुले राम ने जिला कुल्लू के सभी चालक एवं परिचालक से आग्रह किया है कि इस बैठक में बढ़चढ़ कर भाग लें। इस अवसर पर वेदराम, शिवलाल, डेरु राम, तारा चंद ठाकुर, मस्तराम, ज्ञानचंद, कोषाध्यक्ष हरदयाल ठाकुर , टेकराम ठाकुर उपस्थित रहे।

### मंदिर में साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**कुल्लू।** जिला कुल्लू भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद तरुण विमल ने ढालपुर स्थित गौहरी देवता मंदिर में सर्व प्रथम देवता का आशीर्वाद प्राप्त किया और उसके बाद उन्होंने आयोजित स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत मंदिर परिसर में साफ सफाई की। इस दौरान उनके साथ वर्तमान वार्ड आठ की पार्षद शालिनी रॉय भारद्वाज सहित समाज सेवक कृष ठाकुर भी उपस्थित रहे। जिला भाजपा उपाध्यक्ष तरुण विमल ने कहा कि 22 जनवरी तक मंदिरों और तीर्थ क्षेत्र में सफाई कर स्वच्छता के इस अभियान में अपनी भागीदारी सभी सुनिश्चित करें। उन्होंने भगवान गौहरी देवता के प्रांगण में साफ सफाई की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाओं और नीतियों पर मोहर लगाएगी और पुनः देश का प्रधानमंत्री उन्हें बनाएगी।

### 15 मील में प्रशासन ने हटाया अवैध कब्जा

**मनाली।** कुल्लू-मनाली हाई-वे पर 15 मील में प्रशासन ने अवैध कब्जा हटाया है। एनएचएआई की जमीन पर बने मकान पर बुलडोजर चला। उच्च न्यायालय के आदेश पर वीरवार को यह कार्रवाई की गई। कुल्लू-मनाली हाइवे पर 15 मील में संतोष कुमारी नामक महिला के मकान पर बुलडोजर चला। प्रशासन के मुताबिक मकान एनएचएआई की जमीन पर बना था। इसको लेकर उसे कई बार नोटिस जारी किए गए लेकिन महिला ने कब्जा नही हटाया। उच्च न्यायालय के आदेश पर वीरवार को नेशनल हाई-वे, मनाली प्रशासन, पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से कब्जे को हटाया। जेसीबी लगाकर मकान को तोड़ा गया। नायब तहसीलदार मनाली इंद्र पाल ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायलय के आदेश पर यह कार्रवाई की गई।

### एनएचपीसी को 'प्रशस्ति पत्र' से किया सम्मानित

**कुल्लू।** देश की अग्रणी जलविद्युत कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड को आरटीआई एक्ट के प्रभावी कार्यान्वयन की श्रेणी में स्कोप द्वारा 'प्रशस्ति पत्र' से सम्मानित किया गया है। देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की ओर से यह 'प्रशस्ति पत्र' प्रदान किया गया। आरके बिश्नोई अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी और उत्तम लाल निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने 18 जनवरी को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित स्कोप पुरस्कार समारोह के दौरान यह पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी भी उपस्थित थे।

### गणपति मंदिर घुड़दौड़ में 22 को भव्य आयोजन

**पतलीकूहल।** भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन अयोध्या के साथ साथ पूरे भारत वर्ष में मनाया जा रहा रहा है। इसी कड़ी में गणपति मंदिर घुड़दौड़ में भी इसे धूमधाम से मनाने की तैयारी चल रही है। गणपति जी के कारदार प्रकाश ठाकुर ने बताया कि 21 जनवरी को मंदिर की साफ सफाई गांववासियों द्वारा की जाएगी। 22 जनवरी को मंदिर में भजन कीर्तन का अयोजन किया जाएगा, हांलाकि इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए मंदिर दिनभर खुला रहेगा। मंदिर कमेटी के सचिव भगवान शर्मा ने बताया कि भक्तों के लिए जल पान का उचित प्रबंध किया गया है। भक्तों को चाय, हलवा, चने और फल दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को भक्तों को लाइव दिखाने का भी उचित प्रबंध किया जाएगा। सुंदर कांड पाठन के अलावा राम भजनों से माहौल राममय बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शाम के समय संध्या आरती के समय सभी गांववासी मंदिर में दीपक जलाएंगे और अयोध्या में भगवान श्री राम की प्रतिष्ठा को उत्सव के रूप में मनाएंगे।

### स्वास्थ्य शिविर में 92 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा

**आनी।** स्वास्थ्य खंड आनी के तहत आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर कराणा की टीम ने बटाला गांव में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमें बटाला गांव के 92 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई और उन्हें दवाइयां बांटी गईं। आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर कराणा के इंचार्ज एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. यशपाल राणा ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर के दौरान 81 ग्रामीणों के ब्लड प्रेशर, 50 ग्रामीणों की शुगर और 75 ग्रामीणों के एचबी की निशुल्क जांच की गई। वहीं स्वास्थ्य शिविर के दौरान आयुष हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर कराणा के योगा गाइड जीवानंद ने उपस्थित ग्रामीणों को बीपी, शुगर आदि से बचाव को लेकर प्राणायाम और योग करने को लेकर जागरूक किया और योग की शिक्षा भी दी। इस अवसर पर आयुष हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर कराणा के इंचार्ज एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. यशपाल राणा, आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी हेमराज, योगा गाइड जीवानंद, चतुर्थ श्रेणी कर्मी निहाल चंद, आशा वर्कर मंजू और वीना ने अपनी सेवाएं दी।

### पांगी भवन निर्माण में आ रही समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कुल्लू।** पांगी जन कल्याण संघ कुल्लू ने ग्रामीण विकास मंत्री से मुलाकात कर कुल्लू में बनने वाले पांगी भवन शमशी के निर्माण संबंधी विषय से अवगत कराया। पांगी जन कल्याण सभा कुल्लू के सभी सदस्यों ने अध्यक्ष भीम सिंह शर्मा ओर जनरल सेक्रेटरी जेएस धर्माणी की अगुआई में कुल्लू के शमशी में बनने जा रहे पांगी भवन के निर्माण कार्य को जो कि किन्ही कारणों से डीएफओ पांगी द्वारा बंद किया गया उसके विरोध में प्रदेश के मुख्यमंत्री को ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह के माध्यम से ज्ञापन सौंप कर वास्तविक परिस्थिति से अवगत कराया। इस दौरान ग्रामीण विकास मंत्री ने मामले को सुनने के बाद उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग को भी इस मामले के छानबीन के निर्देश दिए। ग्रामीण विकास मंत्री ने पांगी जन कल्याण सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को आश्वासन देते हुए बताया कि वह शिमला जाकर इस मामले में सरकार के स्तर पर पांगी भवन के निर्माण में शीघ्रता से कार्य आरंभ करवाएंगे। पांगी जन कल्याण संघ के अध्यक्ष भीम सिंह शर्मा ने बताया कि डीएफओ पांगी ने इतने महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को बिना किसी पूर्व सूचना एवं बिना किसी ठोस कारण से निरस्त कर दिया और हमारे नेता पांगी में सो कर बैठे हैं।

### बठाहड़-बशलेऊ सड़क का भूमि पूजन 22 को

**बंजार।** उपमंडल बंजार की ग्राम पंचायत मशियार के अंतर्गत पड़ने वाले गांव बठाहड से बशलेऊ निकले वाली बहुप्रक्षित्त सड़क बठाहड़ से बशलेऊ सड़क का अब भूमि पूजन एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह द्वारा किया जा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महासचिव हरि सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 जनवरी को प्रातः11 बजे एपीएमसी के कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मियां बठाहड़ से बशलेऊ सड़क का भूमि-पूजन करेंगे। इस सड़क के बनने से फलाचन सहित तीर्थन घाटी के पर्यटन को चार चांद लग जाएंगे और इन्नर सराज व आऊटर सराज का क्षेत्र भी पहली बार आपस में सड़क की सुविधा से जुड़ेगा।

# एसपी इलेवन ने जीती इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट लीग

## 190 रन का था लक्ष्य, डीसी इलेवन की टीम 18.2 ओवरों में 108 रन ही बना पाई, 10 साल बाद बिलासपुर के लुहणू क्रिकेट मैदान में आयोजित हुआ टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एक दशक के बाद बिलासपुर के लुहणू क्रिकेट मैदान में शुरू हुआ इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट लीग का वीरवार को समापन हो गया। इस टूर्नामेंट की ट्रॉफी को एसपी इलेवन ने अपने नाम किया।

एसपी इलेवन ने 20 ओवरों में चार विकट गवांकर 190 रन बनाए। वहीं, लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी डीसी इलेवन की टीम 18.2 ओवरों में 108 रन बनाकर आल आउट हो गई, जिस पर एसपी इलेवन ने फाइनल मुकाबला 82 रन से जीत लिया। आपको बता दें कि काफी दिनों से चल रहे इस टूर्नामेंट में बिलासपुर जिले के विभिन्न विभागों की टीमों ने भाग लिया था। अंततः डीसी और एसपी इलेवन की टीम फाइनल मुकाबले में पहुंची। वीरवार को इस टूर्नामेंट के फाइनल मैच को एसपी इलेवन ने अपने नाम किया। वीरवार को आयोजित इस फाइनल मैच को देखने के लिए काफी दर्शकों का जमावड़ा लगा हुआ था, क्योंकि एक दशक बाद शुरू हुए इस टूर्नामेंट के फाइनल मैच पर सभी की निगाएं थीं। वहीं, आपको बता दें बिलासपुर उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक के प्रयासों से यह टूर्नामेंट सफल हो पाया है। इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया था।

जीत का जश्न ...



जीत के बाद बिलासपुर के एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन डांस करते हुए। साथ में हैं अन्य खिलाड़ी।

### डीसी बिलासपुर के प्रयासों से यह टूर्नामेंट हो पाया सफल

#### एक दशक के बाद हुआ टूर्नामेंट

आपको बता दें कि एक दशक के बाद यहां पर यह इंटर डिपार्टमेंट प्रतियोगिता शुरू हुई है, जिसको लेकर बिलासपुर में विभागीय टीमों ने भाग लिया था।

#### डीसी ने दी बधाई

इस टूर्नामेंट में विजेता एसपी 11 टीम को डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि कार्य के साथ-साथ खेल गतिविधियां भी होना अधिक जरूरी हैं इसी मकसद से यह टूर्नामेंट करवाया गया था व आगे भी इसी तरह के गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।



#### एसपी कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन के डांस के हुए दीवाने

आपको बता दें कि टूर्नामेंट की जीत के बाद बिलासपुर एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन के डांस के दर्शक दीवाने हो गए। एसपी व उनकी टीम ने जश्न मनाते हुए खूब डांस किया और अपनी टीम को बधाई दी। एसपी ने नए अंदाज से डांस करके पूरे मैदान में मौजूद खिलाड़ियों और दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया।

# अस्पतालों के 95 चिकित्सकों ने काले बिल्ले लगाकर दी सेवाएं

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

वीरवार को जिला बिलासपुर के सभी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों ने मांगों को सरकार द्वारा न माने जाने पर काले बिल्ले लगाकर अपना रोष प्रकट किया। अपनी मांगों को लेकर प्रदेश भर के सभी चिकित्सकों ने प्रदर्शन शुरू किया है।

चिकित्सकों की ओर से प्रदेश सरकार को उनकी मांगों को लेकर चेताया जा रहा है। सिविल अस्पताल घुमारवीं सहित बिलासपुर के सभी अस्पतालों के करीब 95 चिकित्सकों ने भी वीरवार को काले बिल्ले लगाकर अपनी सेवाएं दीं। इस मौके पर हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ, बिलासपुर के महासचिव डॉक्टर प्रदीप ने बताया कि उनकी मुख्य पांच मांगें हैं, जिसमें नान प्रेक्टिस अलाउंस (एनपीए) को बहाल करना प्रमुख मांग है। बीते काफी समय से इसे लेकर मांग चल रही है, मगर सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही। कई बार डॉक्टर प्रदर्शन कर चुके हैं, हर बार केवल आश्वासन ही मिला। उनकी मांगों में एनपीए के अलावा 4-9-14 की बहाली, एड्स कंट्रोल सोसायटी में परियोजना निदेशक का कार्यभार वापस स्वास्थ्य निदेशक को दिया जाए, पात्रता एवं वरिष्ठता के आधार पर निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, जेडी, डीडी, सीएमओ, एसएमएस, बीएमओ को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति दी जाए और किसी को भी सेवानिवृत्त होने के बाद एक्सटेंशन न दिया जाए। इसके अलावा भी कई अन्य मांगें हैं। फिलहाल वह काले बिल्ले लगाकर रोष प्रकट करेंगे। यदि जल्द ही उनकी मांगों को न माना गया, तो राज्य प्रतिनिधियों के अनुसार आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। इस मौके पर प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ के बिलासपुर इकाई के अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि चिकित्सक लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर सरकार से मिल रहे हैं, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिल रहे है। अभी तक उनकी मांगों को पूरी नहीं किया गया है। हालांकि, सात महीने पहले सरकार ने मांगों को पूरा करने की बात कही थी, लेकिन सरकार ने हमारी मांगों को पूरा नहीं किया, जिस वजह से हमें यह कदम उठाना पड़ा। डॉक्टर शर्मा ने बताया कि आने वाली 24 तक वह इसी तरह अपना रोष प्रकट करेंगे और सरकार ने अगर उनकी मांगों पर गौर नहीं किया, तो जल्द ही अगली रणनीति तैयार की जाएगी।



घुमारवीं अस्पताल में काले बिल्ले लगाकर सेवाएं देते डॉक्टरर्स।

# समस्या के समाधान के लिए रणनीति की तैयार

**बिलासपुर।** संस्कृत और संस्कृति संरक्षण संघ बिलासपुर की बैठक आयोजित हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष आचार्य मदन शांडिल्य विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में शास्त्री संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों की समस्याओं को सुना गया। साथ ही उनकी समस्या के समाधान के लिए रणनीति तैयार की गई।

मदन शांडिल्य ने कहा कि पहले तो मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने समस्त शास्त्री वर्ग को आश्वासन देकर शास्त्रियों के साथ विश्वासघात किया, लेकिन अब जो शास्त्री रोजगार की आस लगाए बैठे थे, उन्हें भी बेरोजगारी के अंधेरे में धकेला जा रहा है। सुक्खू ने पहले कहा था कि सरकार कहीं भी अस्थायी टीचरों की नियुक्ति नहीं करेगी। किसी भी तरह की बैकडोर नियुक्तियों की मंशा नहीं है। रिक्त चल रहे पदों पर नियुक्ति कमीशन और बैच वाइज से की जाएगी। शास्त्री भर्ती में कुछ पद पुराने नियमों से ही भरें, लेकिन अब अचानक एनसीटीई का आलाप रोया जा रहा है। शास्त्री भर्ती पर कोर्ट में चले केस में सरकार ने जवाब दायर किया है कि इसे लागू करने के लिए वह बाध्य है।

# बीबीएनबी में हिस्से के प्रति विपक्ष राजनीति से ऊपर उठ कर करे कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के दूसरे दिन सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने करलोटी पंचायत में किया। उन्होंने कहा कि पन बिजली पैदा करने वाले प्रोजेक्ट्स पर वाटर सेस लागू करने और बीबीएनबी में प्रदेश के हिस्से के प्रति विपक्ष दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर सरकार के साथ सहयोग की भावना से कार्य करे।

विकास के लिए हमें प्रदेश के संसाधन बढ़ाने की आवश्यकता है, जिसके लिए विपक्ष समान रूप से केंद्र से सहायता प्राप्त करने में सहयोगात्मक रवैया अपनाए। मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत 6000 बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट के रूप में बनाया गया है। प्रदेश सरकार की ओर से युवाओं को इलेक्ट्रिकल व्हीकल खरीदने के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है बेरोजगार युवक जो स्वयं गाड़ी चलाते हैं, उन्हें इसे खरीदने पर 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी और रोजगार के नए साधन भी सृजित होंगे। ग्रामीण लोग जिनके पास खाली पड़ी जमीन है वह सोलर पावर प्लांट लगाने के लिए आगे आएं। इसके अतिरिक्त एग्रो प्रोसेसिंग सेंटर निर्माण के लिए भी सरकार की ओर से सहायता प्रदान की जा रही है।

घुमारवीं निर्वाचन क्षेत्र के लिए सड़कों की मरम्मत व रखरखाव के लिए 32 करोड़ रुपए की राशि सरकार से स्वीकृत करवाई गई है। गोगा सुनाली मकड़ा सड़क के लिए 50 लाख अतिरिक्त बजट का प्रावधान किया गया है। छत एहीरानगर सड़क के सुधारीकरण के लिए दो करोड़ व्यय किए जाएंगे। पीने के पानी की योजनाएं 31मार्च तक पूरी कर ली जाएंगी। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त निधि पटेल खंड विकास अधिकारी विपिन ठाकुर सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



सरकार गांव के द्वार के दूसरे दिन राजेश धर्माणी करलोटी में समस्याएं सुनते हुए।

# नीशू शर्मा व इंदु डोगरा महामंत्री

**बिलासपुर।** भाजपा महिला मोर्चा की सदर मंडल कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष प्रोमिला चंदेल ने सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल, भाजपा के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान व मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करने के बाद वीरवार को अपनी टीम का ऐलान किया।

प्रोमिला चंदेल ने बताया कि रेखा शर्मा, सपना ठाकुर, निशा, अंजु राणा, सरोज ठाकुर, मति देवी व उमा को उपाध्यक्ष, नीशू शर्मा व इंदु डोगरा को महामंत्री, रोमा पाठक, रीना, लता, सुमन गर्ग, नीशा ठाकुर, चंपा व मीना को सचिव, निर्मला को कोषाध्यक्ष, रामप्यारी को कार्यालय सचिव, अंजना को कार्यालय सहसचिव, अर्चना को मीडिया प्रभारी, किरण शर्मा, माया व लाजो देवी को सह मीडिया प्रभारी, रीमा, सोमा चंदेल, मोनू, आशा व सुमन महाजन को प्रवक्ता, सुषमा शर्मा को सोशल मीडिया प्रभारी, पुष्पा को सोशल मीडिया सह प्रभारी, निशा चंदेल को आईटी प्रमुख तथा सोनू, राधा, निर्मला व कमलेश कुमारी को आईटी सह प्रमुख नियुक्त किया गया है।

# नशे से दूर रहने के लिए सीएमओ बिलासपुर ने लोगों से की अपील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

किशोरावस्था जीवन का वह पड़ाव है, जिसमें किशोर अपनी योग्यता को दिखाने और देश के लिए विशिष्ट कार्य करने की क्षमता रखते हैं।

इस अवस्था में किशोर अपनी ऊर्जा को अगर सही दिशा में लगाएं, तो वह बहुत अच्छे नागरिक बन सकते हैं। अगर उनको सही मार्गदर्शन नहीं मिला, तो वह अपनी ऊर्जा को गलत दिशा में लगाकर अपने आप को दिशाहीन कर लेते हैं। यह बात मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने कही। किशोरावस्था पर जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस अवस्था में कुछ लोग नशे की आदत में फंस जाते हैं। इससे वह अपना स्वास्थ्य तो बर्बाद करते हैं, लेकिन साथ ही समाज को भी गंदा करते हैं। किशोरावस्था में बच्चों को अपनी ऊर्जा को खेलकूद, पढ़ाई-लिखाई, पेंटिंग, तैराकी और डांस आदि की तरफ लगाना चाहिए। इसके लिए इस उम्र में बच्चों को सही मार्गदर्शन की जरूरत होती है, ताकि वह सही रास्ते से न भटके। इसी के मद्देनजर भारत सरकार ने किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम दिवस हर माह मनाने का निर्णय लिया है। यह कार्यक्रम सात जनवरी 2014 को शुरू हुआ था। किशोर स्वास्थ्य के छह आयाम है। इसमें पोषण में सुधार, यौन एवं प्रजन्न स्वास्थ्य में सुधार, मानसिक स्वास्थ्य में वृद्धि, चोट और हिंसा को रोकना, मादक पदार्थों का दुरुपयोग रोकना और गैर संक्रामक रोगों की रोकथाम करना शामिल है। किशोरावस्था में खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। संतुलित आहार के बारे में जानकारी रखना बहुत जरूरी है। बच्चे छोटी-छोटी बातों को लेकर तनाव में आ जाते हैं और मारना, पीटना और हिंसक आदि कार्य करते हैं। इसके लिए बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के लिए आउटडोर खेल, ध्यान लगाना, संगीत आदि का अभ्यास करना चाहिए।

> किशोरावस्था में खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए

# स्कूल इलेवन ने दस विकेट से हराया कोट इलेवन

**घुमारवीं।** बिलासपुर जिला के हटवाड़ स्टेडियम में चल रही 18वीं सुरेंद्र मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवें दिन तीन मैच खेले गए।

इस दौरान आयोजित पहले मैच में स्कूल इलेवन ने कोट इलेवन को दस विकेट से हराया। कोट इलेवन ने दस ओवर में 85 रन बनाए थे, जिसे स्कूल इलेवन के रवि 55 रन व उमेश ने 25 रन व अतिरिक्त रनों से बिना कोई विकेट गवाएं 86 रन बनाकर दस विकेट से मैच जीत लिया। दूसरे मैच में पंतेहड़ा की टीम 97 रन पर आल आउट हो गई। डमेहर की टीम ने चार विकेट पर 98 रन बनाकर पंतेहड़ा की टीम को छह विकेट से हराया। तीसरा मैच हंबोट और बाबा इलेवन के बीच खेला गया। बाबा इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 126 रन बनाए, लेकिन हंबोट की टीम मात्र 76 रनों पर आल आउट हो गई। यह जानकारी प्रतियोगिता के आयोजक डॉ. रवींद्र कुमार ठाकुर ने दी है।

# केंद्र सरकार के सहयोग से सदर में विकास के कई चल रहे काम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इस विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन विकासात्मक कार्य समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सभी कार्य समयबद्ध पूरे करने के साथ ही उनमें गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने पिछले साल आपदा के दौरान बाधित और क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की बहाली और मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश भी दिए। वीरवार को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के सहयोग से सदर विधानसभा क्षेत्र में विकास के कई काम चल रहे हैं। इनके लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान किया गया है, जो कार्य इसी वित्त वर्ष में पूरे किए जाने हैं, उन्हें आगामी 31 मार्च से पहले अमलीजामा पहनाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को उनका लाभ जल्द मिल सके।

निर्धारित समय-सीमा के भीतर काम पूरा करने के साथ ही इनमें गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाए। गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता किसी सूरत में नहीं किया जाना चाहिए। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र की भाग्य रेखाएं होती हैं। पिछले साल आपदा के दौरान जहां सदर विधानसभा क्षेत्र की कई सड़कें बाधित हो गई थीं, वहीं कई सड़कों को काफी नुकसान भी पहुंचा था। सही ढंग से मरम्मत के अभाव में इनमें से ग्रामीण इलाकों की कई सड़कें अभी भी सुचारु तरीके से बहाल नहीं हो पाई हैं।

इसकी वजह से जहां लोगों को अत्याधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। सभी सड़कों की हालत सुधारने का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि ग्रामीण इलाकों का सही ढंग से विकास होने के साथ ही लोगों को सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध हो सकें।



सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल लोनिवि अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

# बडगांव कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित में चुनावी प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

जिला बिलासपुर में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित दि बडगांव कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित में चुनावी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बाकायदा इस सभा के चुनाव में 25 प्रत्याशी अपना नामांकन भर चुके हैं। हालांकि 18 जनवरी को नाम वापस लेने की अंतिम तारीख है, लेकिन अभी तक 25 प्रत्याशियों ने चुनाव में अपने भाग्य आजमाने का निर्णय लिया है।

इसके बाद सभा की ओर से नियमों के तहत आगामी प्रक्रिया अपनाई जानकारी के अनुसार बडगांव वार्ड नंबर एक से देवराज, सुनीत सिंह, सोमनाथ, बडगांव वार्ड नंबर-दो से ओम प्रकाश चंदेल निर्विरोध चुने गए हैं। बडगांव वार्ड नंबर-तीन से जगदीप सिंह, सुभाष चंद, बडगांव वार्ड-चार से विनोद पाल, शिवराम, टीहरा झरेड़ी वार्ड-पांच से सोहन लाल, ओम प्रकाश, री-रडोह वार्ड नंबर-छह से देश राज, ईश्वर सिंह, फटोह वार्ड नंबर-सात से रमेश चंद, सरवन कुमार, राजेंद्र सिंह, खरोटा वार्ड-आठ से नरेश कुमार सोहड़, मनोज कुमार, बलोह डोल लसावा वार्ड-नौ से रविंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, संगास्वीं वार्ड-दस से दिनेश कुमार, राजपाल गौतम, सुभाष चंद, भल्लू फगोग वार्ड-11 से सतीश कुमार, कुलवंत सिंह और अमर सिंह ने अपना नामांकन भरा है।

#### ओमप्रकाश चंदेल को निर्विरोध चुना

बता दें कि सभा में चुनावी प्रक्रिया के चलते एक वार्ड में बडगांव वार्ड नंबर-दो में कैप्टन ओमप्रकाश चंदेल को निर्विरोध चुन लिया गया है। यहां पर एक ही प्रत्याशी का नामांकन दर्ज हुआ था। कैप्टन ओमप्रकाश चंदेल वर्तमान में अध्यक्ष के तौर पर कार्यरत हैं। पिछले लंबे समय से सभा को आगे बढ़ाने में कैप्टन ओमप्रकाश चंदेल का अहम योगदान रहा है, जिसके चलते उन्हें अपने वार्ड में निर्विरोध चुना गया है।

**परेशानी** — अधिकतर निगम की बसों के दरवाजे खराब और पूरी तरह से जाम, हो सकता है बड़ा हादसा

# घुमारवीं की अधिकतर बसों में सुरक्षा के प्रबंध नहीं

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम सब डिपो घुमारवीं की अधिकतर बसों में सुरक्षा के प्रबंध ही नहीं हैं। अधिकतर बसों के दरवाजे खराब पड़े हैं। रखरखाव की कमी के कारण बसों में लगे अधिकांश दरवाजे काम करने की स्थिति में नहीं है।

इन बसों के दरवाजे पूरी तरह से जाम हो चुके हैं, जो न बंद होते हैं और न ही खुलते हैं, जबकि इस स्थिति में लगातार दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। हाल यह है कि कई बसों में पत्थर रखकर दरवाजे खुले रखने पड़ते हैं और कई बसों में दरवाजों को रस्सियों से बांधा जाता है, जबकि कुछ दरवाजों में लोहे की पत्तियां फिक्स कर दी गई हैं। क्योंकि कई बसों के दरवाजे खुद ही खुलते और बंद होते रहते हैं। बताते चले कि परिवहन निगम की इन बसों में हाइड्रोलिक दरवाजे लगे हुए हैं, जिनका स्विच ड्राइवर के पास होता है। सवारी उतारने तथा चढ़ाने के उपरांत ड्राइवर इन दरवाजों को खोलना या बंद करता है, लेकिन हालत यह है कि बसों में लगाए गए यह दरवाजे तथा स्विच बिलकुल भी काम नहीं करते हैं, जिस वजह से इन दरवाजों को लोहे की पत्तियों के सहारे फिक्स कर दिया गया है। ऐसे में कभी भी हादसे होने का डर बना हुआ है। साथ ही यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बसों में लॉक नहीं होने के कारण दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं।

सवारियों में बच्चों के गिरने का भी भय बना रहता है। दूसरे सर्दी का मौसम होने के कारण दरवाजे खुले रखने से ठंडी हवा अंदर आती है और बीमार होने का खतरा बना रहता है। बच्चों को ठंडी हवाओं से अधिक परेशानी होती है, जबकि कहीं रूट पर बसें कम होने के कारण स्कूली तथा कॉलेज के विद्यार्थी इन बसों में सफर करते हैं, जिस वजह सुबह स्कूल लगने तथा छुट्टी के वक्त यह बसें छात्रों से भरी रहती हैं, जबकि यह छात्र हमेशा दरवाजे पर खड़े होकर ही सफर करते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इन बसों की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जबकि सवारियां जान जोखिम में डालकर परिवहन निगम की इन बसों में सफर करने को मजबूर हैं। (अनंत ज्ञान)



निगम की बस का दरवाजा खराब व दरवाजे किनारे खड़े लोग।

> कुछ बसों के दरवाजे खराब हैं, लेकिन सभी बसें निर्धारित रूटों पर जाती हैं। हमारे पास अतिरिक्त बसें नहीं हैं, जिस वजह से दरवाजों को ठीक करवाने में मुश्किल आ रही है, लेकिन बसों के दरवाजों को ठीक करने के लिए जल्द ही एक-एक कर बसों को वर्कशॉप भेजा जाएगा।
>
> **सोहन सिंह, बस अड्डा प्रभारी घुमारवीं।**

# अव्यवस्थित तरीके से खड़े किए जा रहे वाहन, स्थानीय लोगों को दिक्कत

## प्रशासन ने मेला ग्राउंड में बनाई है पार्किंग, लेकिन लोग सड़कों पर खड़े कर रहे वाहन

**गोपाल कपिल, झंडूता**

झंडूता बाजार व साथ लगते क्षेत्रों में गाड़ियों के खड़े होने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

नो पार्किंग जोन पर भी लोग अपने वाहनों को खड़ा कर रहे हैं, परंतु इन वाहन चालकों के खिलाफ कोई भी सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे यहां के स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात कई बार ऐसे हो जाते हैं कि कुछ वाहन चालक अपने वाहन सड़कों पर ही खड़े कर रहे हैं, जिससे यहां पर कई बार जाम की स्थिति भी पैदा हो जाती है। आपको बता दें कि प्रशासन की ओर से यहां पर नो पार्किंग जोन भी बनाए गए हैं, जहां पर बोर्ड के माध्यम से गाड़ी न खड़ी करने के आदेश दिए गए हैं। परंतु कुछ वाहन चालक सरेआम गाड़ियां लगा रहे हैं और प्रशासन इन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करता है, जिससे कहीं न कहीं झंडूता प्रशासन पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। उधर, इस संदर्भ में जब झंडूता एसडीएम योगराज धीमान से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि इस समस्या के बारे में उन्हें अवगत करवाया गया है। कुछ समय पहले ही टैक्सी चालकों के साथ बैठक कर उन्हें वाहन सही तरीके से खड़े करने और चिन्हित पार्किंग में वाहन खड़े करने की बात कही गई है।

झंडूता क्षेत्र के मेला ग्राउंड में पार्किंग बनाई गई है। अगर वाहन सड़कों के किनारे और नो पार्किंग जोन पर खड़े किए जा रहे हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)



झंडूता बाजार में सड़कों पर खड़े वाहन।

## सालगिरह मुबारक



झाड़माजरी के एडवोकेट निशांत सिंह ठाकुर और ज्योत्सना चौहान को शादी की चौथी सालगिरह पर हार्दिक शुभकामनाएं

# मनरेगा मैटीरियल की करोड़ों की अदायगी बकाया, पंचायतों में रुके विकास के कार्य

राजेश शर्मा, ऊना

मनरेगा से ग्राम पंचायतों में जहां जरूरतमंद लोगों को रोजगार मिल रहा था, वहीं ग्रामीण विकास को भी बल मिल रहा था। हिमाचल में ही मनरेगा में मैटीरियल और लेबर के निर्धारित अनुपात के असंतुलन ने गांवों के विकास के संतुलन को बिगाड़ दिया है। कई जिलों की सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा के मैटीरियल के करोड़ों रुपए की अदायगी लटक चुकी है।

अनंत ज्ञान स्पैशल

करीब चार महीनों से मैटीरियल का पैसा बेंडर्स के खाते में न आने की वजह से अब पंचायतों के विकास कार्यों को भी ग्राम पंचायतों में अधिकांश विकास कार्यों के शेल्फ मनरेगा के साथ जोड़कर बनाए गए थे, लेकिन पंचायतों में अब अन्य कुछ फंड से नाममात्र काम हो रहे हैं।

ऊना जिला की बात करें तो पिछले महीनों में मनरेगा के लेबर और मैटीरियल का अनुपात जो 60 फीसद लेबर और 40 फीसद मैटीरियल पर खर्च होना निर्धारित होता है, उसमें संतुलन इतना गड़बड़ा गया था कि यह आंकड़ा उल्टा हो चुका था। अब ऐसी स्थिति में जिला में मनरेगा के तहत अधिकांश पक्के विकास कार्यों पर रोक लगानी पड़ी। इससे कई ग्राम पंचायतें अपने शेल्फ के मुताबिक विकास योजनाओं में काफी पिछड़ चुकी हैं। उनके सामने अब इस अनुपात को पूरा करना चुनौती था, लेकिन करीब पांच महीनों से ऐसी अधिकांश पंचायतों ने अनुपात को सुधारने के लिए कच्चे काम शुरू किए हैं जिससे उनका लेबर को काम दिलाने का मकसद तो पूरा हो रहा है, लेकिन विकास कार्यों की गति काफी प्रभावित हुई है। (अनंत ज्ञान)

### मनरेगा के बिगड़े अनुपात ने बिगाड़े पंचायतों के हालात

> मनरेगा कार्यों में अनुपात का संतुलन बिगड़ा था, लेकिन अब सुधार हुआ है। उनकी जानकारी में मनरेगा मैटीरियल का पैसा केंद्र से ही रुका हुआ है।
> -शेफाली शर्मा, जिला डीआरडीए की परियोजना अधिकारी।

### क्या है वर्तमान स्थिति

**अंब** विकास खंड 49 फीसद कच्चे और 51 फीसद पक्के कार्यों के अनुपात में है। इसको अभी 11 फीसद अतिरिक्त कच्चे कार्य करके संतुलन बनाना होगा। बंगाणा विकास खंड ने अपना संतुलन ठीक कर लिया है और इस समय विकास खंड 60 फीसद कच्चे और 40 फीसद पक्के कार्य के साथ अनुपात में सही है।

गगरेट विकास खंड के हालात अनुपात को लेकर दयनीय हैं और 60 फीसद कच्चे कार्य के मुकाबले महज 36 फीसद पर अटकी है।

हरोली विकास खंड भी लक्ष्य के नजदीक है और मनरेगा के तहत निर्धारित 60 फीसद कच्चे कार्यों की तुलना में 57 फीसद हासिल कर चुकी है।

ऊना विकास खंड ने भी शानदार काम करके अपने अनुपात को पूरा कर लिया है और लगभग 60 फीसद कच्चे कार्य पूर्ण किए हैं। कुल मिलाकर ऊना जिला की बात करें तो मनरेगा में लेबर पर आधारित कच्चे कार्यों के 60 फीसद के अनुपात की तुलना में 54 फीसद हासिल कर लिया है। इसके अलावा अकेले ऊना जिले में मनरेगा मैटीरियल का करीब सवा सात करोड़ रुपया पेंडिंग चल रहा है।

## नियमों की अवहेलना करने पर काटे चालान

अनंत ज्ञान, ऊना

जिला पुलिस ऊना द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने पर 106 वाहनों के चालान काटे गए। इनमें से 18 का मौके पर निपटारा करके जुर्माने के रूप में 9500 रुपए वसूल किए गए।

वहीं, सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने वाले लोगों के धूम्रपान निषेध अधिनियम के अंतर्गत चार व्यक्तियों का चालान कर जुर्माने के रूप में 400 रुपए वसूल किए गए। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## सेवानिवृत्त संगठन ने मांगों को लेकर विधायक से की मुलाकात



केंद्रीय सशस्त्र बल के सेवानिवृत्त संगठन ने बबलू से मुलाकात कर मांगों को उठाया।

अनंत ज्ञान, अंब

केंद्रीय सशस्त्र बल के सेवानिवृत्त संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने सुरिंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में विधायक सुदर्शन सिंह बबलू से मुलाकात कर अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपकर उनके निराकरण की मांग उठाई है।

वीरवार को पंजोआ में विधायक कार्यालय में हुई मुलाकात में संगठन के सदस्यों ने सीआपीएफ का जिला कल्याण बोर्ड करने की मांग उठाई, साथ ही उन्होंने उपमंडल के सलोई राष्ट्रपति से पुलिस मेडल सम्मानित शहीद कांस्टेबल फकीर चंद की याद में स्कूल या भवन निर्माण करवाने व जम्मन कवाली गांव से शहीद कांस्टेबल रुकमदीन की याद में गांव में स्मृति का निर्माण करवाने की मांग उठाई।

इसके अलावा उन्होंने कैंटीन में 50 प्रतिशत जीएसपी माफ करवाने व 2004 के बाद कर्मचारियों को पेंशन की सुविधा की बकालत की है। इस मौके पर शर्मण सिंह, रविदत्त शर्मा, दलवीर चंद, अमीर हुसैन, मतिधर, चन्नण मनोहर लाल आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### वृद्ध मां ने लगाया बेटे-बहू पर मारपीट का आरोप

**ऊना।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत आते एक गांव की वृद्ध मां ने अपने ही बेटे-बहू द्वारा मारपीट किए जाने की शिकायत पुलिस को दी है और न्याय की गुहार लगाई है। वृद्ध मां ने अपने ही पुत्र व पुत्रवधू से उसकी सुरक्षा करने की मांग की है। पुलिस को दिए शिकायत पत्र में वृद्ध महिला शीला देवी ने आरोप लगाया कि मेरा बड़ा बेटा विवेक व उसकी पत्नी मेरे से मारपीट करते हैं जिससे वह घायल हो गई और अस्पताल में इलाज करवा रही है। वहीं] पुलिस ने थाना बंगाणा में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन




वित्तीय साक्षरता शिविर में लोगों को विभाग योजनाओं की जानकारी दी गई।

**ऊना।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा डेरा बाबा रुद्रानंद बसाल द्वारा नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्र के चलोला गांव में आयोजित शिविर की अध्यक्षता कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक बसाल के प्रबंधक शिव कुमार ने की। उन्होंने लोगों को विभिन्न योजनाओं, ग्राहकों के अधिकार, ऑनलाइन फ्रॉड आदि बारे अवगत करवाया। इस मौके पर बैंक की तरफ से शिव कुमार, राज कुमार ग्राम प्रधान सौरभ ठाकुर, उपप्रधान राज कुमार, ग्रामीण वरुण कुमार, रमेश चंद, रामपाल, कमलेश कुमारी, उर्मिला देवी आदि उपस्थित थे।

## 30 जनवरी को बसाल में सजेगा 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम

### डिप्टी सीएम अग्निहोत्री 1.40 करोड़ के करेंगे उद्घाटन : विधायक भुट्टो

अनंत ज्ञान, बंगाणा

राज्य सरकार द्वारा चलाए गए 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत कुटलैहड़ विस क्षेत्र में 30 जनवरी को वसाल रेस्ट हाउस में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम होने जा रहा है। इसमें राज्य सरकार में डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और जनता की समस्याओं को सुनेंगे।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बताया कि डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री 30 जनवरी को सुबह 10 बजे। 1.40 करोड़ की लागत से दो पेयजल योजनाओं एवं बसाल में जल शक्ति विभाग के बने भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद 12 बजे रेस्ट हाउस बसाल में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करके जन समस्याओं को सुनेंगे और उनका मौके पर समाधान करेंगे।



जानकारी देते विधायक भुट्टो।

विधायक ने कहा कि कुटलैहड़ का समग्र विकास करवाना हमारी प्राथमिकताओं में शुमार है।

भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ में चाहे युवाओं के लिए खेल मैदान की बात हो, शिक्षा क्षेत्र हो या सड़क रास्ते या फिर कुटलैहड़ की जनता को आर्थिक मदद देने की बात हो, हमने एक वर्ष के कार्यकाल में कुटलैहड़ विस क्षेत्र में अन्य हर उस व्यक्ति तक पहुंचकर मदद की है, जो अहसाय या फिर गरीबी रेखा से नीचे हैं। गरीबी रेखा से नीचे वाले छात्रों को पढ़ाई का खर्च देना और हमने कुटलैहड़ वेलफेयर सोसायटी के माध्यम से कुटलैहड़ की विधवा बहनों एवं गरीबी रेखा से नीचे परिवारों को नकद राशि प्रदान करना शुरू कर दी है। लोहड़ी दिवस पर शुरुआत में हमने 80 परिवारों को राहत राशि प्रदान की है।

कुटलैहड़ में आपदा आने पर जिनके रिहायशी मकान ध्वस्त हो गए थे, ऐसे करीब दस परिवारों को सात-सात लाख एवं बत्तीस परिवारों को पौने दो लाख की राज्य सरकार से आर्थिक सहायता दिलवाई है। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि हमने एक वर्ष के कार्यकाल में बिना राजनीति द्वेष भाव के चलते कुटलैहड़ की जनता की नि:स्वार्थ भाव से सेवा की है।

## शिव मंदिर ढैठा अंब में 22 जनवरी को होगा भव्य कार्यक्रम

अनंत ज्ञान, बंगाणा

उपमंडल बंगाणा की जसाना पंचायत के प्रसिद्ध धार्मिक अंबकेश्वर शिव मंदिर ढैठा अंब ऐसन गांव में श्री अयोध्या में 22 जनवरी को होने बाली श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर शाम के समय मंदिर परिसर में सैकड़ों दीपक जलाए जाएंगे। मंदिर कमेटी एवं प्रसिद्ध विद्वान पंडित पवन शर्मा ने बताया कि मंदिर में दीपक जलाकर भजन-कीर्तन किया जाएगा एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्री अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण होना देश के लिए गर्व की बात है।

### सैकड़ों दीपकों से जगमगाएगा मंदिर : पवन

ज्ञात रहे उपमंडल बंगाणा की जसाना पंचायत के गांव एसन का यह शिव मंदिर वर्षों पुराना है और बीते 50 सालों से लगातार उक्त मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा एवं वर्षभर अन्य समागम होते हैं। हजारों की संख्या में जनता की मंदिर के प्रति आस्था है और मंदिर में पुजारी के रूप में क्षेत्र के विद्वान पंडित पवन शर्मा मंदिर में पूजा-अर्चना एवं देखरेख करते है।



प्रसिद्ध धार्मिक अंबकेश्वर शिव मंदिर ढैठा अंब में कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## शिवबाड़ी में व्यक्ति से देसी शराब पकड़ी

**ऊना।** पुलिस थाना गगरेट के मुलाजिमों ने 10 बोतल अवैध देसी शराब पकड़ी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना गगरेट के मुलाजिम गश्त करते हुए शिवबाड़ी में मौजूद थे तो उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति गत्ते की पेटी कंधे पर उठाकर आ रहा है।

पुलिस को देखकर पीछे मुड़कर जाने लगा तो शक के आधार पर पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उस के पास से 10 बोतल देसी शराब बरामद की गई। आरोपी की पहचान हरि ओम पुत्र शीश राम, निवासी गांव प्रताप पुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश, हाल रिहायश नजदीक सुपर मैक्स फैक्टरी, औद्योगिक क्षेत्र गगरेट के रूप में हुई है।

आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत थाना गगरेट में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

## राज्य सरकार गेस्ट टीचर रखकर युवाओं के साथ कर रही धोखा

**बंगाणा।** प्रदेश में कांग्रेस की सुक्खू सरकार द्वारा स्कूलों-कॉलेजों में 2600 गेस्ट टीचर की भर्ती की घोषणा को जिला भाजपा के उपाध्यक्ष बलराम बबलू ने युवाओं के साथ धोखा करार दिया है। बबलू ने कहा कि ये भर्ती युवाओं की प्रतिभा का अपमान व शोषण है।



बबलू ने आरोप लगाया कि एक साल में एक लाख नौकरी देने की गारंटी के साथ सत्ता में आई सुक्खू सरकार आज अपने चहेतों को लाभ देने के लिए इस प्रकार की योजनाओं लाकर युवाओं को ठगने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने चयन बोर्ड को बंद करके मेरिट को दरकिनार कर आज सरकार गेस्ट टीचर भर्ती के माध्यम से युवाओं को 200-300 रुपए प्रति पीरियड मानदेय देकर युवाओं की डिग्री व उपाधि का अपमान कर रही है। सरकार युवाओं की बेरोजगारी और उनकी मजबूरी का लाभ उठा कर इसी योजनाओं के माध्यम से उनका शोषण करने का प्रयास करना चाहती है। उन्होंने कहा सरकार से गेस्ट टीचर भर्ती की नीति को तुरंत वापस लेने की मांग की है।

## 'नशा मुक्त ऊना' अभियान जन आंदोलन बनकर पहुंच रहा हर स्कूल में : अश्वनी



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बौल में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

अनंत ज्ञान, बंगाणा

नशा मुक्त ऊना अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बौल में बच्चों के साथ स्कूल इंटरवेन्शन के अंतर्गत नवचेतना मॉड्यूल पर एक्टिविटी में भाग लिया। इसकी वजह से बच्चे अच्छे बुरे प्रभाव जो होते हैं, उनके बारे में जानकारी हासिल कर रहे हैं और जिसका बच्चों पर सार्थक प्रभाव पड़ रहा है। यह जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल अश्वनी शर्मा ने दी। जिला ऊना के सभी स्कूलों में नशा मुक्त ऊना अभियान द्वारा स्कूल इंटरवेंशन प्रोग्राम के तहत बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अलग-अलग तरह से एक्टिविटी करवाई जा रही है जिसका असर अभी से होना शुरू हो गया है। अपनी उम्र के बच्चों के दबाव में आकर जो गलत काम करते थे, अब उसके बारे में समझने लगे है। अगर कोई बात उनको गलत लग रही है, जो उनके नशे रूपी जाल में फंसा सकती है, उससे अपने आप को नशे के जाल में फंसने से बचाने लगे हैं

इस मौके पर स्कूल के मेंटर टीचर अजय कुमार, नशा मुक्त ऊना अभियान के प्रोग्राम ऑफिसर सतपाल रणावत, स्कूल के अध्यापक, और अन्य बुद्धिजीवी वर्ग शामिल रहे।

## ब्लॉक कांग्रेस चिंतपूर्णी की कार्यकारिणी घोषित

### ब्लॉक में 17 उपाध्यक्ष, 21 महासचिव, सचिव 26, 21 संयुक्त सचिव व 35 कार्यकारिणी सदस्यों को किया शामिल

अनंत ज्ञान, अंब

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक कांग्रेस चिंतपूर्णी की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस ने जातीय समीकरण को साधते हुए ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी में हर वर्ग के लोगों को जगह दी गई है।

कांग्रेस ने ब्लॉक में 17 उपाध्यक्ष, 21 महासचिव, सचिव 26, 21 संयुक्त सचिव व 35 कार्यकारिणी सदस्यों को शामिल किया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार ने बताया कि जगीर सिंह संधू, मास्टर बलबीर सिंह, सलाम दीन, जगतार सिंह, बलदेव नम्बरदार, अशोक कुमार, सुषमा देवी, स्वतंत्र कुमार, मदन लाल, विजय कुमार, श्रवण सिंह बिट्टू, रतन चंद, पूर्व प्रधान रविंद्र कुमार, हरदेव सिंह, पूर्व प्रधान दर्शन सिंह अरनवाल, सुखदेव चौआर, जसबीर ठाकुर को ब्लॉक का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, वार्ड पंच सुरेश कुमार, कपूरदीन, का कूटेंट हाउस, उपप्रधान विनोद कुमार, सुनील कुमार कुठियाड़ी, प्रकाश चंद राणा, प्रवीण कुमारी, पुष्पा देवी, डॉ. कर्म चंद, मनिज कुमार दियाड़ा, जनक राज कालिया, सुमन देवी, बाला देवी, उपप्रधान काका मैड़ी, बीएसएनएल जगननाथ, अशोक वर्मा ठठल, मंगल सिंह प्रधान टकोली, यशपाल जस्सी जोल, गुरदयाल सिंह सूरी, पूर्व प्रधान कुठेड़ा खैरला सुभाष चंद, गुरदेव बिट्टू अंब को महासचिव बनाया गया है।

इसी तरफ से पूर्व प्रधान सुखदेव, सोहन लाल बोबी स्तोथर, अशोक कुमार, जरनैल सिंह नारी, कैप्टन प्रीतम सिंह, रवि कुमार स्तोथर, अब्दुल गफूर अंब, शेरे मुख्त्यार, राजेश कुमार घंघरेट, राजू उपप्रधान धर्मशाल महंता, मुनीश ठाकुर, राजेश कुमार, संजय कुमार, नियातअली, जोगिंद्र पाल अंब, सववैन सिंह हंबोली, कैप्टन महिंद्र, संतोष कुमारी, अनीता कुमारी, शीतल सिंह, राकेश शर्मा, नेक मुहम्मद, सुरिंद्र कुमार भैरा, सतिंदर खन्ना, सतीश कुमार व सतीश कुमार पंजोआ को सचिव बनाया गया है।

वहीं, अमन कहोल नारी चिंतपूर्णी, महिंद्र ज्वार, नरेश कुमार घंघरेट, राज कुमार राजू, अजय कहोल, डॉ. रोशन लाला, अशोक कुमार भरवाई, रजनीश ठाकुर नारी, रोहित बाली ठठल, पूर्व प्रधान अजय कुमार, बकील सिंह, शिंदर पाल बेहड़ जसवां, सुख्लामबर धुसाड़ा, डॉ. विनय धुसाड़ा, कृषण चंद तालवाल, पूर्व प्रधान प्यारे लाल, ठठल, दपील सिंह ठठल, डॉ. रामपाल नक्की, राजेश कुमार टकोली, सोहन लाल व केवल शर्मा गिंडपुर मलौण को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा अजय कपिला बेहड़ जसवां, राम जी दास ज्वार, महेश कुमार पल्लियां, विशाल लठ्ठ धुसाड़ा, कृषण फौजी टकारला, रफीक मुहम्मद अंब, ईश्वर दास अंब, दिनेश कुमार ज्वाल, किशन अवतार भिंडला, राजेश साहनी तलमेहड़ा, तारा चंद शर्मा बिट्टू बीजापुर, हंसराज अरड़ोह, मंगल सिंह टकोली, उपप्रधान भिंडला कुलदीप सिंह, हुकम सिंह जम्मन कवाली, संदीप मुहम्मद गुलियार, दिनेश बंसल चिंतपूर्णी, गुरदेव मेहता घंघरेट, मनोज शर्मा अंब, ओम प्रकाश जोल, हरी पाल चौकी मन्यार, बलबीर सिंह तलमेहड़ा, मदन लाल बड़ूहा, राज कुमार पलोह, प्रीतम चंद जाबेहड़, मुंशी खान कुठेड़ा खैरला, अनायत अली कुठेड़ा खैरला, कम्मो देवी कुठेड़ा खैरला, सुनील कुमार पंजोड़ा, अमर सिंह भलौण, नितिन परमार सोहारी, डीएसपी सोमदत गुरेट, शेर सिंह कुठेड़ा, काका भुल्लर चुरूडू व ओंकार सिंह मनकोटिया को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा जारी की गई यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएंगी।

## जनाधार खिसकने के चलते भाजपा कर रही गलत बयानबाजी

अनंत ज्ञान, ऊना

भारतीय जनता पार्टी के लोग जनाधार खिसकने के चलते गलत बयानबाजी पर उतर आए हैं। वीरवार को जिला मुख्यालय स्थित विश्रामगृह में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कांग्रेस कमेटी प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय डोगरा ने कहा कि प्रदेश सरकार आर्थिक स्थिति से जूझने के बावजूद भी कार्य योजना बनाकर धरातल पर उतार रही है।



डॉ. विजय डोगरा ने कहा कि मुख्यमंत्री हरसंभव प्रयास कर रहे हैं कि किस तरह से प्रदेश की बिगड़ी हुई आर्थिक व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाया जा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता बजाये केंद्र सरकार से कुछ लाने के प्रदेश की सुख की सरकार को कोसने का काम कर रही है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बताएं कि जो गांव उन्होंने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में गोद लिए थे, उनमें कौन सा ऐसा काम कर दिया जिससे वह आदर्श गांव कहलाए जा सकें, जबकि हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना में लगातार डेरा जमाए हुए हैं। इससे वह क्या सिद्ध करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह अच्छा होता कि केंद्रीय मंत्री प्रदेश सरकार के साथ खड़े होकर आपदा ग्रस्त जिलों के लिए केंद्र सरकार से कोई विशेष राहत राशि हिमाचल प्रदेश को दिलवाने का काम करते, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि प्रदेश सरकार को कोसने के अतिरिक्त वह कोई काम नहीं कर रहे। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में खिसकाता जनाधार देख कर बौखलाहट में गलत बयानबाजी कर रहे हैं।

डॉ. विजय डोगरा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कांग्रेस का कार्यक्रम 'चलो गांव की ओर', 'सरकार गांव के द्वार' की शुरुआत की, जिससे आम जनमानस को बहुत लाभ होगा।

## आयोजन

### हंबोली में हिमाचल पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के सौजन्य से कार्यक्रम आयोजित

# सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कर रही कार्य

स्पर्श शर्मा, अंब

हिमाचल पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के सौजन्य से हंबोली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वीरवार को पंचायत घर में आयोजित कार्यक्रम में चिंतपूर्णी विस क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। विधायक बबलू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम की ऐसी एजेंसी है, जो कि पिछड़े वर्ग के लोगों के सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए कार्य करने और लाभार्थियों को कम ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध करवाने का कार्य करती है। विधायक ने आरोप लगाया कि पूर्व की सरकारों ने जनहित की योजनाओं से अन्य पिछड़े वर्ग को वंचित रखकर महज वोट बैंक की राजनीति करने का काम किया है, लेकिन अब कांग्रेस की सुक्खू सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।



स्थानीय लोगों को संबोधित करते विधायक सुदर्शन सिंह बबलू।

बबलू ने कहा कि हिमाचल पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के सौजन्य से अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए विभिन्न प्रकार के व्यवसाय चलाने के लिए कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाने का काम करता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा शिक्षा ऋण, जो कि बाहरवीं कक्षा के उपरांत उच्च शिक्षा व व्यवसायिक कोर्स के लिए भी युवाओं को बेहद कम ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाता है।

निगम की तरफ से विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक कोर्सों के लिए प्रशिक्षण भी उपलब्ध करवाता है। इसके अलावा खेतीबाड़ी व छोटा व्यवसाय शुरू करने के लिए भी निगम द्वारा आर्थिक मदद की जाती है। सरकार द्वारा जनहित में चलाई योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए कार्य किया जाएगा, ताकि लोग आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम के दौरान विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं और कई समस्याओं का विधायक ने मौके पर ही निपटारा कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### ये रहे मौजूद

**इस** मौके पर प्रबंधक निदेशक सुखदेव सिंह, उपमहाप्रबंधक सतीश ठाकुर, निगम के पूर्व प्रबंधक एवं पूर्व विधायक गणेश दत्त भरवाल, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शर्मा, चिंतपूर्णी महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कुमारी, प्रधान श्रवण कुमार, बिट्टू, पूर्व प्रधान रघुदत्त, राजिंद्र कुमार, आतमा प्रोजेक्ट सलाहकार समिति के ब्लॉक चेयरमैन स्वर्ण सिंह ढिल्लों, प्रधान हंबोली जोगिंद्र सिंह उपप्रधान सतीश कुमार, हंबोली को-ऑपरेटिव सोसायटी के प्रधान अमरीक सिंह, पूर्व प्रधान सरवन सिंह बांटू, बूथ प्रधान रमन कुमार फौजी, दौलत राम, कुलदीप ठाकुर, गुलमेल सिंह, सरदार सरवन सिंह सेरी, प्रधान महिला मंडल सरोज कुमारी, मास्टर जसमेर सिंह, पवन कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## आपदा से लड़ने के लिए अलर्ट पर रहे टास्क फोर्स




होमगाड्‌र्स कमाडेंट मेजर विकास सकलानी ने स्वयंसेवियों को जागरूक किया।

अनंत ज्ञान, ऊना

आपदा से लड़ने के लिए टास्क फोर्स स्वयंसेवक हमेशा अलर्ट रहें। यह बात वीरवार को स्थानीय बचत भवन में होमगाड्‌र्स कमाडेंट मेजर विकास सकलानी ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि आपदा कभी भी आ सकती है। गत वर्ष प्रदेश में आई आपदा में होने वाले जानमाल के नुकसान से हम सब को सीख लेनी चाहिए, इसलिए भविष्य में ऐसी विकट स्थिति से निपटने के लिए हम सब को फ्रंट लाइन में आकर पीड़ित मानवता की सेवा के तैयार रहना होगा।

उन्होंने आपदा व आग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आग लगने के कारणों, प्रकार व बुझाने के बारे में विस्तार से बताया गया।

इस मौके पर सीमित संसाधनों का इस्तेमाल करने के गुर बताए गए। डीडीएमए ऊना की ओर से लगाए ट्रेनिंग शिविर में युवाओं ने आग व आपदा को लेकर जानकारी हासिल की। इस मौके पर अग्निशमन विभाग ऊना से लीडिंग फायरमैन सुरेश कुमार व फायरमैन राकेश कुमार उपस्थित रहे।

यदि आपको कोई खुद से छोटा नजर आ रहा है, तो या तो आप दूर से देख रहे हैं या गुरुर से देख रहे हैं। अज्ञात



## 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रमों से होगा जनता का उद्धार

**सुक्खू** सरकार की ओर से शुरू किया गया सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम सुर्खियां बटोर रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस कार्यक्रम का आगाज अपने गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन की गलोड़ पंचायत से किया और इसके साथ उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा विधायकों को भी जगह-जगह जाकर लोगों की समस्याएं सुनने तथा उनका निवारण करने के निर्देश जारी किए हैं। कार्यक्रमों का बकायदा शेड्यूल भी जारी हो गया है। पूर्व भाजपा सरकार ने भी कुछ इसी तरह के कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश में शुरू किए थे, जिन्हें जन मंच के नाम से जाना गया और अब सुक्खू सरकार उसी तर्ज पर लोगों की समस्याएं सुन रही है। जब भाजपा ने जनमंच शुरू किया था तब कांग्रेस विपक्ष में हुआ करती थी और इन कार्यक्रमों का विरोध करती थी, लेकिन आज खुद भाजपा के नक्शेकदम पर चल रही है। लोग सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम को अब जनमंच का तोड़ भी मानने लग पड़े हैं तो वहीं, कुछ लोग इसे आगामी लोकसभा चुनाव से भी जोड़कर देख रहे हैं। लोग यह कह रहे हैं कि सरकार अपने कार्यक्रमों के जरिए वोट बटोरने की जुगत भिड़ा रही है। कार्यक्रम में बकायदा विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां लगाई जा रही हैं और निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग और आयुर्वेद विभाग के मैगा स्वास्थ्य कैंपों में मरीजों के निशुल्क टैस्ट होंगे, तथा उन्हें दवाइयां भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। यह सब तो ठीक, लेकिन इसके साथ-साथ कार्यक्रमों के पंडालों में सरकारी विभागों के इन स्टॉलों पर कांग्रेस पार्टी के झंडे भी लगाए जा रहे हैं, जिसे लोग सीधे-साधे राजनीति से जोड़ रहे हैं। कुछ भी हो सरकार ने एक सराहनीय पहल तो की है, जिसका आमजन को फायदा जरूर मिलेगा। प्रदेश सरकार आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रमों का मकसद यही है। दूसरे चरण में जिले के अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी अलग-अलग दिन इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों और आम लोगों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि जनसमस्याओं का निवारण मौके पर ही किया जा सके। आयोजन स्थल से संबंधित पंचायतों में इसी दिन विशेष ग्राम सभा भी आयोजित की जाएगी, जिनमें सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में चर्चा की जाएगी। जिला स्तर के सभी कार्यालय प्रमुखों को इन कार्यक्रमों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना चाहिए ताकि विभागीय योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनियों के जरिए लोगों को सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया जा सके और लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाया जा सके। सरकार यह भी कोशिश कर रही है कि प्रदर्शनी स्टॉलों में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित संपूर्ण जानकारी उपलब्ध रहे, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। विपक्ष कांग्रेस सरकार के इन कार्यक्रमों की तीखी आलोचना कर रही है, जिसका जवाब सत्ता पक्ष इस तरीके से दे रहा है कि पूर्व सरकार ने जनमंच पर छत्तीस करोड़ रुपए खर्च कर दिए थे, लेकिन मौजूदा सरकार इन कार्यक्रमों पर एक पैसा भी नहीं खर्च रही है। अगर प्रदेश की जनता की भलाई के लिए कोई कार्यक्रम शुरू किया गया है तो उसकी प्रशंसा करनी चाहिए न कि आलोचना।

# सर्जिकल स्ट्राइक से नेस्तनाबूद होंगे चरस-माफिया के मगरमच्छ

**मंडी व कुल्लू, चंबा, जिले में हर रोज चरस के मामलों में अप्रत्याशित रूप से बढ़ोतरी हो रही है। चरस के इन सरगनाओं को सजा-ए-मौत देनी चाहिए जो मौत बांट रहे हैं और देश के भविष्य कहलाने वाले युवाओं को असमय मौत के मुंह में धकेल रहे हैं। जनवरी 2023 से लेकर दिसंबर 2023 तक 12 महीनों में ऐसा कोई दिन नहीं था, जब चरस की खेप न पकड़ी थी। यह क्रम कभी नहीं टूटा था। यह क्रम निरंतर बढ़ता जा रहा है। चरस के मामलों में पड़ोसी राज्यों के लोगों की संख्या काफी है। ये लोग हिमाचल में घूमने आते है और इस धंधे को करते है और पुलिस के हाथों से बच नहीं पाते। ऐसे लोगों को आजीवन कारावास देना चाहिए जो घूमने-फिरने की आड़ में काले धंधे कर रहे हैं। प्रदेश में चरस के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। विदेशी लोग हिमाचल में घूमने के नाम पर चरस का कारोबार कर रहे हैं। गोरे लोग चरस का काला धंधा कर रहे हैं। आज पता नहीं कितने ही विदेशी प्रदेश की जेलों में सजा काट रहे हैं। नेपाली लोग भी इस धंधे में पकड़े जा रहे हैं। नेपाली लोग होटलों व लोगों के घरों में नौकरियां करते हैं। हालांकि समय-समय पर भांग उखाड़ो अभियान चलाया जाता है, मगर चरस के कारोबारी इस काम को बदस्तूर जारी रखे हुए हैं। चरस के आरोप में लोग तो जेलों में उम्रभर सड़ते है, मगर इन आरोपियों के नए वाहन भी पुलिस चौकियों में सड़ जाते हैं। चरस के इस बढ़ते कारोबार पर लगाम लगानी होगी।**



लेखक
नरेंद्र भारती, वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार

**देवभूमि** हिमाचल चरस माफिया के कारण बदनाम होता जा रहा है। नव वर्ष 2024 में भी चरस के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में 17 जनवरी 2024 को कुल्लू में अढ़ाई किलो चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रतिदिन हर जिले में चरस के मामले पकड़े जा रहे हैं। चरस माफिया बेलगाम होता जा रहा है। इस पर लगाम बहुत ही लाजिमी है।

चरस माफिया के लोगों को आजीवन कारावास देना चाहिए ताकि इस धंधे पर पूर्ण रोक लग सके। समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के मुताबिक गत वर्ष कुल्लू के बंजार उपमंडल की श्रीकोट पंचायत के जंगल से 127 किलो चरस के पकड़े जाने से देवभूमि की साख पर बट्टा लगा था। पुलिस ने 295 किलो गांजा भी बरामद किया था। डेढ़ सालों में 412 किलो चरस पकड़ी गई थी। यह प्रदेश की सबसे बड़ी खेप थी। तत्कालीन एसपी गौरव सिंह व एसआईयू के नेतृत्व में 27 सदस्यों की संयुक्त टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया और चरस माफिया को बेनकाब किया था। चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। चरस की कीमत करोड़ों में थी। चंद माफिया के लोगों की काली करतूतों के कारण देवभूमि की साख मिट्टी में मिलती जा रही है। प्रदेश पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है फिर भी माफिया बेखौफ होकर चरस के कारोबार को अंजाम दे रहा है। चरस माफिया के मगरमच्छों पर सर्जिकल स्ट्राइक करनी होगी, तभी यह चरस का बढ़ता हुआ साम्राज्य नेस्तनाबूद होगा। छोटी-छोटी मछलियां तो हर रोज पकड़ी जा रही हैं, मगर मगरमच्छ हाथ नहीं आते हैं। मगरमच्छों को पकड़ना होगा। बीते साल 2023 में भी काफी मामले सामने आए थे। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2002 में कुल्लू में 107 किलो चरस पकड़ी गई थी। 2 नवंबर 2019 को कुल्लू के एसपी गौरव सिंह की अगुआई में सुबह चार बजे माफिया के ठिकाने पर छापा मारा था। पार्वती घाटी के दुगर्म क्षेत्र पिनसू थाच में पुलिस ने चरस माफिया पर कड़ी कारवाई की थी। इस कार्रवाई में तीन किलो चरस, एक क्विंटल भांग का बीज व गांजा बरामद किया था। पुलिस ने पांच महिलाओं समेत अढ़ाई दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपी स्थानीय व नेपाली मूल के थे। पुलिस की इस कार्रवाई ने चरस माफिया की चूलें हिल गई थी। अगर हर जगह ऐसी कार्रवाइयां होती रहे तो एक दिन हिमाचल चरस मुक्त हो जाएगा। पुलिस ने 20 किलोमीटर पैदल चलकर कर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया था। हिमाचल में चरस के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक साल पहले सुंदरनगर में दो सगे भाइयों से 3 किलो 934 ग्राम चरस पकड़ने में सफलता हासिल की थी। नशा तस्करों ने विजिलेंस टीम पर हमला कर दिया था। चरस का कारोबार करने वाले रातों-रात अमीर बनने के चक्कर में इन काले धंधों में आकर अपना भविष्य दांव पर लगा रहे हैं। चरस माफिया के बढ़ते कदम प्रदेश की युवा पीढ़ी की विनाश की इबारत लिख रहे हैं। माफिया के लोग युवाओं का जीवन तबाह कर रहे हैं।

चरस माफिया निरंकुश होता जा रहा है। इस पर अंकुश लगाना होगा। प्रदेश में प्रतिदिन बड़ी-बड़ी खेपें बरामद की जा रही हैं। चरस का यह कारोबार बढ़ता ही जा है। हर साल हजारों लोग पकड़े जा रहे हैं। चरस के मामलों में बेहताशा वृद्धि होती जा रही है। चरस माफिया के सूत्रधारों को बेनकाब करना होगा क्योंकि पुलिस की पकड़ में तो छोटी-छोटी मछलियां ही आती हैं जबकि बड़े मगरमच्छ तो कम ही जाल में फंसते हैं। हिमाचल में चरस माफिया का चक्रव्यूह बढ़ता जा रहा है। इस चक्रव्यूह को तोड़ना होगा। यदि लापरवाही बरती तो चारों तरफ चरस के सौदागरों का साम्राज्य फैल जाएगा। फिर पछताने के अलावा कुछ हासिल नहीं होगा। युवा चंद पैसों के लालच में चरस का काला कारोबार कर रहे हैं और पकड़े जा रहे हैं। आज हजारों की संख्या में चरस के आरोपों में पकड़े गए लोग जेलों में सड़ रहे हैं। गत वर्ष सुंदरनगर में भी पंजाब के युवकों को दस किलो अफीम के साथ पकड़ा था। वर्ष 2024 के जनवरी महीने के 15 दिनों में ऐसा कोई दिन नहीं होगा जिस दिन चरस न पकड़ी गई हो। चंबा से लेकर किन्नौर तक हर जगह चरस के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। चरस के कारोबार करने वाले लोगों में अधिकांश लोग पड़ोसी राज्यों के ही हैं। प्रदेश पुलिस को चरस का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसना होगा। चरस के कारण देवभूमि कलंकित होती जा रही है। पुलिस ने चरस माफिया के खिलाफ से यह अभियान चला रखा है। हर रोज चरस पकड़ी जा रही है। प्रदेश के हर जिला में चरस माफिया के लोग पकड़े जा रहे हैं। अधेड़ से लेकर नाबालिग इन धंधों में संलिप्त हैं। महिलाएं भी पुरुषों से एक कदम आगे हैं। विदेशी व पड़ोसी राज्यों के लोगों की वजह से हिमाचल विश्व स्तर पर कलंकित होता जा रहा है। प्रदेश में प्रतिदिन बड़े पैमाने पर चरस के मामले पकड़े जा रहे हैं मगर चरस माफिया अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। प्रदेश के लोगों के साथ-साथ बाहरी राज्यों के लोग हर रोज चरस के साथ पकड़े जा रहे हैं। यह लोग पर्यटक बनकर चरस का काला धंधा कर रहे हैं। प्रदेश के हर जिले में नशे के सौदागरों का जाल बिछता जा रहा ह। इस जाल को काटने में प्रदेश पुलिस अहम भूमिका निभा रही है मगर चरस माफिया को पूरी तरह नेस्तनाबूद नहीं कर पाई है। यदि पुलिस पूरी तरह से सक्रिय हो जाए तो इस माफिया के कदम रोके जा सकते हैं। अक्सर देखा गया है कि चरस का कारोबार करने वालों के साथ कई निर्दोष लोग भी फंसते जा रहे हैं या फंसाए जा रहे हैं जिनका कोई लेना-देना नहीं होता। प्रदेश पुलिस ने प्रदेश के हर जिले में चरस की बड़ी-बड़ी खेपें पकड़ने में सफलता हासिल की थी। काले सोने के इस कारोबार में महिलाएं भी पकड़ी जा रही हैं।

मंडी व कुल्लू, चंबा, जिला में हर रोज चरस के मामलों में अप्रत्याशित रूप से बढ़ोतरी हो रही है। चरस के इन सरगनाओं को सजा-ए-मौत देनी चाहिए जो मौत बांट रहे हैं और देश के भविष्य कहलाने वाले युवाओं को असमय मौत के मुंह में धकेल रहे हैं। जनवरी 2023 से लेकर दिसंबर 2023 तक 12 महीनों में ऐसा कोई दिन नहीं था, जब चरस की खेप न पकड़ी थी। यह क्रम कभी नहीं टूटा था। यह क्रम निरंतर बढता जा रहा है। चरस के मामलों में पड़ोसी राज्यों के लोगों की संख्या काफी है। ये लोग हिमाचल में घूमने आते हैं और इस धंधे को करते हैं और पुलिस के हाथों से बच नहीं पाते। ऐसे लोगों को आजीवन कारावास देना चाहिए जो घूमने-फिरने की आड़ में काले धंधे कर रहे हैं। प्रदेश में चरस के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। विदेशी लोग हिमाचल में घूमने के नाम पर चरस का कारोबार कर रहे हैं। गोरे लोग चरस का काला धंधा कर रहे हैं। आज पता नहीं कितने ही विदेशी प्रदेश की जेलों में सजा काट रहे हैं। नेपाली लोग भी इस धंधे में पकड़े जा रहे हैं। नेपाली लोग होटलों व लोगों के घरों में नौकरियां करते हैं। हालांकि समय-समय पर भांग उखाड़ो अभियान चलाया जाता है मगर चरस के कारोबारी इस काम को बदस्तूर जारी रखे हुए हैं। चरस के आरोप में लोग तो जेलों में उम्रभर सड़ते हैं मगर इन आरोपियों के नए वाहन भी पुलिस चौकियों में सड़ जाते हैं। चरस के इस बढ़ते कारोबार पर लगाम लगानी होगी। ऐसे भी मामले सामने आते हैं कि बसों में लावारिस बैगों में चरस बरामद होती है और सफर कर रहे निर्दोष लोगों को बेवजह परेशान किया जाता है। पुलिस के कर्मचारियों द्वारा लोगों की तलाशी ली जाती है। बसों में सफर करने वाले संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जाए ताकि शरीफ व इज्जतदार लोगों को राहत मिल सके, जिन्हें बेवजह परेशानी होती है। महिलाओं का भी चरस के इस कारोबार में संलिप्तता से हिमाचल की साख पर बदनामी का दाग चस्पां हुआ है। चरस के काले कारोबार में हिमाचली महिलाएं चरस की सरगनाएं कैसे बन गईं, यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है कि ऐसी कौन सी मजबूरियां हैं। महिलाओं को अपनी मान-मर्यादाओं का जरा भी ख्याल नहीं है कि इस काले कारोबार में फंसती जा रही हैं। प्रदेश में हर वर्ष सैकड़ों क्विंटल चरस पकड़ी जाती है जिसे पुलिस विभाग के लोग आग के हवाले करके जला देते हैं। चरस के मुख्य सरगनाओं को सार्वजनिक स्थानों पर सजा देनी चाहिए।

हिमाचल पुलिस को अपना अभियान पूरा वर्ष जारी रखना चाहिए ताकि इन पर शिकंजा कसा रहे और चरस का यह काला धंधा पूरी तरह खत्म हो सके ताकि गैर कानूनी कारोबार करने वाले लोग बेनकाब हो सकें। पुलिस को सक्रियता से इन माफिया के लोगों को पकड़ना होगा तभी इस पर पूर्ण रोक लग सकती है। समाज के लोगों को भी इस अभियान में सहयोग करना होगा ताकि इन चरस माफियाओं का साम्राज्य खत्म किया जा सके। अभी समय है फिर पछताने के सिवाय कुछ नहीं होगा। चरस माफिया का सफाया करना होगा ताकि हिमाचल की साख पर दाग न लग सके। प्रदेश में फैलते चरस माफिया के लोगों के इस जाल को काटना समय की पुकार है। यदि लोगों ने कोई कदम न उठाए तो प्रदेश में चरस माफिया की जड़ें इतनी फैल जाएंगी कि इन्हें काटना बेहद मुश्किल हो जाएगा। अगर अब भी लापरवाही बरती तो चरस माफिया की जड़े गहरी होती जाएंगी जिन्हें काटना मुश्किल हो जाएगा। यह प्रदेश हित में है। चरस माफिया का फन कुचलना होगा। ऐसे ऑपरेशन होते रहेंगे तो प्रदेश चरस मुक्त हो जाएगा।

## आपकी कविता, आपकी आवाज

### इक किस्सा सुनाऊं

*सुनो! देशवासियों इक किस्सा सुनाऊं,*
*किसकी चलती किसके किस्से खास।।*

*सतयुग द्वापर में राम और कृष्ण आए,*
*कलियुग चला है देखो इसका प्रभाव।।*

*संत और सत को करता नित परेशान,*
*पाखंड-झूठ देता देखो सत्य को मात।।*

*शेर को घेरने लोमड़ी संग रच रहे चाल,*
*फरेब की बेड़ी में साठ पर भारी आठ।।*

*दरोगा भी कानून लागू कर नहीं पाता,*
*बनाया भीड़ ने सड़क रोक कर दबाव।।*

*देख मौका मीडिया खेल गया पूरा दाव,*
*टीआरपी बढ़ाना है उसका स्वभाव।।*

*काट खाया बकरा मालिक ने दिखाया प्यार,*
*शौक से जिसे पाला खिलाया चना - घास।।*

*नफरत ही नफरत भर जाए जब मानुष में,*
*वृद्धाश्रम में रोते देख जग्गू आज मां बाप।।*



कवि
जग्गू नौरिया
नगरोटा बगवां 9418557929

## प्रेरक कथा



### बूढ़े गिद्ध की सलाह

एक बार गिद्धों का झुंड उड़ता-उड़ता एक टापू पर जा पहुंचा। टापू समुद्र के बीचों-बीच स्थित था। वहाँ ढेर सारी मछलियां, मेंढक और समुद्री जीव थे। इस प्रकार गिद्धों को वहां खाने-पीने को कोई कमी नहीं थी। सबसे अच्छी बात ये थी कि वहां गिद्धों का शिकार करने वाला कोई जंगली जानवर नहीं था। गिद्ध वहां बहुत खुश थे। इतना आराम का जीवन उन्होंने पहले देखा नहीं था। उस झुंड में अधिकांश गिद्ध युवा थे। वे सोचने लगे कि अब जीवन भर इसी टापू पर रहना है। उन सबके बीच में एक बूढ़ा गिद्ध भी था। वह जब युवा गिद्धों को देखता, तो चिंता में पड़ जाता। वह सोचता कि ये वास्तविक जीवन का अर्थ समझ पाएंगे? जब कभी मुसीबत इनके सामने आ गई, तो ये कैसे उसका मुकाबला करेंगे? बहुत सोचने के बाद एक दिन बूढ़े गिद्ध ने सभी गिद्धों की सभा बुलाई। अपनी चिंता जताते हुए वह सबसे बोला कि इस टापू में रहते हुए हमें बहुत दिन हो गए हैं। मेरे विचार से अब हमें वापस उसी जंगल में चलना चाहिए, जहां से हम आए हैं। यहां हम बिना चुनौती का जीवन जी रहे हैं। ऐसे में हम कभी भी मुसीबत के लिए तैयार नहीं हो पाएंगे। युवा गिद्धों ने उसकी बात सुनकर भी अनसुनी कर दी। उन्हें लगा कि बढ़ती उम्र के असर से बूढ़ा गिद्ध सठिया गया है। इसलिए ऐसी बेकार की बातें कर रहा है। उन्होंने जाने से मना कर दिया। बूढ़ा गिद्ध अकेला ही वहां से चला गया। कुछ महीने बाद बूढ़े गिद्ध ने टापू पर गए गिद्धों की खबर लेने की सोची और उड़ता-उड़ता उस टापू पर पहुंचा। टापू पर जाकर उसने देखा कि वहां का नजारा बदला हुआ था। जहां देखो, वहां गिद्धों की लाशें पड़ी थी। कई गिद्ध लहू-लुहान और घायल पड़े थे। एक घायल गिद्ध ने बताया कि आपके जाने के बाद एक दिन एक जहाज यहां आया और चीते छोड़ दिए गए। कुछ दिनों बाद जब उन्हें आभास हुआ कि हम उड़ना भूल चुके हैं। हमारे पंजे और नाखून इतने कमज़ोर पड़ गए हैं कि हम तो किसी पर हमला भी नहीं कर सकते और न ही अपना बचाव कर सकते हैं, तो उन्होंने हमें एक-एक कर मारकर खाना शुरू कर दिया। उनके ही कारण हमारा यह हाल है। शायद आपकी बात न मानने का फल हमें मिला है।

# सनातन की ओर परिवर्तित होता राष्ट्र अनंत ज्ञान की प्राप्ति की ओर

**कांग्रेस अमेठी से लेकर उत्तर भारत हारने के बाद दक्षिण भारत की ओर आकर्षित व प्रभावित हुई है लेकिन वहां पर भी कोई बहुत बड़े राजनीतिक व्यक्तित्व को स्थापित करने में असफल साबित हो रही है। केवल एक परिवार तक स्वयं को सीमित रखकर कांग्रेस विघटन की ओर बढ़ रही है। लगभग 130 साल से अधिक पुरानी राजनीतिक पार्टी की इतनी दुर्दशा पूरे विश्व की राजनीति को अचंभित करती है। वही दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की कार्य क्षमता व गति इस तरह बढ़ गई है। किसी समय संघ के पूर्णकालिक जिस प्रकार काम किया करते थे, आज भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता उसी गति से काम करता है और भाजपा ने अपने ही संगठन के भीतर प्रतिस्पर्धा उत्पन्न कर दी है। कौन सा मोर्चा कौन सा विभाग किस से बेहतर काम कर रहा है।**



विवेक शर्मा
सोलन
स्वतंत्र लेखक

**वर्तमान** परिवेश में भारत में घट रही घटनाओं पर अगर गौर किया जाए तो वह सब हो रहा है जो कलयुग की व्यवस्था से विपरीत है। विशेष कर जातियों, धर्म व पंथों में बंटे हुए लोकतंत्र में यह सब होना अचंभित भी करता है। बिना किसी दबाव या डर के यह परिवर्तन भारत को एक नई दिशा की ओर लेकर जा रहा है। विशेष कर वह पीढ़ी प्रभावित हो रही है जो एक दशक पूर्व भौतिकवाद की ओर आकर्षित होती हुई नजर आ रही थी। अब सनातन के आधुनिकीकरण की ओर आकर्षित हो रही है।

एक लोकतांत्रिक देश में राजनीतिक दलों की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है विचार, दशा, दिशा व पथ को निर्धारित करने में भारत के प्रमुख राजनीतिक दलों में भाजपा के अतिरिक्त अगर कोई दल भारत में पूर्णता दिखता है तो वह है कांग्रेस लेकिन निर्णय न लेने की क्षमता के कारण वह अपने आप को स्पष्ट नहीं कर पा रहा कि उसका राष्ट्र के प्रति क्या दृष्टिकोण है। भाजपा ने अपना दृष्टिकोण स्पष्टता से रखा है व समाज ने उसे स्वीकार भी किया है। विरोधी भी इस बात को मानते हैं कि भाजपा अपनी कार्यपद्धति को लेकर के पारदर्शी है।

वहीं कांग्रेस जिस प्रकार से अपनी बौद्धिक क्षमता खोती जा रही है और विचारकों से अभावग्रस्त होती जा रही है वह देश के हित में नहीं है। जो क्षेत्रीय दल कांग्रेस का विकल्प बनने का प्रयास कर रहे थे, वह भी आज स्पष्ट विचारधारा नहीं होने के कारण विलुप्त की ओर बढ़ रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में कांग्रेस जिस प्रकार से बौद्धिक क्षमता विहीन हुई है, वह अपने आप में एक बड़ा घटनाक्रम है कम्युनिस्टों की विचारधारा को भी कांग्रेस ने त्याग दिया स्वयं अपना व्यक्तित्व व अस्तित्व जनता के समक्ष रख नहीं पा रही है।

कांग्रेस अमेठी से लेकर उत्तर भारत हारने के बाद दक्षिण भारत की ओर आकर्षित व प्रभावित हुई है लेकिन वहां पर भी कोई बहुत बड़े राजनीतिक व्यक्तित्व को स्थापित करने में असफल साबित हो रही है। केवल एक परिवार तक स्वयं को सीमित रखकर कांग्रेस विघटन की ओर बढ़ रही है। लगभग 130 साल से अधिक पुरानी राजनीतिक पार्टी की इतनी दुर्दशा पूरे विश्व की राजनीति को अचंभित करती है। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की कार्य क्षमता व गति इस तरह बढ़ गई है। किसी समय संघ के पूर्णकालिक जिस प्रकार काम किया करते थे, आज भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता उसी गति से काम करता है और भाजपा ने अपने ही संगठन के भीतर प्रतिस्पर्धा उत्पन्न कर दी है। कौन सा मोर्चा कौन सा विभाग किस से बेहतर काम कर रहा है। कांग्रेस या अन्य क्षेत्रीय दल यह समझने में असहाय व असमर्थ हैं कि आखिर भाजपा की गति का मूल कारण क्या है। इस गति के कारण भाजपा के तटस्थ कार्यकर्ता भी इस भीड़ में दब जाते हैं। उन्हें भी उपयुक्त स्थान मिल जाता है। भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान हों या पूर्व अध्यक्ष हों, वे साधुवाद के पात्र हैं। प्रारंभिक तौर पर प्रधानमंत्री का एक वाक्य न खाऊंगा न खाने दूंगा, प्रसिद्ध हुआ था, जिसे राष्ट्र ने सम्मान दिया। आज भारतीय जनता पार्टी के भीतर कार्य गति को लेकर के स्थिति यह उत्पन्न हो गई है कि न सोऊंगा न सोने दूंगा। वहीं राजनीतिक विरोधी दलों को मालूम ही नहीं पड़ रहा कि हमने इस युद्ध में प्रवेश घोषणा कहां से करनी है।

राम मंदिर का निर्माण ने भारत के मध्यवर्गीय आयु के नागरिकों से लेकर के वरिष्ठ नागरिकों में राष्ट्र के प्रति सम्मान की उत्पत्ति की है। 370 का हटना, प्रवासी भारतीयों में भारत की क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने आप को गैरवत महसूस करने के लिए एक शक्ति स्वरूप व्यक्तित्व में उभरा है। तीन तलाक के विषय पर केवल भारत की मुस्लिम महिलाओं में भागीदारी व विश्वास की ही उत्पत्ति नहीं हुई अन्य मुस्लिम राष्ट्रों में भी इस पर चर्चा प्रारंभ हुई है। यहां तक कि पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर महिलाओं में यह एक चर्चा का प्रमुख केंद्र है। भारत को आस्था से जोड़ना राष्ट्रीयता को स्वाभिमान में परिवर्तित करना भारतीय जनता पार्टी की ऐसी उपलब्धियां हैं, जिन पर विरोधी पार्टियां न तो कटाक्ष कर पा रही हैं। न उसे अपना पा रहे हैं और इसी द्वंद से वह स्वयं एकल एकांत की तरफ बढ़ती जा रही है। यह राजनीतिक दृष्टिकोण से भाजपा के हित में है लेकिन लोकतंत्र के दृष्टिकोण से राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को विचार करना चाहिए। राष्ट्र का निर्माण सब की भागीदारी से होता है।

# क्या शिक्षा विभाग में बैकडोर व्यवस्था पर विराम नहीं लगेगा?



ब्लॉगर
लेखक
डॉ. रमेश शर्मा
पूर्व प्राचार्य हमीरपुर

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**हिमाचल** प्रदेश में अस्सी के दशक से विद्या उपासक के रूप में शिक्षा विभाग में अस्थायी तौर पर नियुक्तियों की शुरुआत हुई थी और तब से लेकर अब तक यह गंभीर से गंभीरतम होती जा रही है। अब यह क्रम रूटीन विषय बन कर रह गया है। इतना ही नहीं सभी विभागों में सभी सरकारें नए-नए स्वरूप में हालात को बद से बदतर बनाती आती रही हैं।

इस अस्थायी व्यवस्था को स्थायी होने के लिए न्यायालय, सरकार और यूनियनें लंबे समय तक अपनी ऊर्जा और समय का ह्रास करती हैं। व्यक्तिगत केस अलग से बढ़ते हैं। इस तरह की नियुक्तियां मापदंड को दरकिनार कर होती हैं, जिससे कार्यकुशलता तो प्रभावित होती ही है, युवा वर्ग में व्यापक असंतोष भी उभरता है। अनेक केसों में आरक्षण भी उपेक्षित रह जाता है। नई शिक्षा नीति के तहत विभिन्न स्तर पर हजारों पद भरे जाने आवश्यक हैं। जिन के लिए लोकसेवा आयोग जैसी एजेंसियां हैं। उनको बाईपास करते हुए नौकरी देना सरकारी अपराध है। इस प्रक्रिया पर विराम या अंकुश क्या कभी नहीं लगेगा। समान कार्य के लिए समान वेतन के आधार पर ऐसी व्यवस्था गैरकानूनी है। सभी जानते हैं। उसी पद पर कॉलेज में सरकारी वेतनमान लगभग एक लाख है। जहां औसतन बीस हजार रुपए मासिक और वह भी विशुद्ध अस्थायी नियुक्ति के रूप में होगी।

विद्या उपासक, एडहाक, टेन्यों, कांट्रैक्ट, पैरा टीचर्स, पीटीए, एसएमसी, पीरियड पर और अब गेस्ट फैकल्टी यह सूची केवल एक विभाग की है और एक ही बीमारी के अलग-अलग नाम हैं। मल्टी टास्क वर्कर्स आदि अनेक अन्य व्यवस्थाएं और भी हैं। केंद्र सहित कई राज्य सरकारें नियुक्ति की निश्चित प्रक्रिया का अनुसरण करती हैं जो कर्मचारी की कार्य निष्पादन शक्ति को बढ़ाती हैं, कानूनी लड़ाई और असंतोष को नियंत्रित रखती हैं तथा सामाजिक सुरक्षा प्रदान करती हैं। कोर्ट केस कम करती हैं। धरने और प्रदर्शन कम होते हैं। प्रस्तावित योजना कई मायनों में घातक है। बेरोजगार तो इसे अपनाकर अल्प कालीन संतोष की अनुभूति करेंगे और विकल्प भी क्या है, बाद में जो होगा देखा जाएगा। मूल प्रश्न है कि मूल वेतन और नियमानुसार नियुक्ति क्यों नहीं। कब और कैसे होगी, कभी होगी भी या नहीं। ये सरकारी दावपेंच कब तक चलेंगे। बैकडोर व्यवस्था पर विराम क्या कभी नहीं लगेगा। यदि साधनों की कमी है तो नियुक्ति चाहे थोड़ी हो लेकिन मेरिट और सम्मानजनक वेतनमान के बिना न हो। यूजीसी नेट और सेट पास अभ्यर्थी को सामान्य दिहाड़ीदार के पैसे से विद्यार्थी वर्ग कहां तक पहुंचाया जा सकता है। पिछली गलतियों के परिणाम सामने हैं और जो अब होंगी वे भी सामने आएंगे। शिक्षा नीति अपने में कुछ नहीं है छलावा मात्र है। इस प्रक्रिया पर पुनर्विचार आवश्यक है।

## आपका पत्र

**भारतीय** संस्कृति में वृक्षों एवं वन्यजीव प्राणियों की रक्षा करने एवं उनका संरक्षण करने के लिए सर्वस्व बलिदान करने का संदेश सदियों से हमें बताया जाता आ रहा है, पर आज भौतिकवाद की चकाचौंध में मानव कुदरत के साथ छेड़छाड़ करके न केवल खुद का जीवन संकट में डाल रहा है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी विरासत में प्रदूषण से भरा वातावरण दे रहा है। इस बरसात ने प्रदेश को करोड़ों का नुकसान दिया और कई जिंदगियां लील लीं। आपदा में सब कुछ गंवाने के बाद भले ही नदी-नालों को दोषी ठहरा दिया जाता हो, लेकिन इसके पीछे कहीं न कहीं मानव ही जिम्मेदार है।

नदी-नालों में अतिक्रमण कर हो रहे निर्माण पानी के बहाव का रास्ता रोकेंगे, तो जाहिर तौर पर कुदरत की नाराजगी भी तबाही की राह खोलेगी। सुरक्षित भविष्य के लिए हमें सुरक्षित प्रकृति के बारे में सोचना होगा। मानव को आत्ममंथन करना होगा कि कहीं वह विकास की अंधीदौड़ में विनाश की ओर तो नहीं बढ़ता जा रहा है, इसलिए जरूरी है कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में केवल चिंतन तक ही सीमित न रह कर धरातल स्तर पर प्रयास करने होंगे। अगर इंसान प्रकृति को लेकर सचेत नहीं हुआ तो मानव जीवन का अस्तित्व भी खतरे में आ सकता है। **-अविनाश**

## आपकी डायरी

आसमां और जमीं एक
सी जानी मैंने
उसकी तफसीर नहीं बदली
भले जांदे दी
राब्ता उतना रखा जितना
निभाया जा सका
दिल की तहरीर नहीं
बदली भले जां दे दी



शायर
कुलदीप गर्ग तरुण
अर्की, सोलन

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# वेस्टइंडीज हार की कगार पर

## ट्रेविस हेड के तूफानी शतक से ऑस्ट्रेलिया मजबूत

**एजेंसी, एडिलेड**

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के तहत एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच खेली जा रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में वेस्टइंडीज की टीम हार की कगार पर पहुंच चुकी है, क्योंकि दूसरी पारी में भी वेस्टइंडीज छह विकेट खो चुकी है। वेस्टइंडीज 22.5 ओवर में 73 रन ही बना सकी। वेस्टइंडीज अभी भी 22 रन पीछे है। इससे पहले टीम ने पहली पारी में 188 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 283 रन पर ऑलआउट कर दिया था। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई टीम की तरफ से दूसरे दिन के खेल में ट्रेविस हेड के बल्ले से तूफानी शतक निकला। उनके अलावा वेस्टइंडीज की तरफ डेब्यू मैच खेल रहे शमार जोसेफ ने गेंद से कहर बरपाते हुए पांच विकेट अपने नाम किए। वहीं, दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम की तरफ से जोश हेजलवुड ने चार विकेट ले लिए। दूसरे दिन के खेल खत्म होने तक वेस्टइंडीज से विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा नाबाद रहे। वह तीसरे दिन इस पारी को आगे बढ़ने का काम करेंगे।



ट्रेविस हेड ने दूसरे दिन के खेल में 134 गेंदों का सामना करते हुए 12 चौके और 3 छक्कों की मदद से 119 रन की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 88 का रहा। उनके अलावा उस्मान ख्वाजा ने 45 रन बनाए। अभी इस मुकाबले में दो ही दिन का खेल हुआ है, लेकिन वेस्टइंडीज की टीम ने घुटने टेक दिए हैं। पहले दो दिनों के खेल को देखें तो वेस्टइंडीज के लिए मैच में ज्यादा कुछ बाकी बचा नहीं है। तीसरे दिन मैच का नतीजा निकलने की पूरी संभावना है। दरअसल, इस टेस्ट मैच में गुरुवार को मैच का दूसरा दिन था। वेस्टइंडीज की टीम ने पहले दिन ही 188 रन पर अपने सभी विकेट खो दिए थे। दूसरे दिन शमर जोसेफ की शानदार गेंदबाजी की बदौलत कैरेबियाई



**22.5 ओवर में 73 रन ही बना सकी वेस्टइंडीज की टीम, अभी भी 22 रन पीछे**

टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 283 रन पर ढेर कर दिया। इस तरह ऑस्ट्रेलिया को 95 रनों की बढ़त मिली। दूसरे ही दिन वेस्टइंडीज की दूसरी पारी शुरू हो गई और दूसरे ओवर में ही टीम को पहला झटका लगा, जब तेज नारायण चंद्रपॉल पहली गेंद पर ही पवेलियन लौट गए। इससे टीम दबाव में आ गई, जिससे उबर ही नहीं पाई। वेस्टइंडीज की तरफ से डेब्यू कर रहे शामर जोसेफ ने गेंद से कहर बरपाते हुए कुल पांच विकेट हासिल कर लिए है। इस दौरान उनका इकॉनमी रेट 4.70 का रहा। उनके अलावा केमार रोच और जस्टिन ग्रीव्स को दो-दो सफलता मिली। पहले टेस्ट के पहले दिन के खेल में वेस्टइंडीज की टीम 188 रन पर सिमट गई।

# न्यूज़ीलैंड के क्रिकेटर हामिश रदरफोर्ड ने सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की

**एजेंसी, ओटागो**

न्यूजीलैंड और ओटागो के सलामी बल्लेबाज हामिश रदरफोर्ड अगले हफ्ते डुनेडिन में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के खिलाफ सुपर स्मैश मुकाबले में अपने पेशेवर करियर का आखिरी मैच खेलेंगे। रदरफोर्ड का करियर 2008 में शुरू हुआ था, जिसमें उन्होंने अब तक सभी प्रारूपों में 16,468 रन बनाए हैं। रदरफोर्ड ने अपने 130 प्रथम श्रेणी मैचों के हिस्से के रूप में 16 टेस्ट खेले और 2013 में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण पर 171 रन बनाए। उन्होंने 35.26 की औसत से 17 शतकों के साथ 7863 टेस्ट रन बनाए हैं।

उन्होंने केवल चार एकदिवसीय मैच खेले, लेकिन 127 लिस्ट ए गेम खेले, जिसमें उन्होंने प्रारूप में 13 शतकों के साथ 4326 रन बनाए, और 192 टी20 (आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय सहित) में 141.50 की स्ट्राइक रेट से 4279 रन बनाए। उन्होंने एक बयान में कहा, ओटागो के लिए खेलना और इस प्रतिष्ठित प्रांत का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा, न्यूजीलैंड के लिए खेलना हमेशा से एक सपना था, लेकिन क्रिकेट ने मुझे और मेरे परिवार को जो मौके दिए हैं, उसके लिए मैं आभारी हूं। मैंने इसका हर मिनट पसंद किया है। मैं परिवार और दोस्तों, साथी खिलाड़ियों, प्रांत के कोच और समर्थक से मिले समर्थन की सराहना करता हूं। रदरफोर्ड ओटागो के लिए सर्वाधिक टी20 खेलने के बाद संन्यास लेंगे; उन्होंने इस महीने की शुरुआत में नील ब्रूम का रिकॉर्ड तोड़ा। वह ब्रूम (348) और डेरेक डी बॉर्डर (292) के बाद ओटागो के लिए सभी प्रारूपों में तीसरे सबसे अधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ी के रूप में संन्यास लेंगे।

**16,468**
**रन बना चुके हैं रदरफोर्ड क्रिकेट के सभी प्रारूपों में अभी तक**



**23 जनवरी को हामिश को सम्मानित करेगा ओटागो**

**ओटागो** क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी माइक कॉगन ने कहा, हामिश को निस्संदेह ओटागो के महान खिलाड़ियों में से एक माना जाएगा। मैंने उन्हें ऐसी पारियां खेलते हुए देखा है जो बहुत कम अन्य क्रिकेटर करने में सक्षम हैं। वह पारी के शीर्ष पर एक बेहतरीन बल्लेबाज रहे हैं, और एक खिलाड़ी और व्यक्ति के रूप में मेरे लिए उनका अत्यंत सम्मान है। ओटागो क्रिकेट में उनका योगदान बहुत बड़ा रहा है। ओटागो क्रिकेट 23 जनवरी को रदरफोर्ड को उनके आखिरी मैच में सम्मानित करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### एजेड अल्कमार ने कोच जानसन को बर्खास्त किया, मार्टेंस को दी जिम्मेदारी

**द हेग।** डच फुटबॉल क्लब एजेड अल्कमार ने बुधवार को कोच पास्कल जानसन को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। अल्कमार में सहायक कोच मार्टेन मार्टेंस, सीज़न के अंत तक जानसन का स्थान लेंगे। 2009 में एक खिलाड़ी के रूप में एजेड के साथ राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने वाले 39 वर्षीय बेल्जियम के खिलाड़ी मार्टेंस ने पिछले दो सीज़न के लिए एजेड की दूसरी टीम को कोचिंग दी है। 2023 के अंत तक एजेड के निराशाजनक परिणामों और नए साल की कठिन शुरुआत के बाद यह बदलाव कोई आश्चर्य की बात नहीं थी। पिछले शनिवार को, एजेड ने इरेडिविसी सीज़न के दूसरे भाग की शुरुआत एफसी ट्वेंटे से 2-1 की हार के साथ की। एजेड अब इरेडिविसी में चौथे स्थान पर है, नंबर दो फेनोर्ड से छह अंक पीछे और नंबर तीन एफसी ट्वेंटे से चार अंक पीछे है। शीर्ष दो टीमें अगले सीज़न के चैंपियंस लीग ग्रुप चरण के लिए सीधे अर्हता प्राप्त करती हैं। जानसन ने दिसंबर 2020 में वर्तमान फेयेनोर्ड कोच अर्ने स्लॉट को एजेड कोच के रूप में प्रतिस्थापित किया। जानसन के निर्देशन में एजेड इरेडिविसी में तीसरे (2021), पांचवें (2022) और चौथे (2023) स्थान पर रहा। 2022-2023 सीज़न में, एजेड यूएफा कॉन्फ्रेंस लीग के सेमीफ़ाइनल तक पहुंच गया, लेकिन इस सीजन में एजेड कॉन्फ्रेंस लीग के ग्रुप चरण से बाहर हो गया।



### भारतीय खिलाड़ियों को ओलंपिक में कोई 'लॉजिस्टिकल' चुनौती नहीं मिलेगी : आईओए

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने वीरवार को बीते अनुभव से सीख लेने का दावा किया और कहा कि आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए कई व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि उन्हें बड़े टूर्नामेंट के दौरान 'लॉजिस्टिक' चुनौतियों का सामना नहीं करना पड़े। इन उपायों में खिलाड़ियों विशेषकर गोल्फरों की रहने की व्यवस्था शामिल है, जिन्हें प्रतिस्पर्धा स्थल के करीब ठहराया जाए। इनमें खेल गांव में भारतीय खिलाड़ियों की जरूरत के हिसाब से 'रिहैब' उपकरण लगाना और पेरिस जाने वाले खिलाड़ियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए विशेषज्ञों को रखना भी शामिल है। आईओए ने एक बयान में कहा कि पिछले अनुभवों से सीखते हुए और खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आईओए रणनीतिक उपाय लागू कर रहा है ताकि सुनिश्चित हो सके कि खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। अभी तक 17 निशानेबाजों सहित 49 खिलाड़ियों और पुरुष हॉकी टीम ने जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है।



# ईसीबी महिला हंड्रेड के वेतन में अतिरिक्त 800,000 पाउंड का करेगा निवेश

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विदेशी खिलाड़ियों को आकर्षित करने और टूर्नामेंट के लिंग वेतन अंतर को कम करने के लिए 2024 में महिला हंड्रेड के वेतन में अतिरिक्त 800,000 पाउंड का निवेश करेगा, जबकि पुरुषों का वेतन लगातार तीसरे सीज़न के लिए रोक दिया जाएगा।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, आठ महिला टीमों में से प्रत्येक के लिए वेतन सीमा 250,000 पाउंड से 350,000 पाउंड तक 40 प्रतिशत बढ़ जाएगी, शीर्ष तीन वेतन बैंड में 60 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इसका मतलब है कि प्रत्येक टीम में दो सबसे अधिक कमाई करने वाले 50,000 पाउंड कमाएंगे, जो 2023 में 31,250 पाउंड और 2021 में 15,000 पाउंड से अधिक है। भारत में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दी जाने वाली पेशकश की तुलना में महिलाओं की द हंड्रेड में वेतन अभी भी कम है, जहां स्मृति मंधाना 3.4 करोड़ रुपए ( 320,000 पाउंड) के साथ अग्रणी कमाई करने वाली हैं। लेकिन ईसीबी को उम्मीद है कि यह बढ़ोतरी 2024 में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आकर्षित करेगी, क्योंकि एश्ले गार्डनर और ताहलिया मैकग्राथ सहित कुछ प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने पिछली गर्मियों में हंड्रेड से बाहर होने का विकल्प चुना था। इस वर्ष हंड्रेड विंडो के दौरान आयरलैंड और श्रीलंका के अलावा सभी पूर्ण-सदस्यीय टीमों के लिए महिला भविष्य दौरा कार्यक्रम स्पष्ट है। सितंबर-अक्तूबर में होने वाले एशिया कप और टी20 विश्व कप के साथ, विदेशी खिलाड़ी हंड्रेड को उन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की तैयारी के अवसर के रूप में देख सकते हैं।

**भारत में महिला प्रीमियर लीग में दी जाने वाली पेशकश की तुलना में महिलाओं की द हंड्रेड में वेतन अभी भी कम है**

खिलाड़ियों के वेतन में निवेश से हंड्रेड के लिंग वेतन अंतर में भी कमी आएगी, महिला खिलाड़ियों को अब अपने पुरुष समकक्षों का औसतन 35 प्रतिशत भुगतान किया जाएगा, जबकि 2023 में यह 25 प्रतिशत था। इंडिपेंडेंट कमीशन फॉर इक्विटी इन क्रिकेट (आईसीईसी) की रिपोर्ट पिछली गर्मियों में इंग्लिश क्रिकेट ने 2025 तक हंड्रेड में समान वेतन का आह्वान किया था।

# सूर्यकुमार की जर्मनी में हुई सफल ग्रोइन सर्जरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने स्पोर्ट्स हर्निया के लिए 17 जनवरी को म्यूनिख में अपनी कमर की सर्जरी सफल सर्जरी कराई। दिसंबर में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टखने की चोट के बाद हाल के महीनों में यह उनकी दूसरी सर्जरी है।

सर्जरी के बाद एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, मैं अपने स्वास्थ्य के लिए उनकी चिंताओं और शुभकामनाओं के लिए सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं और मुझे आप सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैं बहुत जल्द वापस आऊंगा।



सूर्यकुमार टखने की सर्जरी के लिए पुनर्वास के लिए एक सप्ताह पहले तक बेंगलुरु में थे। कमर की सर्जरी के बाद फरवरी के मध्य में उनके पुनर्वास शुरू करने की संभावना है। उनके आईपीएल 2024 में एक्शन में लौटने की संभावना है, जो मार्च के तीसरे सप्ताह में शुरू होने वाला है। रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में सूर्यकुमार को दक्षिण अफ्रीका में तीन मैचों की सीरीज के लिए भारत का टी20ई कप्तान बनाया गया था। उन्होंने 12 दिसंबर को गकेबरहा में दूसरे टी20 में 36 गेंदों पर 56 रन और 14 दिसंबर को जोहान्सबर्ग में तीसरे टी20 में 56 गेंदों पर 100 रन बनाए।

# राजकुमार होंगे खेलो इंडिया यूथ में बास्केटबाल के तकनीकी अधिकारी

**अनंत ज्ञान, अर्की**

उपमंडल अर्की के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुमैहर के डीपीई राजकुमार पाल का चयन खेलो इंडिया यूथ गेम बास्केटबॉल में तकनीकी अधिकारी; टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में हुआ है। वे खेलो इंडिया यूथ गेम में तकनीकी निर्णायक की भूमिका में रहेंगे। छठी खेलो इंडिया यूथ गेम का आयोजन कोयंबटूर तमिलनाडु में 21 से 25 जनवरी तक किया जाएगा। यह आयोजन युवा सेवाएं एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के विकास के लिए किया जाता है। राजकुमार पाल बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के ए पैनल के रैफरी हैं। वह स्पेशल ओलंपिक विश्व खेलें दुबई 2019 में बास्केटबॉल कोच व स्पेशल ओलंपिक विश्व खेलें बर्लिन जर्मन 2023 में बास्केटबॉल मुख्य कोच के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं । खेलो इंडिया में तकनीकी अधिकारी के रूप में चयनित होने पर उनकी इस उपलब्धि के लिए राजकुमार पाल को स्थानीय विद्यालय के स्टाफ विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों व स्थानीय जनता ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।



## चीन में 14वीं शीतकालीन खेलें 17 फरवरी से

**बीजिंग।** चीन में 14वीं शीतकालीन खेलें 17 से 27 फरवरी तक आयोजित होंगी। गुरुवार को इसकी उलटी गिनती का 30वां दिन रहा। वर्तमान शीतकालीन खेल इतिहास में सबसे बड़े पैमाने, सबसे अधिक इवेंटों और उच्चतम मानक वाले खेल हैं।

प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता में स्केटिंग, स्कीइंग, कर्लिंग और आइस हॉकी सहित आठ प्रमुख इवेंटों के कुल 176 आइटम शामिल हैं। इनमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों की संख्या 3,700 से अधिक है। अब तक 38 इवेंटों की प्रतिस्पर्धा पूरी हो चुकी है। बर्फ खेल की प्रतिस्पर्धा भीतर मंगोलिया स्वायत्त प्रदेश के हुलुनपेअर स्थित बर्फ खेल प्रशिक्षण केंद्र में हुई।

# सुमित नागल दूसरे दौर में हुए बाहर बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी अगले राउंड में

**ऑस्ट्रेलिया ओपन 2024**

**एजेंसी, मेलबर्न**

भारत के सुमित नागल का शानदार सफर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में चीन के जुनचेंग शांग के हाथों वीरवार को मिली हार के साथ खत्म हो गया। नागल ने पहले दौर के मुकाबले में टॉप 30 में शामिल खिलाड़ी को पराजित किया था और वीवार को भी आक्रामक अंदाज में शुरुआत की, लेकिन वह दो घंटे 50 मिनट तक चले। मुकाबले में 18 साल के वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाले शांग से 2-6, 6-3, 7-5, 6-4 से हार गए। शांग ने तीसरे सेट के बाद से अच्छी सर्विस की और मैच में 'बैकहैंड बॉल्स' से परेशानी के बावजूद जीत हासिल की।

इसके बावजूद 26 वर्षीय नागल मेलबर्न पार्क से खुशनुमा याद के साथ बाहर होंगे क्योंकि हरियाणा के झज्जर के इस खिलाड़ी ने पहले क्वालीफायर से मुख्य ड्रा में जगह बनाई और फिर दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर बुबलिक पर जीत हासिल की। नागल को इस प्रदर्शन से 180,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब 95 लाख रुपए) मिलेंगे। वहीं युगल ड्रा में भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन ने शुरूआती सेट में 0-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैंस की स्थानीय टीम को पराजित किया। विजय सुंदर प्रशांत और अनिरूद्ध चंद्रशेखर की भारतीय जोड़ी को हंगरी के मार्टन फुक्सोविक्स और फैबियन मारोजसान की जोड़ी से 3-6, 4-6 से हार झेलनी पड़ी। एन श्रीराम बालाजी और रोमानिया के विक्टर व्लाड कोर्निया शुक्रवार को अपना अभियान इटली के माटियो अर्नाल्डी और आंद्रिया पेलेग्रिनो के खिलाफ शुरू करेंगे। नागल ने शुरू में चीन के खिलाड़ी को बेसलाइन में उलझाया और पहले गेम में ही फोरहैंड विनर से पहला ब्रेक प्वाइंट हासिल किया। उन्हें दूसरा मौका भी मिला जिसमें चीन के खिलाड़ी की बैकहैंड गलती से उन्होंने अंक हासिल किया।



# वैटर्न खिलाड़ियों ने फुटबाल मैच खेल नशे के बढ़ते प्रचलन पर की चोट

**सन्नी पुरी, गगरेट**

जिला ऊना की प्रतिष्ठित स्टार फुटबाल ट्रॉफी का मुख्य आकर्षण वैटर्न खिलाड़ियों द्वारा खेला गया मुकाबला रहा। युवाओं को नशे से दूर रहने के साथ खेल के प्रति आकर्षित करने का संदेश देने के लिए अपने जमाने के नामी फुटबाल प्लेयर जब मैदान में उतरे तो उनका जोश देखते ही बन रहा था। वैटर्न प्लेयर में छह बार हिमाचल का संतोष ट्रॉफी में बतौर कप्तान नेतृत्व कर चुके अनु दत्ता भी युवाओं को प्रेरित करने के लिए मैदान में उतरे और अपने बेहतरीन खेल से हर किसी को आकर्षित किया। वैटर्न मैच में वीनस क्लब व फुटबाल क्लब अंबोटा के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में पेनल्टी शूटआउट में वीनस क्लब मैच को अपने नाम करने में कामयाब रहा। संतोष ट्रॉफी में हिमाचल की तरफ से छह बार कप्तान रहे अनु दत्ता ने कहा कि खेलों से ही स्वस्थ समाज की परिकल्पना साकार की जा सकती है। स्टार फुटबाल ट्रॉफी में युवाओं को खेल के प्रति आकर्षित करने के लिए वे खिलाड़ी भी मैदान में उतरे जो उम्र का एक पड़ाव पार कर चुके हैं और अपने जमाने के फुटबाल के महारथी रहे हैं। इन खिलाड़ियों का मुकाबला इतना रोमांचक रहा कि कोई भी दर्शक मैदान छोड़कर जाने की हिम्मत नहीं दिखा पाया।



**कोपा डेल रे** | **कप्तान मिकेल ने 57वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल कर टीम को 1-0 से आगे कर दिया**

# रियल सोसिदाद, गिरोना, सेल्टा क्वार्टरफाइनल में

**एजेंसी, पैम्प्लोना, (स्पेन)**

रियल सोसिदाद ने बुधवार रात ओसासुना को 2-0 से हराकर कोपा डेल रे के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। रियल सोसिदाद के कप्तान मिकेल ओयारजाबल ने 57वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद इंजुरी टाइम के छठे मिनट में मिकेल मेरिनो ने टीम के लिए दूसरा गोल करते हुए रियल सोसिदाद की जीत सुनिश्चित कर दी। अन्य मुकाबलों में, ला लीगा के लीडर गिरोना ने क्लब के इतिहास में दूसरी बार क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। गिरोना के लिए क्रिस्टियन स्टौनी ने 15वें और 19 मिनट में (पेनल्टी स्पॉट से दूसरा) गोल कर टीम को 2-0 से आगे कर दिया। मैच के 26वें मिनट में डेली ब्लाइंड ने गिरोना के लिए तीसरा गोल किया।





हालांकि मैच के 36वें मिनट में रैंडी नटेका ने रेयो वैलेकेनो के लिए एकमात्र गोल किया और स्कोर 3-1 हो गया। अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ और गिरोना ने 3-1 से जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में सेल्टा विगो ने मेस्टल्ला स्टेडियम में वालेंसिया को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

सेल्टा विगो के लिए ग्रीक स्ट्राइकर अनास्तासियोस डोउविकस ने दो और लुका डे ला टोरे ने एक गोल किया, वेलेंसिया के लिए एकमात्र गोल पेपेलु ने किया। मंगलवार को, एथलेटिक बिलबाओ ने एलेव्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2-0 से जीत हासिल की, सेविला ने गेटाफे के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की और मल्लोर्का ने टेनेरिफ को 1-0 से हरा दिया।

## भारत में सीरीज जीतने के लिए प्रशंसक बनाओ : स्टीवन फिन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज से कमेंटेटर बने स्टीवन फिन का मानना है कि अगर इंग्लैंड को भारत में 2012 में मिली जीत के प्रदर्शन को दोहराना है तो उसके आईपीएल सुपरस्टार खिलाड़ियों को रोमांचकारी प्रदर्शन करके अपने प्रशंसक बनाने होंगे। भारत ने 13 साल पहले इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला 1-2 से गंवा दी थी और फिन इस श्रृंखला में खेले थे। भारत ने तब से 16 घरेलू श्रृंखलायें जीती हैं।

फिन ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' से कहा कि मुझे लगता है कि इंग्लैंड को अपने कुछ खिलाड़ियों के आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के 'सुपरस्टारडम' का फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा, "केविन पीटरसन को छोड़कर उस 2012 की टीम में खिलाड़ी भारत में वास्तव में 'सुपरस्टार' नहीं थे।

## प्राइवेट कोचिंग सेंटर्स के लिए शिक्षा मंत्रालय ने गाइडलाइंस की जारी, उल्लंघन करने पर होगा जुर्माना

# 16 साल से कम उम्र के बच्चों को एडमिशन नहीं, कोर्स छोड़ने पर लौटानी होगी फीस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

शिक्षा मंत्रालय ने देशभर के कोचिंग संस्थानों के लिए गाइडलाइन जारी की हैं। इसके तहत अब कोचिंग संस्थान 16 साल से कम उम्र के बच्चों को एडमिशन नहीं दे सकेंगे। अगर कोई छात्र पूरे कोर्स की फीस देता है और बीच में ही कोर्स छोड़ कर जाता है। तो ऐसे में कोचिंग संस्थान को बचे हुए कोर्स की फीस उसे वापस करनी पड़ेगी। इसके अलावा भ्रामक वादे करना और अच्छे नंबरों की गारंटी देने पर भी पाबंदी लगा दी गई है।

यह गाइडलाइंस 12वीं के बाद जेईई, नीट, सीएलएटी जैसे एंट्रेंस एग्जाम और सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली कोचिंग सेंटर्स के लिए बनाई गई हैं। स्टूडेंट्स की आत्महत्या के बढ़ते मामलों, क्लासेज में आग की घटनाओं और कोचिंग सेंटर्स में सुविधाओं की कमी को देखते हुए शिक्षा मंत्रालय ने यह गाइडलाइंस जारी की हैं। जो भी कोचिंग संस्थान प्रोफेशनल कोर्स की ट्रेनिंग देता है। अब उसे सरकार के अंतर्गत खुद को रजिस्टर करवाना होगा। रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन का कोचिंग सेंटर 2024 के तहत बनाई गई गाइडलाइंस को केंद्र सरकार द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को भेज दिया गया है ताकि वह उन्हें लागू करवाएं। इसी के साथ कोचिंग सेंटर्स को अपने साथ अनुभवी साइकोलॉजिस्ट, साइकोथैरेपिस्ट और काउंसलर्स को भी शामिल करने का करने के लिए कहा गया है।

कोचिंग सेंटर के लिए बनाई गई नई गाइडलाइंस के अनुसार कोई भी कोचिंग सेंटर 16 साल से कम उम्र के छात्र को एडमिशन नहीं दे सकेगा। इसके साथ ही ट्यूटर्स की शैक्षिक योग्यताओं को भी ध्यान में रखना होगा साथ ही कोचिंग सेंटर के स्थान पर एक स्क्वायर मीटर एक स्टूडेंट के लिए जगह देनी होगी।

जानकारी दे दें कि साल 2017 में शीर्ष अदालत ने इसे नीतिगत मुद्दा बताते हुए इस मुद्दे पर एक जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। निजी कोचिंग सेंटर्स को विनियमित करने के लिए एक दिशा-निर्देश विकसित करने पर मंत्रालय में विचार-विमर्श शुरू हुआ। अप्रैल में, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को नियम तोड़ने वाले संस्थानों के लिए नियमन और सख्त दंड व्यवस्था के लिए कार्रवाई करने को कहा गया था।



### पहली बार उल्लंघन पर 25000 फाइन

**इसके** साथ ही केंद्र सरकार ने सख्त आदेश जारी करते हुए यह भी कहा है कि अगर कोचिंग सेंटर इन गाइडलाइंस को फॉलो नहीं करता तो पहली बार के उल्लंघन पर 25000 का फाइन लगाया जाएगा। वहीं दूसरी बार अगर उल्लंघन किया जाता है तो एक लाख का जुर्माना लगाया जाएगा। वही गाइडलाइंस में सबसे जरूरी बात जो कही गई है। वह फीस को लेकर कही गई है। अगर कोई छात्र पूरे कोर्स की फीस देता है और बीच में ही कोर्स छोड़ कर जाता है। तो ऐसे में कोचिंग संस्थान को बचे हुए कोर्स की फीस उसे वापस करनी पड़ेगी। जिसमें हॉस्टल और मेस फीस भी शामिल होगी।

### क्या कहती हैं नई गाइडलाइंस

केंद्र सरकार द्वारा तय की गई गाइडलाइंस में कुछ बातों पर खास तौर पर जोर दिया गया है। गाइडलाइंस में कहा गया है कि छात्रों पर कंपटीशन का बहुत दबाव होता है। इसीलिए कोचिंग सेंटर अब छात्रों की मानसिक स्थिति को भी ध्यान में रखने के लिए कदम उठाएंगे। उन पर ज्यादा प्रेशर नहीं डाला जाएगा। इसके साथ ही अगर कोई छात्र तनाव की स्थिति में है और उसे सहायता की जरूरत है तो ऐसे में कोचिंग सेंटर को पहले से ही ऐसी व्यवस्था करके चलनी होगी, जिससे उस छात्र को मदद मिल सके।

### उपसचिव ने दिया आदेश

शिक्षा मंत्रालय के हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट के उप सचिव देवेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा जारी रिपोर्ट को आगे भेजते हुए पत्र में कहा गया है कि देश में अनियमित निजी कोचिंग सेंटरों की संख्या किसी भी नियम के अभाव में बढ़ती जा रही है। ऐसे सेंटर्स द्वारा छात्रों से अत्यधिक फीस वसूलने, छात्रों पर अनुचित तनाव के कारण छात्रों द्वारा आत्महत्या करने, आग और अन्य दुर्घटनाओं के कारण बहुमूल्य जीवन का नुकसान, और इन सेंटर्स द्वारा अपनाई जाने वाली कई अन्य कदाचार की घटनाएं मीडिया में रिपोर्ट की गई हैं।

## वर्ल्ड न्यूज

### चुनाव अधिकारी हुए बीमार चंडीगढ़ मेयर चुनाव टला

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ के नगर निगम मेयर का चुनाव टाल दिया गया है। चुनाव टलने की वजह चुनाव अधिकारी अनिल मसीह का बीमार होना बताया जा रहा है। इस बारे में चंडीगढ़ के सभी पार्षदों को व्हाट्सऐप के जरिए मैसेज भेजा गया था। चुनाव टलने की जानकारी मिलते ही निगम दफ्तर के बाहर कांग्रेस और आप के पार्षदों और समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। चुनाव प्रक्रिया 11 बजे शुरू होनी थी लेकिन किसी भी पार्षद को नगर निगम के बिल्डिंग के अंदर जाने नहीं दिया गया।

### चीन में 14वीं शीतकालीन खेलें 17 फरवरी से होंगी शुरू

**बीजिंग।** चीन में 14वीं शीतकालीन खेलें 17 से 27 फरवरी तक आयोजित होंगी। वीरवार को इसकी उलटी गिनती का 30वां दिन रहा। वर्तमान शीतकालीन खेल इतिहास में सबसे बड़े पैमाने, सबसे अधिक इवेंटों और उच्चतम मानक वाले खेल हैं। प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता में स्केटिंग, स्कीइंग, कर्लिंग और आइस हॉकी सहित आठ प्रमुख इवेंटों के कुल 176 आइटम शामिल हैं। इनमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों की संख्या 3,700 से अधिक है। अब तक 38 इवेंटों की प्रतिस्पर्धा पूरी हो चुकी है। बर्फ खेल की प्रतिस्पर्धा भीतर मंगोलिया स्वायत्त प्रदेश के हुलुनपेअर स्थित बर्फ खेल प्रशिक्षण केंद्र में हुई।

### सेंसेक्स 313 अंक गिरकर 71,186 पर बंद, निफ्टी 109 अंक नीचे

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में आज यानी 18 जनवरी को लगातार तीसरे दिन गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 313 अंक की गिरावट के साथ 71,186 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 109 अंक की गिरावट देखने को मिली। यह 21,462 के लेवल पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में गिरावट और 14 में तेजी देखने को मिली है। पावर, आईटी और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। एनटीपीसी और एचडीएफसी के शेयर में तीन प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है।

### भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सिंगापुर के भारतीय मूल के मंत्री ने दिया इस्तीफा

**सिंगापुर।** सिंगापुर के भारतीय मूल के परिवहन मंत्री एस ईश्वरन ने भ्रष्टाचार की जांच में अपराधों के 27 आरोपों का सामना करने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। द स्ट्रेट्स टाइम्स ने वीरवार को बताया कि 61 वर्षीय मंत्री, जिन्हें पिछले साल 11 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था और एसजी 800,000 सिंगापुरी डॉलर की जमानत पर रिहा किया गया था, ने सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी के सांसद के रूप में भी इस्तीफा दे दिया।

## मैं आबकारी नीति मामले में आरोपी नहीं तो मुझे समन क्यों किया : केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आम आदमी पार्टी (आप) ने वीरवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जवाब देते हुए पूछा है कि यदि वह आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में आरोपी नहीं हैं तो उन्हें समन क्यों जारी किया गया। ईडी ने केजरीवाल को पिछले सप्ताह चौथी बार समन जारी किया था और वीरवार को एजेंसी के समक्ष पेश होने को कहा है। आप ने आरोप लगाया कि भाजपा चाहती है कि केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाए ताकि वह आगामी लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार न कर सकें। आप ने कहा कि ऐसा उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने से रोकने के वास्ते किया जा रहा है। ईडी का ही कहना है कि केजरीवाल आरोपी नहीं हैं, तो फिर उन्हें समन क्यों जारी किया गया। आम आदमी पार्टी ने यह भी कहा कि उनके नेता भ्रष्टाचार में शामिल नहीं हैं और वे कभी भी भाजपा में शामिल नहीं होंगे।

## मशहूर एक्ट्रेस अक्षरा सिंह पर हमला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भोजपुरी कला जगत की लोकप्रिय अभिनेत्री अक्षरा सिंह के बारे में बड़ी जानकारी सामने आई है। बिहार के औरंगाबाद में एक कार्यक्रम में गई अक्षरा पर लोगों ने पथराव कर हमला कर दिया। इस हमले में अक्षरा बाल-बाल बच गईं। हालांकि, उनकी सुरक्षा कर रहा एक पुलिसकर्मी घायल हो गया है। अक्षरा 17 जनवरी को एक शोरूम का उद्घाटन करने औरंगाबाद के दाऊदनगर गई थीं। कार्यक्रम में देर से पहुंचने पर अक्षरा के प्रशंसक काफी नाराज हुए। इतना ही नहीं उनके साथ सेल्फी लेने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई। इसी भीड़ में गुस्साए प्रशंसकों ने एक-दूसरे को धक्का देते हुए पथराव शुरू कर दिया।

दरअसल, अक्षरा की फ्लाइट देर से पहुंची और उन्हें कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने में भी देर हो गई, जिसके चलते फैंस में पहले से ही नाराजगी थी। इस दौरान उनके साथ सेल्फी और फोटो लेने के लिए फैंस का हुजूम उमड़ पड़ा। भीड़ बेकाबू होने के कारण इतनी बड़ी भीड़ को नियंत्रित करना मुश्किल हो गया। प्रशंसकों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इस धक्का-मुक्की के कारण कुछ प्रशंसक घायल हो गए। इतना ही नहीं, घायल हुए फैंस ने गुस्से में अक्षरा पर ही हमला कर दिया। उन्होंने उस पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस ने अक्षरा की सुरक्षा की और उन्हें कहीं चोट नहीं आने दी। इस बीच, हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया और उसका इलाज दाऊदनगर के सरकारी उप-विभागीय अस्पताल में किया गया।

**बिहार के औरंगाबाद में एक कार्यक्रम में हुआ हमला, पुलिसकर्मी भी घायल**



# भक्ति के सागर में डूबी रामनगरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राम मंदिर की भव्यता और सुंदरता की वीरवार को कुछ खूबसूरत और भवन्य तस्वीरें सामने आई हैं। 22 जनवरी को अयोध्या स्थित राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। भगवान राम की मूर्ति को मंदिर के गर्भगृह में रख दिया गया है। नई तस्वीरों में मंदिर के बाहर की भव्यता दिखाई दे रही है। रामनगरी बुधवार को भक्ति के सागर में डूबती-उतराती रही। प्राण प्रतिष्ठा की शुभ तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, उल्लास बढ़ता जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान भी शुरू हो गए हैं। 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर चल रही है।





### अचल मूर्ति की एक झलक पाने के लिए बेताब रहे अयोध्यावासी

बुधवार को रामलला की अचल मूर्ति को परिसर में पहुंचा दिया गया है। यह वही रामलला हैं जो 23 जनवरी से नए मंदिर में दुनिया भर के भक्तों को दर्शन देंगे। रामलला की अचल मूर्ति की एक झलक पाने को लेकर अयोध्यावासी दिन भर बेताब रहे, उत्साहित रहे।



### 'राम के दो निवास खास, दिवस ओरछा रहत, शयन अयोध्या वास'



**भोपाल।** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण शुरू होने से देश-दुनिया के साथ मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड की अयोध्या कहे जाने वाले ओरछा में विशेष उल्लास है। इसकी वजह है कि करीब 600 साल पहले यहां भी अयोध्या से आए प्रभु राम के लिए भव्य मंदिर बनवाया गया था। कहते हैं कि भगवान राम स्वयं यहां की महारानी कुंवरि गणेश की गोद में आए थे। हालांकि उनके लिए बनवाए गए भव्य मंदिर में न विराजकर भगवान उनकी रसोई में ही विराज गए थे। भगवान के लिए बनवाया गया मंदिर आज भी सूना है। कहा जाता है कि भगवान राम दिन के समय तो ओरछा में रहते हैं, लेकिन रात के समय अयोध्या चले जाते हैं। तभी से बुंदेलखंड में कहा जाता है 'राम के दो निवास खास, दिवस ओरछा रहत, शयन अयोध्या वास।' यहां राजा श्रीराम का शासन चलता है। मंदिर के पुजारी बताते हैं कि प्रतिदिन रात में ब्यारी (संध्या) की आरती होने के बाद ज्योति निकलती है, जो कीर्तन मंडली के साथ पास ही स्थित पाताली हनुमान मंदिर ले जाई जाती है। मान्यता है कि ज्योति के रूप में भगवान श्रीराम को हनुमान मंदिर ले जाया जाता है, जहां से हनुमान जी शयन के लिए भगवान श्रीराम को अयोध्या ले जाते हैं।

### विदेशों तक चलते थे राम नाम के डाक टिकट और सिक्के : शैलेंद



**अयोध्या।** कौशल्या नंदन राम भारतीय संस्कृति और लोक स्मृतियों में बसे हुए हैं। देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी भगवान श्रीराम पर डाक टिकट व सिक्के चले हैं। डाक टिकट व सिक्का संग्रहकर्ता शैलेंद्र सराफ के संग्रह में भगवान राम से जुड़े दुर्लभ डाक टिकट व सिक्के आज भी संग्रहीत हैं।

नेपाल सरकार ने भी प्रभु श्रीराम व माता सीता पर 15 पैसे कीमत का डाक टिकट जारी किया था। यह टिकट रामनवमी के अवसर पर नेपाल सरकार ने संवत 2024 में जारी किया था। नेपाल सरकार ने राजा जनक पर भी एक डाक टिकट जारी किया था, वह भी शैलेंद्र के संग्रह में है। इसके साथ ही हाथरस में रामलीला के अवसर जारी डाक टिकट और रसीद रजिस्ट्री पार्सल, जो कि अब आजाद भारत में बंद कर दी गई थी, वह भी उनके पास है। सूर्य वंशी भगवान राम के सूर्य देवता पर जारी डाक टिकट के अलावा कई ऐसे डाक टिकट व सिक्के उनके संग्रह में हैं, जो यमन, इंडोनेशिया, भूटान में भगवान श्रीराम पर जारी जारी किए गए थे।

### 31 सालों से फल खाकर जिंदा है झमेली बाबा अब करेंगे अन्न ग्रहण



**अयोध्या।** बाबरी मस्जिद के गुम्बद पर चढ़कर तोड़ने के बाद सात दिसंबर 1992 को उन्होंने संकल्प लिया था कि मंदिर निर्माण होने तक वो सिर्फ फलहार कर रहेंगे। जिस दिन मंदिर का निर्माण होगा और राम लला विराजमान होंगे, उस दिन अन्न ग्रहण करेंगे। विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर दरभंगा से लगभग ढाई सौ कारसेवक के साथ अयोध्या के लिए निकले थे।

अयोध्या पहुंचने पर विश्व हिंदू परिषद के बिहार प्रांत के अध्यक्ष महादेव प्रसाद जायसवाल, बेलागंज के अशोक साह, गजेंद्र चौधरी, गुदरी बाजार के शंभू साह किसी तरह से परिसर में प्रवेश कर गए। इस बीच परिसर के बाहर एक लोहे का पाइप मिला। जिसके सहारे विवादित ढांचे को गिराने में जुट गए। सैकड़ों की संख्या में शिव सैनिक भी जुटे थे, जैसे ही गुम्बद गिरा और ढांचा धराशायी हो गया।

## सुखपाल खैहरा को राहत

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जमानत रद्द करने वाली पंजाब सरकार की याचिका



**नई दिल्ली।** कांग्रेसी विधायक सुखपाल सिंह खैहरा की जमानत के मामले में पंजाब सरकार को झटका लगा है। खैहरा की जमानत रद्द करने के खिलाफ पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। आज सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि आरोप बहुत गंभीर हैं, लेकिन, तथ्यों और परिस्थितियों में हम सहमत नहीं हैं। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के आवेदन को खारिज कर दिया।

दरअसल सुखपाल खैहरा को 2015 के एक पुराने ड्रग केस में जांच चल रही थी। इसमें डीआइजी की अगुआई में बनी सिट की रिपोर्ट के आधार पर उनकी गिरफ्तारी हुई थी। वह 28 सितंबर 2023 से जेल में बंद थे। इस मामले में माननीय हाई कोर्ट ने चार जनवरी 2024 को सुखपाल खैरा की जमानत मंजूर कर ली थी लेकिन उसी दिन सुबह लगभग 3:00 बजे कपूरथला के सुभानपुर थाने में उनके खिलाफ एक एफआईआर दर्ज हुई, जिसमें कपूरथला पुलिस ने उन्हें नापा जेल से गिरफ्तार कर दिया था। माननीय हाई कोर्ट से एनडीपीएस एक्ट के मामले में मिली जमानत को रद्द करवाने के लिए पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची है।

## किसी भी तरह की समुद्री डकैती नहीं होने देंगे

- नौ सेना चीफ एडमिरल हरि कुमार ने दिया स्पष्ट मैसेज
- कहा-2008 से चला रहे समुद्री डकैती विरोधी अभियान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



लाल सागर में संदिग्ध हूती विद्रोहियों की ओर से हाल के ड्रोन हमलों और भारतीय तट रेखा के साथ पाकिस्तानी जहाजों की तैनाती के बीच, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने वीरवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने सख्त शब्दों में कहा कि नौसेना का काम यह सुनिश्चित करना है कि हम भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करें, और उन्हें बढ़ावा दें। नौसेना प्रमुख ने कहा कि हम किसी भी तरह की समुद्री डकैती को होने नहीं देंगे।

वीरवार को मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, नौसेना प्रमुख ने कहा कि पिछले साल के अंत तक भारतीय जल में समुद्री डकैती की घटनाएं लगभग शून्य हो गई थीं। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारे राष्ट्रीय हितों की रक्षा हो। हमारे पास हमारी तैनाती है। हमने हिंद महासागर क्षेत्र में 2008 से समुद्री डकैती रोधी अभियानों सहित कई अभियान चलाए हैं। अगर हम 2008 से देखें, तो हमने समुद्री डकैती का मुकाबला करने के लिए 106 जहाजों को तैनात किया है। नौसेना का काम यह सुनिश्चित करना है कि हम भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करें।

### अन्य साझेदारों के साथ मिलकर कर रहे काम

एडमिरल हरि कुमार ने आगे कहा कि भारतीय नौसेना जल को सुरक्षित रखने के लिए क्षेत्र में अन्य भागीदारों के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा, 'बहुत सारी अशांति हो रही है लेकिन भारत के झंडे वाले किसी भी व्यापारिक जहाज पर कोई हमला नहीं हुआ है। पिछली बार बड़ी संख्या में भारतीय चालक दल को ले जा रहे जहाज पर समुद्री डाकुओं का हमला हुआ था। हमने इसका तुरंत जवाब दिया और अपने सैनिकों को तैनात कर दिया। हम इस क्षेत्र में अन्य भागीदारों के साथ काम कर रहे हैं। कई भागीदार यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि प्रशांत मुक्त, खुला, समावेशी, नियम-आधारित, सुरक्षित और सुरक्षित हो। हम अपने सभी भागीदारों, यहां तक कि क्षेत्र के छोटे देशों के साथ भी सहयोग करेंगे।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष :** आज आप पर तनाव व चिंता हावी रहेगी। आप अपने प्रोफेशन में परिवर्तन की कामना करेंगे। पढ़ाई में रुचि की कमी रहेगी। पैरों में दर्द की वजह से अस्त-व्यस्त रहेंगे।

**वृषभ :** अपने व्यवसाय को लेकर यात्रा होगी। प्रोजेक्ट के लिए नए साझेदार मिलेंगे। घर के किसी सदस्य की चिंता रहेगी। अस्वस्थता रहेगी। बकाया वसूली होगी। यात्रा लाभकारी रहेगी।

**मिथुन :** रोज नई योजना बनती है पर चालू एक नहीं होती। परिवार में पूछ परख कम होगी। पिता के साथ आजकल अच्छी घुल-मिल रही है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। भय, चिंता तथा तनाव का माहौल खत्म होगा।

**कर्क :** आज का दिन महत्वपूर्ण है। नए लोगों से संभल कर मित्रता करें। किसी देव स्थान का भ्रमण संभव है। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। विवाद से बचें।

**सिंह:** दिन की शुरुआत में आलस हावी रहेगा। संतों का सान्निध्य मिलेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से बचें। अतिविश्वास हानिकर सिद्ध होगा।

**कन्या :** किसी भी कीमत पर झुकना आप को पसंद नहीं है। वैवाहिक यात्रा सफल रहेगी। गृहस्थ सुख मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कार्य में बाधा संभव है। मकान बदलने से लाभ होगा।

**तुला :** अपने करियर को लेकर आप ईमानदार नहीं हैं। संभल जाएं। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं जो लाभ देंगे। कार्यस्थल में उन्नति होगी। निवेश आदि लाभदायक रहेंगे। थकान होगी।

**वृष्चिक:** समय के परिवर्तन से राहत महसूस करेंगे। विद्यार्थी वर्ग सफल रहेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। अनाज में निवेश शुभ रहेगा। सोच-विचार कर व्यापार करें अन्यथा अचानक हानि संभावित है।

**धनु:** आप के हौसले से ही आप उन्नति करेंगे। नए वस्त्र की प्राप्ति संभव है। माता-पिता को अस्वस्थता रहेगी। आपसी विवाद न करें। शुभ समाचार मिल सकता है। नौकरी में प्रयास अधिक करना पड़ेगा।

**मकर:** कार्यस्थल पर अधिकारियों से विवाद होंगे। आपकी गलती के कारण बने बनाय काम बिगड़ सकते हैं। बातचीत से काम बन जाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धनलाभ होगा। अपने अधिकारों का गलत प्रयोग न करें।

**कुंभ :** बड़ों की बात भी मान लेनी चाहिए। पुराने मित्र-संबंधी से मुलाकात आज संभव है। मित्रों से शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मसम्मान बढ़ेगा। आज कहीं से पुराना फंसा हुआ पैसा मिलने के चांस बनेंगे।

**मीन :** आज किसी से भी विवाद न करें। अपने अधिकारों का गलत प्रयोग न करें। यात्रा लाभकारी रहेगी। आपकी मेहनत से उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। निवेश आदि कार्य में सफल होंगे।

## आज का पंचांग

(19 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **तिथि** : नवमी 07:54 रात्रि तक, **नक्षत्र :** भरणी (02:51 रात्रि तक), **पक्ष :** शुक्ल, **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:10-12:53 रात्रि तक)
**राहुकाल :** 11:12-12:31 दोपहर तक।

### विशेष दिन

19 जनवरी 1966 को तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मौत के बाद इंदिरा गांधी को भारत का प्रधानमंत्री बनाया गया।

सूर्योदय : 07:14
सूर्यास्त : 05:49

**कार्यक्रम** नागरिक विमानन सम्मेलन और प्रदर्शनी 'विंग्स इंडिया 2024' के उद्घाटन सत्र में बोले मंत्री सिंधिया

# यात्रियों की संख्या 2030 तक 30 करोड़ होने की उम्मीद

**एजेंसी, हैदराबाद**

केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वीरवार को कहा कि भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक बढ़कर सालाना 30 करोड़ होने की उम्मीद है। यह आंकड़ा 2023 में 15.3 करोड़ था।

सिंधिया ने यहां नागरिक विमानन सम्मेलन और प्रदर्शनी 'विंग्स इंडिया 2024' के उद्घाटन सत्र में कहा कि देश में हवाई अड्डों और बंदरगाहों की संख्या मौजूदा 149 से बढ़कर 200 से अधिक हो जाएगी।

वर्ष 2030 तक सालाना 30 करोड़ यात्रियों के साथ भारत में विमानन पहुंच दस से 15 प्रतिशत होगी। इस तरह यहां वृद्धि की गुंजाइश आगे भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में घरेलू हवाई यात्री यातायात में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 6.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवसर पर केंद्रीय नागरिक विमानन राज्य मंत्री जनरल वी के सिंह और तेलंगाना सरकार के मंत्री वेंकट रेड्डी भी मौजूद थे।

### भारतीय एयरलाइन्स कंपनियों ने एक साल में 1120 विमानों का दिया ऑर्डर



### अकासा में दिया 150 नए विमानों का ऑर्डर

**दूसरी** तरफ, अकासा एयर ने वीरवार को 150 विमान का ऑर्डर देने की घोषणा की। इसके साथ ही तीन भारतीय विमानन कंपनियों ने मिलकर एक साल के भीतर कुल 1,120 विमानों का ऑर्डर दिया है। दो साल से भी कम पुरानी अकासा एयर ने 150 बोइंग 737 मैक्स विमानों के लिए पुष्ट ऑर्डर दिया है। इसमें 737 मैक्स-दस और 737 मैक्स 8-200 विमान शामिल हैं।

### टाटा में दिया 470 विमानों का ऑर्डर

**टाटा** समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने पिछले साल फरवरी में 470 विमानों का ऑर्डर दिया था। इसमें 250 विमानों का ऑर्डर एयरबस को और 220 विमानों का ऑर्डर बोइंग को मिला। इसके बाद जून में, देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने एयरबस के साथ 500 विमान खरीदने के लिए समझौता किया। पिछले साल फरवरी से अकासा एयर, एयर इंडिया और इंडिगो ने मिलकर 1,120 विमानों का ऑर्डर दिया है।